सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-242 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 23 फरवरी 2025
24 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# केंद्र-किसानों की छठे दौर की वार्ता बेनतीजा

## अब अगली मीटिंग 19 मार्च को, केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले, बैठक अच्छे माहौल में हुई

- बैठक एमएसपी की कानूनी गारंटी के आसपास केंद्रित थी
- हमें पूरी उम्मीद, समाधान निकलेगा : पंधेर



**चंडीगढ़।** फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के प्रतिनिधिमंडल और केंद्र सरकार के बीच शनिवार को चंडीगढ़ में हुई छठे दौर की बैठक भी बेनतीजा रही। बैठक करीब ढाई घंटे चली, लेकिन इसमें कोई समाधान नहीं निकला। अब अगली बैठक 19 मार्च को होगी।

बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बैठक अच्छे माहौल में हुई। कुछ आंकड़े मांगे गए हैं। किसानों के पास अपने आंकड़े हैं और केंद्र सरकार के पास अपना डेटा है। दोनों आंकड़ों को मिलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील की। डल्लेवाल ने उनसे कहा कि जब तक सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी नहीं मिलती अनशन खत्म नहीं होगा। डल्लेवाल खनौरी बॉर्डर से एंबुलेंस में पहुंचे थे। पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, वित्त मंत्री हरपाल चीमा और लाल चंद कटारूचक्क मौजूद थे। किसानों की तरफ से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रमुख जगजीत सिंह डल्लेवाल व किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर की अगुआई में 28 किसान नेता शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान मीटिंग में आते ही जगजीत सिंह डल्लेवाल के पास पहुंचे। उन्होंने झुककर कुर्सी पर बैठे डल्लेवाल से उनकी सेहत के बारे में पूछा। इसके बाद वह दूसरे किसान नेताओं से मिले। वहीं, किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि हमने एक बार फिर वही मांगें केंद्र के सामने रखी हैं, जो पहले रखी थी।


### किसानों की नई मांगें

किसान नेताओं ने बैठक में यह भी मांग की कि देश में दालों की खेती को बढ़ावा दिया जाए और इसके लिए एमएसपी की गारंटी दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में दालों का उत्पादन बढ़ाने के लिए विदेशी आयात पर रोक लगाई जाए। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर से एंबुलेंस के जरिए चंडीगढ़ लाया गया. बैठक में शामिल होते ही केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डल्लेवाल से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा।

केंद्र से अभी कोई पक्का आश्वासन नहीं मिला है। 19 मार्च को फिर बैठक बुलाई गई है। हमें पूरी उम्मीद है कि इसमें समाधान निकलेगा। किसान नेताओं के साथ बैठक के बाद पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, बैठक एमएसपी की कानूनी गारंटी के आसपास केंद्रित थी। सभी किसान नेताओं ने इसके लिए अपने विचार रखे। यह एक अच्छी चर्चा थी और मुझे उम्मीद है कि चर्चा सकारात्मक बनी रहेगी।

### राहुल गांधी ने मोदी सरकार से पूछा बड़ा सवाल

# क्या रेलवे 21वीं सदी के लिए तैयार है : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे को लेकर एक बार फिर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने रेलवे की स्थिति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। एक वीडियो को साक्षा करते हुए राहुल ने एक्स पर लिखा कि कल रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत के दौरान एक महत्वपूर्ण सवाल उठा - क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है?

कांग्रेस नेता ने कहा कि मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए। रेलवे को सिर्फ यात्रा का साधन न मानकर, प्रोडक्शन और अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ के रूप में विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि विदेशी मशीनों, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन पर निर्भर होने के बजाय हमारा लक्ष्य पूरी तरह से लोकलाइज्ड प्रोडक्शन सिस्टम को मज़बूत बनाने पर होना चाहिए। गांधी ने कहा कि हमारे इंजीनियर्स और टेक्नीशियन रात-दिन मेहनत करते हैं। यदि उनके परिश्रम को सही दिशा दी जाए और समय की मांग के अनुसार ठोस कदम उठाए जाएं तो रेलवे न सिर्फ परिवहन में बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में भी अहम भूमिका निभा सकता है।

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने ने 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## न्यूज डायरी

### शक्तिकांत बने पीएम के प्रधान सचिव



**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को केंद्र सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। दास सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी का प्रधान सचिव -2 के पद पर नियुक्त किया है। बता दें इससे पहले शक्तिकांत दास आरबीआई गवर्नर के रूप में 6 साल तक अपनी सेवाएं देने के बाद दिसंबर, 2024 में रिटायर हुए थे। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पीके मिश्रा इस समय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक होगा।

### द्वारका में निर्माण को लेकर बवाल

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार को द्वारका के काठे गली इलाके में उस वक्त कर्फ्यू लगा दिया गया। जब कथित तौर पर अवैध धार्मिक ढांचे के निर्माण को विवाद बढ़ गया। वहीं विवादित ढांचे को हटाने के लिए पहुंची अतिक्रमण टीम का विरोध किया गया। इसके बाद पुलिस ने इलाके में कर्फ्यू लगा दिया। काठे गली से नागजी चौक की ओर जाने वाली सड़क पर एक अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर विरोध शुरू हुआ। धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण हटाने के लेकर हिंदुत्व संगठन आक्रामक हो गए। इसे लेकर संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।

### हमास से तीन इजरायली बंधक रिहा

**तेल अवीव।** हमास ने इजरायल के तीन बंधकों को शनिवार को रिहा कर दिया। इस बात की पुष्टि खुद इजरायल की सेना ने की है। इजरायल की सेना ने बताया कि उसके सैनिकों ने हमास द्वारा रिहा किए गए तीन बंधकों को प्राप्त कर लिया है और उन्हें वापस इजरायल में लाया जा रहा है। इजरायल की सेना ने कहा कि तीनों का प्रारंभिक चिकित्सा मूल्यांकन किया जाएगा। जिन इजरायली बंधकों को आज हमास ने रिहा किया, उनमें ओमर वेंकर्ट, ओमर शेम टोव और एलिया कोहेन शामिल हैं। बताया जाता है कि तीनों बंधकों को नकाबपोश, सशस्त्र हमास लड़ाकों द्वारा नुसेरात के केंद्रीय शहर में सैकड़ों फिलिस्तीनियों के सामने मंच पर लाया गया था।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह पदभार संभालने के बाद उनकी प्रधानमंत्री के साथ पहली औपचारिक मुलाकात थी। शालीमार बाग सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक गुप्ता ने बृहस्पतिवार को मोदी की मौजूदगी में रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में दिल्ली के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

### मुख्यमंत्री योगी ने 4500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया

# आज लखीमपुर में बन रहा एयरपोर्टः योगी

अवधनामा संवाददाता

- मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर में किया दर्शन-पूजन



**लखीमपुर-खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में शिव मंदिर कॉरिडोर की नींव रखी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पौराणिक शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा अर्चना की। आधारशिला रखने के बाद सीएम योगी ने पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि से पूर्व गोला गोकर्णनाथ बाबा का दर्शन करने का सौभाग्य मिला है मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की क्षमता देखनी हो तो प्रयागराज महाकुंभ ही पर्याप्त है। अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में आकर आस्था की डुबकी लगाई है। क्या 60 करोड़ लोग एक निश्चित समय सीमा के अंदर किसी एक स्थल पर एकत्र हो पाएंगे अन्यत्र यह संभव नहीं है, ये केवल प्रयागराज और उत्तर प्रदेश में ही हो सकता है। प्रयागराज में महाकुंभ भव्य और दिव्य तरीके से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता है, वे लगातार नकारात्मक टिप्पणी करके बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। अच्छे कामों में प्रश्न खड़ा करते हैं, बाधा बनते हैं। उन्होंने कहा कि देश और सनातन के अनुयायियों ने विरोधियों को आईना दिखाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा जिला लखीमपुर खीरी दुधवा नेशनल पार्क के साथ अब शिव मंदिर कॉरिडोर, बायो प्लास्टिक प्लांट, मेडिकल कॉलेज के लिए भी जाना जाएगा। देश जब आजाद हुआ था तो खीरी बहुत पिछड़ा था। आज लखीमपुर में एयरपोर्ट बन रहा है। बाढ़ का स्थाई समाधान करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

ईको और धार्मिक पर्यटन का बढ़ावा देने के साथ धार्मिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों को संजोया जा रहा है। गोला गोकर्णनाथ के पावन कॉरिडोर में जिनकी दुकान गई हैं, दुकान बनवाकर उन्हें विस्थापित किया जाएगा। जिनके आवास गए हैं, उन्हें आवास दिए जाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम के मंच से ही 4500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

# नड्डा और सीएम ने संगम में लगाई डुबकी





**महाकुंभ नगर।** तीर्थराज प्रयाग की धरती पर आयोजित दिव्य और भव्य महाकुंभ में आम से लेकर खास श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होने वाला है। इसके पहले लोग पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। इसी बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर शनिवार को महाकुंभ पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी थे। महाकुंभ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसकी तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आई। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों दिग्गज राजनेता पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे। दोनों दिग्गज नेताओं की पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी महाकुंभ में मौजूद लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र भी बनी।

### श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ के पार पहुंची

शनिवार को भी संगम पर आस्था हिलोर मारती दिखी। हर मार्ग पर श्रद्धालुओं का रेला चल रहा है। आस्था के जनज्वार का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि दिन में 12 बजे तक ही 71 लाख से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके थे। इसी के साथ महाकुंभ में कुल स्नानार्थियों की संख्या भी 60 करोड़ पार हो गई। महाकुंभ के समापन में अब महज चार दिन शेष हैं। इसके अलावा साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में शनिवार को अधिक भीड़ की उम्मीद पहले से थी और इसकी झलक भी शुक्रवार शाम को दिख गई।

# भारत-जापान मिलकर करेंगे सैन्य अभ्यास

- पाकिस्तान और चीन की उड़ गई नींद



**नई दिल्ली।** भारत और जापान 24 फरवरी से शुरू होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेने के लिए तैयार हैं। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह अभ्यास स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत के उनके साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा, शांति और स्थिरता के प्रति भारत और जापान की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतरसंचालनीयता को बढ़ाना है। भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म संरक्षक के छठे संस्करण के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी शनिवार को रवाना हो गई। यह अभ्यास 24 फरवरी से नौ मार्च तक जापान के पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया जाना है। धर्म संरक्षक भारत और जापान में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाने वाला वार्षिक कार्यक्रम है। इसका अंतिम संस्करण फरवरी-मार्च 2024 में राजस्थान में आयोजित किया गया था। इसमें कहा गया है कि 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिकों के साथ-साथ अन्य सैनिकों द्वारा किया जाएगा। जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट द्वारा किया जाएगा।

# संविधान को जितना जानेंगे उतना राष्ट्रवाद की ओर जाएंगे : धनखड़

- देश के चुनाव में घुसपैठियों की दखल



**छत्रपति संभाजीनगर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दावा किया कि घुसपैठिए अब देश की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं। इसके बारे में जागरूकता होनी चाहिए। अमेरिका से अवैध अप्रवासियों के निर्वासन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि हर भारतीय को यह पूछना चाहिए कि हमारे देश में यह प्रक्रिया कब शुरू होगी।

उपराष्ट्रपति शनिवार को यहां डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, करोड़ों लोग यहां रह रहे हैं, जिन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है। वे यहां अपनी आजीविका चला रहे हैं। वे हमारे संसाधनों पर मांग कर रहे हैं। हमारी शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र, आवास क्षेत्र पर मांग कर रहे हैं। अब बात और आगे बढ़ गई है। वे हमारी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम सबका यह कर्तव्य है कि हम देश में मानसिकता फैलाएं, ऐसा माहौल बनाएं, जिससे हर भारतीय इसके प्रति सचेत हो जाए। अमेरिका का हवाला दिए बिना उन्होंने कहा कि कुछ देशों ने हाल ही में भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है, जिन्हें वहां धोखे से ले जाया गया था। प्रत्येक भारतीय के मन में यह प्रश्न आना चाहिए कि हम ऐसा कब शुरू करेंगे? कहा कि संविधान जो हमें हमारे मौलिक अधिकार देता है उसके बारे में जितना अधिक जानेंगे, उतना ही हम राष्ट्रवाद की ओर जाएंगे। संविधान जागरूकता वर्ष समारोह के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को राजनीति और व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद को अपना सबसे बड़ा धर्म समझना चाहिए तथा चुनौतियों का सामना करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी के वित्तपोषण के खुलासे पर कहा कि देश के सामने चुनौती है। बाहर से चंदा लाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपवित्र किया जा रहा है। अपने (दानदाताओं) पसंद के लोगों को चुनाव जिताया जा रहा है। यह खतरनाक है।

# तेलंगाना में टनल हादसा, आठ फंसे



**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) में निर्माणाधीन सुरंग की छत का एक हिस्सा ढह गया। यहां आठ श्रमिक फंस गए। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम आकलन के लिए अंदर गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को फोन करके बचाव कार्य की जानकारी ली। पीएम मोदी ने बचाव प्रयासों में सभी मदद और सहायता का आश्वासन दिया। अधिकारी ने कहा, घटना तब हुई, जब कुछ श्रमिक काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर एक हिस्से की छत गिर गई। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हताहतों की संख्या नहीं बताई गई। उसमें संकेत दिया गया कि कुछ लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है।

# एक्शन मोड में रेखा सरकार

## विधानसभा सत्र का नोटिस जारी, 24 फरवरी विधायक लेंगे शपथ

**पक्ष-विपक्ष में नोकझोंक के आसार**



**नई दिल्ली।** राजधानी में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है। मंत्री अपने-अपने विभागों का गहन अध्ययन और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल की कमियों को ठीक करने के लिए ताबड़तोड़ कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच विधानसभा के पहले सत्र के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। विधानसभा सचिवालय की तरफ से जारी नोटिस के मुताबिक, 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से सत्र शुरू होगा। पहले विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 27 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण सत्र नहीं बुलाया गया है। सत्र का तीसरा दिन यानी 27 फरवरी को पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक हो सकती है। सदन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण पर बहस होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सदन में जवाब देंगी। माना जा रहा है कि विपक्ष पर सत्ता पक्ष सीएजी की रिपोर्ट को आधार बनाकर भ्रष्टाचार का आरोप मढ़ेगा। इसमें हर विभाग से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं का लेखा-जोखा होगा। इधर, आप नेताओं के अनुसार चुनाव के दौरान जितने भी वादे भाजपा ने किए हैं, उन्हें पूरा करने के लिए दबाव बनाया जाएगा। सदन में सवाल पूछे जाएंगे।

# सीएम ने कुंभी चीनी मिल परिसर में 2,850 करोड़ की लागत से देश के प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र का किया शिलान्यास

- बोले, बायोपॉलिमर संयंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को करेगा साकार
- संयंत्र से बनी बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से होंगे डिस्पोजेबल, 3 माह में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे
- बोले, संयंत्र से हजारों युवाओं को रोजगार और किसानों की आमदनी में होगी बढ़ोतरी



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** प्रयागराज में महाकुम्भ के पवित्र स्नान के लिए देश-विदेश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, वहीं लखीमपुर खीरी में निवेश का महाकुम्भ कुंभी में देखने को मिल रहा है, जहां बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड द्वारा 2850 करोड़ की लागत से देश का पहला बायोपॉलिमर संयंत्र स्थापित होगा। सरकार ने देश के पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का जो एमओयू किया था, उसे आज जमीनी धरातल पर उतारा गया है। यह अपनी तरह का देश का पहला निवेश है। यह बायोप्लास्टिक प्लांट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करेगा। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे और महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी के कुंभी चीनी मिल परिसर में 2,850 करोड़ की लागत से देश के प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कही मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के महाकुम्भ में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 22 फरवरी तक अब तक 60 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां से गोला गोकर्णनाथ और फिर प्रयागराज जाऊंगा, लेकिन कुंभी में ही मुझे महाकुंभ दिख गया। यह निवेश का महाकुंभ है। सीएम ने कहा कि 2850 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगी, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें।सीएम योगी ने पर्यावरण संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण असमय बारिश और सूखे जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक को अपनाकर नदियों और नहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। सीएम ने कहा कि यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। इससे 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है सीएम योगी ने कहा कि संयंत्र पाली लैक्टिक एसिड (PLA) आधारित बायोप्लास्टिक का उत्पादन करेगा, जिससे पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद जैसे डिस्पोजेबल बोतलें, खाद्य ट्रे, कटलरी, आइसक्रीम कप और कैरी बैग बनाए जाएंगे। इस प्लास्टिक की विशेषता यह होगी कि यह 3 से 6 महीनों में स्वयं ही मिट्टी में घुलकर नष्ट हो जाएगा, जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र शून्य-तरल अपशिष्ट (Zero Liquid Discharge) के सिद्धांत पर भी काम करेगा, जिससे कोई भी हानिकारक अपशिष्ट नदियों या नालों में नहीं बहेगा। इसके साथ ही, इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और चीनी उद्योग में नई संभावनाएं खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड से संयंत्र को आईटीआई, पॉलिटेक्निक और स्थानीय महाविद्यालयों से जोड़ने के लिए कहा, जिससे यहां के युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह संयंत्र पर्यावरण संरक्षण, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक मील का पत्थर साबित होगा इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री/आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चीनी उद्योग वीणा कुमारी मीना, बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विवेक सरावगी, कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी, कुंभी यूनिट के मुख्य महाप्रबंधक डॉ सुनील कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## देश की एकता व सम्प्रभुता बनाये रखने की दिलायी शपथ



**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था जेवी जैन कॉलेज में सभी छात्र-छात्राओं को देश की एकता अखण्डता व सम्प्रभुता को बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी।

जेवी जैन कॉलेज में भारत के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर राज्य एवं लद्दाख की भूमि जिस पर पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है तथा अक्षाई चीन का क्षेत्र जो पड़ोसी देश चीन के द्वारा अवैध रूप से अपने कब्जे में ले रखा है के संबंध में चर्चा की गई तथा सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि हम सभी अपने राष्ट्र के अखंडता एवं संप्रभुता को सदा बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे एवं एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक के रूप में हम निरंतर प्रयास करेंगे कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख के भूभाग जो पाकिस्तान और चीन के अवैध कब्जे में है उन्हें पुनः प्राप्त करेंगे तथा हम सभी उन विस्थापित भारतीय नागरिकों की मानव अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम में विजय पुंडीर, ओमेंद्र प्रताप सिंह, मिस प्राची जैन, नारायण शर्मा, मोहित शर्मा व विराज चौधरी आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शनी में हस्तकला, हस्तशिल्प व भारतीय पकवानों को आगुन्तकों ने सराहा

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मुन्नालाल एवं जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग, संस्थान नवाचार परिषद तथा भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ, माँ शाकम्भरी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 'एक कदम उद्यमिता की ओर' स्वरोजगार मेले में हस्तकला, हस्तशिल्प, श्रीअन्न से निर्मित भारतीय पकवान, चित्रकला प्रदर्शनी अतिथियों द्वारा सराही गयी।

मुन्नालाल एवं जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज परिसर में आयोजित स्वरोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि माँ शाकम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.विमला वाई, नगर निगम के महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर किया। तत्पश्चात कु.जरका एवं कु.चेल्सी ने 'पधारो म्हारे देश' गीत प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा महिला सुरक्षा विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात छात्राओं ने 'कौन रंग फागुन रंगे' गाने पर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सीमा रानी ने अपने व्याख्यान में स्वरोजगार मेले की प्रासंगिकता व आवश्यकता से सभी को अवगत करवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विमला वाई. ने पुराणों को याद करते हुए महिलाओं को अपनी अंदर की शक्ति को समझ कर अपने लिए खुद खड़े होने के लिए प्रेरित किया।

इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को अपनी सृजन शक्ति उपयोग करके रोजगार के नए अवसर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने वर्कशॉप एवं साइंस को महत्व देते हुए आह्वान किया कि बदलते देश के साथ अगर आज की नारी कुछ कर रही है तो सबको उसके साथ खड़ा होना चाहिए। इस दौरान अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वरोजगार मेले में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी प्रो.संदीप गुप्ता, महाराज सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार, गोचर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विश्वविद्यालय समन्वयक प्रो.ओमकार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. आई. के. कुशवाहा, महाराज सिंह कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव रवि सिंघल, जेवी जैन कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष आई.जी. जैन, पी.एन.बी. के निदेशक अमित कुमार चौबे, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल, महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव बी. के. माहेश्वरी एवं सदस्यगण एसके गर्ग, मोहन शर्मा, वीके. चौहान, कार्यक्रम सहसंयोजक प्रो.रीता वोरा और नीरज माहेश्वरी के अलावा महाविद्यालय की शिक्षिकाए और छात्राएं भी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने समय सीमा के बाद आवेदन लंबित होने पर समाज कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के साथ ही अगले माह रैकिंग में सुधार न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि की चेतावनी दी तथा छात्रवृत्ति के प्रकरणों की अलग से समीक्षा के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मनीष बंसल ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से संबंधित छात्रवृत्ति आवेदनों का शीघ्रता से सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ऊर्जा विभाग को निर्देश दिए कि लाइन लॉस को न्यूनतम किया जाए। जल जीवन मिशन के तहत हुए कनेक्शन को अतिरिक्त कार्मिक लगाकर 03 दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य की समीक्षा करते हुए प्रतिदिन 05 हजार का लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। वन विभाग को निर्देश दिए कि नदियों के किनारे वृक्षारोपण को प्राथमिकता दी जाए।

## रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, पांच घायल, तीन रैफर घायलों में तीन महिला और एक मासूम भी शामिल

**सहारनपुर।** थाना देवबन्द क्षेत्रान्तर्गत भायला रेलवे फाटक के समीप रोडवेज बस की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार तीन महिला एक मासूम समेत पांच लोग घायल हो गए। इसमें तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

चंदेना कोली गांव निवासी एक ही परिवार के 45 वर्षीय शमशेर, 32 वर्षीय यासमीन, 46 वर्षीय मीना, 25 वर्षीय शबाना और 7 वर्षीय साद शनिवार को ई-रिक्शा में सवार होकर देवबंद चिकित्सक के यहां आ रहे थे। जब वह भायला रेलवे फाटक के समीप पहुंचे तो रिक्शा चालक ने आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक किया। इसी दौरान सामने से आ रही गंगोह डिपो की रोडवेज बस ने रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें पांचों लोग घायल हो गए। ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से शमशेर, शबाना और मीना को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि बस को कब्जे में लिया गया है। उसका चालक फरार हो गया। घायलों के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 पाना लोहा बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना बिहारीगढ़ प्रभारी जावेद खान ने बताया कि विगत् 18 फरवरी को वादी हिफ्जुर्रहमान उर्फ चांद उस्मानी पुत्र शरीफुल इस्लाम निवासी कस्बा व थाना रुडकी जनपद हरिद्वार की तहरीर पर वादी की लडकी से दहेज की मांग करना, प्रताड़ित करना व मांग पूरी न होने पर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना बिहारीगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने थाना प्रभारी जावेद खान, उपनिरीक्षक विनोद तेवतिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुंदरपुर तिराहे से वांछित आरोपी समीर उस्मानी पुत्र जमाल नासिर उस्मानी निवासी मोहल्ला अबुल माली बडा दरवाजा कस्बा व थाना देवबन्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक लोहे का पान्ना बरामद कर लिया।

श्री खान ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी समीर उस्मानी ने बताया कि उसकी शादी अब से करीब साढे तीन वर्ष पहले हुई थी। मेरी पत्नी को मिर्गी के दौरे पड़ते थे। लगातार इलाज के बाद वह ठीक नहीं हो पा रही थी, जिस कारण मानसिक तौर से परेशान होने के चलते योजना बनायी थी कि वह अपनी पत्नी को मारकर अपनी साली के साथ निकाह कर लेगा तथा सारी सम्पत्ति का मालिक बन जायेगा। समीर ने बताया कि विगत् 17 फरवरी को देहरादून से दवा दिलाकर वापिस आते समय उसने मोहण्ड के जंगल में अपनी पत्नी अना शरीफ की गला दबाकर हत्या कर दी थी तथा इसे दुर्घटना दर्शाने के लिए अपनी कार को सड़क किनारे एक ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी थी, जिसमें उसे भी चोट लगी थी। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### लापता युवती की बरामदगी को ग्रामीणों ने दिया धरना

सहारनपुर। लापता युवती की बरामदगी की मांग को ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर पुलिस से लापता युवती की जल्द से जल्द बरामदगी किए जाने की मांग की। स्थानीय हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि थाना नकुड क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने विगत् 16 फरवरी को पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री गत् रात्रि से लापता है। आरोप है कि पुलिस को नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस अभी तक लापता युवती का कोई पता नही लगा पाई है। लापता युवती की बरामदगी की मांग को लेकर समाज के लोगो ने पुलिस से लापता युवती को बरामद कर आरोपी युवक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## राष्ट्रीय ध्वज फहराने में भारतीय झंडा संहिता का करें पालनः मंडलायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। अटल कुमार राय ने भारतीय झंडा संहिता, 2002 में निहित मुख्य दिशा निर्देश बताते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण, प्रयोग, संप्रदर्शन, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय ध्वज संहिता, 2002 द्वारा नियंत्रित है। भारतीय झंडा संहिता, 2002 में निहित दिशा-निर्देश के अनुसार भारतीय झंडा संहिता 2002 को 30 दिसम्बर 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपडे से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गई। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित सूती, पॉलिएस्टर, ऊनी, सिल्क, खादी के कपडे से बनाया गया हो। मण्डलायुक्त ने बताया कि जनता का कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर-सरकारी संगठन और कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों, औपचारिकताओं या अन्य अवसरों पर फहरा, प्रदर्शित कर सकता है, बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा जाए। भारतीय झंडा संहिता 2002 को 20 जुलाई 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया एवं भारतीय झंडा संहिता के भाग दो के पैरा 2.2 की धारा 11 के अनुसार जहाँ झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है।

## आज सीएम योगी आगरा में, यूनीकॉर्न कंपनीज के कॉनक्लेव को करेंगे संबोधित

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए स्टार्टअप कार्यक्रम आगरा में हो रहा है। जिसमें विदेशी उद्योगपति और अन्य निवेशक शिरकत करेंगे। ये कार्यक्रम ताजमहल के पूर्वी गेट के पास स्थित होटल में रविवार को होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ रहे है। इसको लेकर पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने होटल में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जानकारी अनुसार सीएम योगी सुबह साढ़े ग्यारह बजे होटल अमर विलास पहुंच जाएंगे। एक घंटे से अधिक यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न कान्क्लेव में देश की नामचीन स्टार्टअप कंपनियों के निदेशकों को संबोधित करेंगे। दोपहर एक बजे खेरिया एयरपोर्ट से प्रयागराज रवाना हो जाएंगे। बता दें कि उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2023 में इन्वेस्टर्स समिट हुई थी। जिसमें दो लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए थे। यूपी की इन्वेस्टर्स समिट में आगरा में भी कई निवेशकों ने रुचि दिखाई थी।

## आगरा पुलिस ने छेड़खानी करने वाले 3 मनचलों की निकाली हेकड़ी, हवालात में कान पकड़ कर माफी मांगते आए नजर

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा छात्राओं पर अश्लील फब्तियाँ कसने एवं विरोध करने पर छात्राओं पर जान से मारने की नियत से मोटर साइकिल चढ़ाकर जानलेवा हमला करने वाले 3 अभियुक्तों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया। वही हवालात पहुंचने पर तीनों कान पकड़कर माफी मांगने लगे। कहने लगे- साहब अब से कभी किसी लड़की को नहीं छेड़ेंगे। किसी से कोई बदतमीजी नहीं करेंगे। माफ कर दीजिए।



जानकारी अनुसार आगरा के बीडी जैन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की बुधवार दोपहर में छुट्टी होने पर घर जा रहीं छात्राओं पर बाइक सवार तीन युवक कमेंट करने लगे। विरोध करने पर छात्राओं को पीटा, उन्हें बचाने के लिए कॉलेज का गार्ड आया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। जिसके बाद कॉलेज की प्राचार्य ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने सीसीटीवी से सुल्तानपुरा के युवकों की पहचान की। पुलिस ने छात्राओं पर कमेंट करने और मारपीट करने के आरोप में सुल्तानपुरा निवासी फैजान उर्फ बंटी, मुस्तकीन और आशिक को गिरफ्तार किया। तीनों जैसे ही हवालात में पहुंचे कान पकड़कर माफी मांगने लगे। पुलिस ने इनका वीडियो भी बनाया।

पुलिस के अनुसार उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरा को देखते हुए अभियुक्तों की पहचान की गयी एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के अंदर घटना में संलिप्त 3 अभियुक्तों फैजान, मुस्तकीम उर्फ बंटी व अभियुक्त हाशिम उर्फ आशिफ को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

## समाजवादी व्यापार सभा द्वारा लगाई PDA चौपाल



**आगरा।** सपा व्यापार सभा एत्मादपुर विधानसभा अध्यक्ष जनाब साबिर अली,पूर्व पार्षद सुरेश दिवाकर , जनाब शरीफ मालिक जिला सचिव के नेतृत्व में टेडी बगिया 100 फुटा पर जनाब काले खान की अध्यक्षता में उपस्थिति PDA चौपाल लगी। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश सचिव नितिन कोहली ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जनता को बताते हुए कहा कि अब PDA परिवार को एकजुट होकर आने वाले समय में ये झूठी सरकार को उड़ान फेंकने का काम करना है। सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष राजीव पोद्दार ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार या विकास की बात नहीं करती । सिर्फ और सिर्फ नफरत फैलानी का काम करती है , अगर अगर पी डी ए के जननायक आदरणीय अखिलेश यादव जी ने लोकसभा के चुनावों में इनको बहुमत से नहीं रोका होता तो आज निश्चित ही बाबा साहब द्वारा बनाया हुआ संविधान को बदलने का काम ये सरकार कर रही होती । राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्रसभा जनाब कादिर कुरैशी ने कहा कि आने वाले चुनावों में पीडीए परिवार को एक होकर इस झूठी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप यादव, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक उस्मानअब्बास , राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक अजीज अब्बास साहब, जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा सतेंद्र पंडित व अन्य साथी मौजूद रहे।

## आगरा में धार्मिक स्थल बना जंग का अखाड़ा, जमकर हुई मारपीट तो पुलिस पर लगा पत्रकार के साथ अभद्रता का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** कस्बा कागारौल में शुक्रवार सुबह धार्मिक स्थल को दो समुदायों के लोगों ने जंग का मैदान बना डाला। इस दौरान दो पक्ष की तरफ से जमकर लात घूसे चले। तो वही कवरेज कर रहे पत्रकार के साथ पुलिस द्वारा अभद्रता करने का आरोप लगा। बताया जाता है कि कागारौल थाना क्षेत्र में धार्मिक स्थल को लेकर मामला आगरा कोर्ट में विचाराधीन है। लेकिन उक्त जगह पर निर्माण कार्यक्रम के चलते दो वर्ग आमने सामने आ गए जिससे मामला गरमा गया। जानकारी अनुसार लंबे समय से दोनों संप्रदाय के लोगों के बीच धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर विवाद चला आ रहा है। बताते है पहले भी कई बार धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर विवाद हो चुके हैं। शुक्रवार को गहलौत समाज के लोगों द्वारा कुआं पर ईट रख दी गई थी इसकी जानकारी दूसरे पक्ष कुशवाह समाज के लोगों को हुई तो वह इकट्ठा होकर थाने पहुंच गए एवं तहरीर दी। आरोप है कि जब पुलिस ने कोई



सुनवाई नहीं की तो मौके पर पहुंची महिला और पुरुष कुएं के ऊपर से ईट हटाने लगे तो इसका विरोध गहलौत समाज ने किया। इसी को लेकर दोनों संप्रदाय के बीच तनातनी होने के बाद मारपीट शुरू हो गयी। सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर कागारौल राजवीर सिंह मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे गए और निर्माण कार्य को बंद करा दिया। दोनों समाज के लोगों को समझा बूझकर मामला शांत कराया। इस दौरान कस्बे में घटना की कवरेज करने पहुंचे एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार शुभम चाहर से पुलिस ने वीडियो बनाते समय उनका मोबाईल छीन लिया एवं उनसे अभद्रता कर डाली। पत्रकार का आरोप है कि स्थानीय लोगों के समझाने पर एसआई विजेंद्र शर्मा व प्रशिक्षु दरोगा ने मोबाईल वापस किया। पुलिस द्वारा पत्रकार से बोला गया कि कहाँ का पत्रकार है कौन है। वही पत्रकार शुभम का आरोप है कि विगत दिनों मेरे द्वारा खनन की खबरे प्रकाशित की गई जिस कारण पुलिस द्वारा मेरे साथ यह सब किया गया।

## जिलाधिकारी ने किया अस्थाई गौशाला का निरीक्षण



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा नगर पंचायत खिमसेपुर में नगला बाग रठेरा स्थिति अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गौशाला के भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 434 गौवंश पाये गये जिनमे से 395 की जिओ टैगिंग की जा चुकी है,गौशाला में पशुओं के चारे के लिये 858.5 कुंतल भूसा,25 कुंतल दाना,04 कुंतल नमक व 07 कुंतल चूना स्टॉक में पाया गया, 40 बीघा गौचर भूमि पर हरा चारा बोया गया है, गौशाला में पशुओं की सेवा के लिये 07 केयर टेकर नियुक्त है। डीएम ने गौशाला के निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी गौवंश की अच्छी तरह देखभाल करने व उनको समय पर दाना पानी देने व डॉक्टर की विजिट समय से कराने के निर्देश दिये इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गायों को गुड़ खिलाकर गौसेवा की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, अध्यक्ष नगर पंचायत व संवंधित उपस्थित रहे।

## संविलियन कन्या विद्यालय का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा संविलियन कन्या विद्यालय खिमसेपुर एवं संविलियन विद्यालय खिमसेपुर विकासखण्ड मोहम्मदाबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। विद्यालयों में शिक्षा का स्तर सामान्य पाया गया। साफ सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई व ईओ खिमसेपुर को विद्यालय परिसर में साफ सफाई के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा अध्यापकों व बच्चों की उपस्थिति पंजिका चेक की, संविलियन कन्या विद्यालय में 03 शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा शिक्षामित्रों के विरूद्ध जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये, जिलाधिकारी द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने के लिये निर्देशित किया एवं मिड डे मील में मिल रहे खाने की गुणवत्ता व मात्रा के बारे में जानकारी की प्राप्त की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर व संवंधित मौजूद रहे।

## कांति राठौर ने जीता रजक पदक

**सहारनपुर (अहमद रज़ा)।** वर्ष 2024- 25 अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता, जो की सेक्टर 7 स्पोर्ट कंपलेक्स, चंडीगढ़ में आयोजित की गई है, इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम की कुशल और तेज़ तर्रार खिलाड़ी कांति राठौर , जो खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग- रामपुर में एरिया मार्केटिंग आफिसर के पद पर जनपद रामपुर में कार्यरत हैं उन्होंने कुशल प्रदर्शन करते हुए महिला-वेटरन( 35-45 वर्ष) कैटेगरी में 200 मीटर में प्रतियोगिता के अंतिम दिन दिनांक 21/2/2025 को रजत पदक प्राप्त करते हुए इतिहास रच दिया है इस बीच हमारे उत्तर प्रदेश को कुल 4 रजत पदक प्राप्त हुए हैं प्रदेश वासियों ने पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें की।




# अपूर्व और विलक्षण है प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन : आचार्य मिथिलेशनंदिनी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सिद्धपीठ श्रीहनुमन्निवास धाम अयोध्या के महंत आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 को अपूर्व और विलक्षण बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को व्यवस्था की दृष्टि से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस सुचारुता से सुनिश्चित किया वह अभिनंदनीय है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पास धर्मनिष्ठा से संपन्न योगी आदित्यनाथ जैसा नायक है।

वह शनिवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के कला संकाय के तत्वावधान में 'महाकुंभ 2025 ¬परम्परा, अनुष्ठान और महत्ता' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को मुख्य



अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 कई आयामों में अपूर्व है। अतीत के कुंभ आयोजनों को देखें तो इस महाकुंभ में श्रद्धा का ज्वार अपूर्व है। पहले की सरकारों ने केंद्रीय कार्यक्रम मानकर कभी कुंभ को पुरस्कृत नहीं किया लेकिन यह ऐसा पहला कुंभ है जिसमें मुख्यमंत्री ने चप्पे-चप्पे पर जाकर व्यवस्था की सुचारुता सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री के समर्पित प्रयास के चलते ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के रूप में इस धरती का सबसे बड़ा धार्मिक मेला आयोजित हुआ। आचार्य मिथिलेशनंदिनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और धार्मिक वैभव का वैश्विक अग्रदूत है। अयोध्या, काशी और मथुरा के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। यह तीनों महत्वपूर्ण स्थल उत्तर प्रदेश में है। देश के अन्य राज्यों में तीर्थ हैं लेकिन तीर्थराज प्रयाग उत्तर प्रदेश में है। प्रयागराज में इस बार का महाकुंभ इसलिए भी विलक्षण है कि जहां पहले के कुंभ प्रश्नों और चिंताओं के कुंभ होते थे, वहीं इस बार का महाकुंभ उत्तर का कुंभ है। पहले कुंभ के आयोजनों में यह प्रश्न उठते थे। क्या अयोध्या में रामलला विराजमान हो पाएंगे? क्या कश्मीर से धारा 370 हट पाएगी? केंद्र से उत्तर प्रदेश तक धर्मसत्ता अनुप्राणित जीवन की अवधारणा को समझने वाली सरकार के होने से यह सब संभव हुआ है। शिव की तरह महाकुंभ से निकले गरल को आत्मसात किया सीएम योगी ने श्रीहनुमन्निवास धाम के महंत ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को 1947 के बाद का सबसे बड़ा आंदोलन या धार्मिक पुनर्जागरण कहा जाना चाहिए। 60 करोड लोग एक ही शहर की यात्रा पर हों, ऐसा पहली बार हुआ है। कुछ व्यवस्थागत कठिनाइयां जरूर हुई लेकिन भारतीय चेतना दुर्घटना से कुंठित नहीं होती।

## मेगा पीटीएम शारदा संगोष्ठी सम्पन्न

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरपुर बुदहट प्रथम सहजनवा में मेगा पीटीएम शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा एवं ए ए ओ शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के सानिध्य तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम नवरत्न सहित अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को शिक्षा के महत्व और प्रतिदिन विद्यालय आने के महत्व को रेखांकित किया और कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया अंत में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष/विद्यालय के प्र0प्र0अध्यापक महेश कुमार शुक्ल ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के पुरातन छात्र परशुराम ओझा विद्यालय की सहायक अध्यापिका संन्ध्या भारती, बिन्दु कुमारी अनुदेशिका अनुराधा सिंह एवं प्रतिमा निगम सहित अभिभावक मौजूद रहे।



## थाना समाधान दिवस पर आये कुल 17 मामले

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर सहजनवां थाने में अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवां दीपक कुमार गुप्ता ने किया,इस दौरान 9 मामले आए थे। जिसमें 3 पुलिस और 6 राजस्व के मामले थे। हरपुर बुदहट थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान 6 मामले आए थे। जिसमें सभी मामले राजस्व के थे। गीडा थाने थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किया। यहां 2 मामले आए थे। सभी मामले राजस्व के थे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह, एसओ महेश कुमार चौबे,थाना प्रभारी पंकज सिंह,राजस्व निरीक्षक मोती लाल,भानु,प्रमोद कुमार, सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद थे।

# सीएम योगी के सुव्यवस्थित प्रबंधन का सुफल है प्रयागराज महाकुंभ

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के कला संकाय के तत्वावधान में 'महाकुंभ 2025 ¬परम्परा, अनुष्ठान और महत्ता' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले दिन उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित तकनीकी सत्र में वक्ताओं ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुव्यवस्थित प्रबंधन का सुफल बताया।

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पहले दिन यूएसए, नेपाल, इजरायल और भूटान से कुल पांच वक्ता ऑनलाइन जुड़े। कुल 70 प्रतिभागियों वाली इस संगोष्ठी में पहले दिन महाकुंभ के विविध आयामों पर 18 शोधपत्र पढ़े गए। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में साहित्यकार एवं रेलवे के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि महाकुंभ अमृतत्व की अवधारणा का




प्रत्यक्ष स्वरूप है। मृत्यु ,अमरतत्व और मोक्ष पर दुनिया की तमाम सभ्यताओं में सदैव संवाद होता रहा है। मनुष्य सदा अमर होने का आकांक्षी रहा है। सनातन धर्म में अमरतत्व और मोक्ष के लिए पाप मुक्ति का आधार है महाकुंभ। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रयागराज महाकुंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल प्रबंधन के मंथन से निकली सुव्यवस्था का प्रतीक बना है। योगी जी का प्रबंधन अकल्पनीय है। प्रो. शिवशरण दास ने कहा कि महाकुंभ स्वतंत्र भारत के इतिहास का कालजयी अध्याय है। यह विज्ञान और आस्था का भी संगम है। महाकुंभ आस्था का आकर्षण है। वहां का अहसास अद्भुत है। प्रयागराज महाकुंभ सुव्यवस्था नियोजन एवं क्राउड मैनेजमेंट की मिशाल है। महाकुंभ में प्रवास करने वाले अश्वनी कुमार ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता को शब्दों में वर्णित करना कठिन है। महाकुंभ में जाति, वर्ण और वर्ग के विभेद संगम की पावन जलधारा में विलुप्त हो गए हैं।

# एसडीएम ने किया विधिविधान से रोटी मशीन का उद्घाटन



**उरई (जालौन)।** कस्बे में बेसहारा जरूरतमंद लोगों को रोजाना भोजन करा कर उन्हें जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने वाली नगर की जानी-मानी सामाजिक संस्था दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में एसडीएम ज्योति सिंह ने रोटी मशीन का उद्घाटन विधि विधान से किया। उक्त रोटी मशीन समाजसेवियों के आर्थिक सहयोग से मंगाई गई है। एसडीएम ज्योति सिंह ने मशीन का पूजन अर्चन कर उद्घाटन किया। एसडीएम ने कहा कि जरूरतमंदों की हर स्तर पर सेवा और मदद करना पुण्य का कार्य है जिसे समिति बखूबी निभा रही है। रोटी मशीन से भोजन बनाने में लगे कार्यकर्ताओं को सहूलियत मिलेगी। मशीन के लिए आर्थिक सहयोग करने वाले सभी समाजसेवी बधाई के पात्र हैं। संयोजक कढोरेलाल यादव ने एसडीएम का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रो. वीरेंद्र सिंह ने आभार ज्ञापित किया। बताया गया कि रोटी मशीन एक घंटे में करीब 700 रोटियां बनाएगी। रोटी मशीन में आर्थिक सहयोग इंदिरा द्विवेदी, हाजी सेठ नासिर मंसूरी, हाजी मोहम्मद अहमद, सीताराम प्रजापति, ब्रजबल्लभ सिंह सेंगर, आनंद प्रकाश बुधौलिया आदि ने किया। इस दौरान पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया, देवेंद्र द्विवेदी, सुरेश गुप्ता, रूपेश तिवारी, राजेश गोस्वामी, केशव बबेले, श्रीकांत गुप्ता, गजराज सिंह सेंगर, राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जिले के युवाओं को जापान, इजराइल एवं जर्मनी में रोजगार के अवसर

**अलीगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार चौधरी ने जिले के सभी युवक-युवतियों को सूचित किया है कि प्रदेश सरकार द्वारा सेवायोजन विभाग के पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को जापान, इजराइल एवं जर्मनी में विभिन्न पद जैसे- नर्सिंग, केयर गिवर-केयर टेकर, पेशेंट केयर, में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर जॉब सीकर श्रेणी में अपनी योग्यतानुसार पंजीकरण कराते हुए पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्ति के सापेक्ष अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जापान में केयर गिवर, केयर टेकर के लिए 20 से 27 आयुवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 116976 रूपये प्रतिमाह, इजराइल में केयर गिवर, पेशेंट केयर के लिए 25 से 45 आयुवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 131818 रूपये प्रतिमाह एवं जर्मनी में नर्सिंग के लिए 24 से 40 आयुवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 229925 रूपये प्रतिमाह का वेतनमान निर्धारित किया गया है।

# डीएम को वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जालौन के जिला मुख्यालय उरई सहित अलग-अलग तहसीलों में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने एडवोकेट्स एक्ट में होने वाले प्रस्तावित संशोधन का विरोध शुरू कर दिया है। उरई में डिस्ट्रिक जालौन बार एसोशिएशन के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतरकर डीएम को ज्ञापन सौंपा है और इस प्रस्तावित संशोधन का विरोध किया। जिला जालौन बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत शरण मिश्र महासचिव पंकज खरे के नेतृत्व में सैकड़ो अधिवक्ता उरई के कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां अधिवक्ताओं ने सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट में होने वाले संशोधन का विरोध किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मांग करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को ज्ञापन देते हुए मांग करते हुए कहा कि वकीलों और उनके परिवार के लिए 10 लाख का मेडिकल क्लेम और मौत पर 10 लाख की बीमा राशि की मांग की गई है। इसके अलावा पंजीकरण के समय ली जाने वाली 500 रुपये की स्टांप राशि प्रादेशिक परिषदों को वापस की जाए। विधिक स्टांप की बिक्री से प्राप्त धनराशि का 2 प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाए। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उरई जिला जजी के साथ उरई कलेक्ट्रेट, कोंच, माधौगढ़, जालौन, कालपी में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, साथ ही कहा यदि सरकार द्वारा अगर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल-2025 वापस नहीं लिया गया तो वह आंदोलन करेंगे और 25 फरवरी को प्रदेश भर के वकील न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। वह सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव करेंगे। इस दौरान डीड राइटर को बैनामा करने से भी रोका जाएगा।

## होली से पहले फूड विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**गोरखपुर।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत रखते हुए फूड विभाग की टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड में है, शनिवार सुबह 4 बजे टीम ने योजना के तहत रेलवे बस स्टेशन, खोवा मंडी समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई, मुखबिर खास की सूचना पर गोरखपुर रेलवे बस स्टेशन के पास कानपुर से आ रहे हैं नकली खोवा की खेप को फूड विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा की टीम में 7 कुंतल मिलावटी खोवा को जप्त किया गया है । खोवा के सम्बंध में मौके पर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई कि यह खोवा किसका है किसी ने कोई जवाब नहीं मिलने पर टीम इस कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर लेकर पहुंची। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से निपटने के लिए टीम पूरी तरीके से कटिबंध है, सुबह 4 बजे टीम ने खोवा मंडी, रेलवे बस स्टेशन समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई।

# हरदुआगंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत हरदुआगंज स्थित रूकमणि विहार गैस्ट हाउस में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह का नगर पंचायत अध्यक्ष हरदुआगंज राजेश यादव द्वारा विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने नवदंपतियों के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि वह सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपने जीवन में आगे बढ़ें। सरकार जीवन के हर कदम पर आपके साथ है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन मील के पत्थर साबित हो रहे हैं। पूर्व में जिन गरीब परिवारों की बेटियों की शादी धनाभाव में सम्मानपूर्वक नहीं हो पाती थी अब वह भव्य समारोहों के माध्यम से संपन्न हो रही हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत हरदुआगंज अंजना यादव, जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, उमेश पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं पर पुष्प वर्षा कर अपना शुभाशीष प्रदान किया और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल ने बताया कि सामूहिक विवाह में 244 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें से 218 जोड़ों का वैदिक रीति रिवाज एवं 26 जोड़ों का मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कराया गया।

## सूचना

न्याया. प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.) सहारनपुर। वाद संख्या 577 सन 2021 सतीश कुमार पुत्र ब्रजपाल निवासी टाकान कस्बा गंगोह प. गंगोह तह. नकुड जिला सहारनपुर (वादी).. बनाम 1.धर्मेन्द्र पुत्र श्रीचंद 2. घनश्याम पुत्र श्रीचंद निवासी गाम गलीस प. तह. जि. सहारनपुर 3-भाना पुत्र सुण्डा निवासी टाकान कस्बा गंगोह तहसील नकुड जिश सहारनपुर। प्रतिवादीगण....हरगाह मुद्दालेह ने इस न्याय. में एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप 20/ 3/2025 ई. 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हाल से वाकिफ हो कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को तमाम दस्तावेज जो आप जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मुहर न्याय. के 20/2/2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम**

## सूचना

मैं चंचल वर्मा पुत्री श्री जितेन्द्र वर्मा सूचित करती हूं कि मैं वर्ष 2021 में कक्षा 10 उत्तीर्ण हूं मेरी उक्त कक्षा 10th की मार्कशीट अनुक्रमांक 210518562 एवं प्रमाण पत्र स. 189790 है वास्तव में कहीं गुम हो गई है जिस किसी को मिलें संपर्क करें।

**चंचल वर्मा 7017434121**

## सूचना

मेरा नाम सलोनी सिंह है। गलती से मेरे आधार कार्ड मे सोनल सिंह हो गया है जिससे हमारे अन्य प्रमाण पत्रो में मेरा सही नाम सलोनी सिंह अकिंत हो और इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाये।

**सलोनी सिंह पुत्री फूलचन्द्र ग्राम सिकाहरा कोहडा, पोस्ट हल्लौर, तहसील डुमरियागंज, जिला- सिद्धार्थनगर**

# भाजपा कर रही हम सबके साथ भेदभाव: साजिद अली



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार पीडीए वर्ग का अपमान कर रही है और उनकी उपेक्षा कर रही है। साजिद अली खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है और उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। लेकिन भाजपा सरकार उनकी अनदेखी कर रही है और उनके संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की नीतियां समाज को विभाजित करने वाली हैं, जबकि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे भाजपा के बहकावे में न आएं और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर समाजवादी पार्टी का समर्थन करें। इसी के साथ महानगर अध्यक्ष कमल हसन ने कहा अल्पसंख्यक सभा अब सबको साथ लेकर आगे बढ़ेगी, मुजाहिद अंसारी ने कहा पीडीए की बात अब पीडीए के हर व्यक्ति के साथ होगी और जगह-जगह चर्चा चौपाल करेंगे। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान,महानगर अध्यक्ष कमल हसन, जिला महासचिव मुजाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष नईम खान, मोहसिन, इरफान, आफताब अली, सकिर, जिया उल हक, हनीफ, अरूज, इकबाल फारूक आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसान नेता के समर्थन में किसानो की पंचायत कायमगंज में संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद की कस्बा कायमगंज में दिनांक 22/02/2025 को भारती कृषक एसोसिएशन की पंचायत प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता की अध्यक्षता में मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में हुई। पंचायत का संचालन रामवीर जाटव ने किया।

आज की पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि थाना पुलिस कायमगंज द्वारा दिनांक 13/2/25 की घटना पुलिस अधीक्षक के आदेश पर भी थाना कायमगंज में नहीं लिखी गयी। फिर शासन प्रशासन की सख्ती से दिनांक 18/2/25 को रिपोर्ट लिखी गई। उसी दिन अभियुक्त प्रदीप सक्सेना की 8 बजे क्रास रिपोर्ट थाना प्रभारी निरीक्षक रामौतार द्वारा झूठी रिपोर्ट अंकित की गई जो नितांत ही ग़लत है जांच कराकर अभियुक्तों का क्रास केस निरस्त किया जाए।



अभियुक्त बराबर जान-माल की धमकी प्रभारी निरीक्षक की सह पर दे रहे हैं। 13/2/25 की घटना प्रभारी निरीक्षक कायमगंज द्वारा कराई गई है जो अभियुक्तों से साझ किए है।यदि प्रदीप सक्सेना और उसके गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया गया। मुन्नालाल सक्सेना व परिवार के किसी भी सदस्य के साथ घटना घटित होती है। जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज को जिम्मेदार माना जाएगा। 27 फरवरी 2025 को भारती कृषक एसोसिएशन और समस्त सहयोगी किसान संगठनों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन होगा। पंचायत में रामलाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष मुन्नालाल सक्सेना प्रदेश महासचिव, प्रताप सिंह गंगवार प्रदेश संगठन सचिव, बिंदु सिंह गंगवार प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, अर्चना द्विवेदी महासचिव महिला प्रकोष्ठ, रामवीर कानपुर मंडल अध्यक्ष,गोलू गुप्ता सचिव, वीरेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष, राजेश यादव, विनीत आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# थाना दिवस पर हरचंदपुर में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ हरचन्दपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व,आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायतें आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष,निर्भीक,पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

अवधनामा
लखनऊ, रविवार, 23 फरवरी 2025



# निजी प्रैक्टिस के आरोपों पर डॉक्टर अरविंद मौर्य ने किया खंडन

**विपक्षी**

**मौर्या एक नंबर का झूठा और भ्रष्ट आचरण का व्यक्ति-बीजेपी नेता रजनीश सिंह**

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बीजेपी नेता डॉ रजनीश सिंह द्वारा कुमारगंज सरकारी अस्पताल के डॉक्टर अरविंद मौर्य पर निजी प्रैक्टिस करने का आरोप लगाने और मीडिया को सबूत भेजने के बाद मामला गरमा गया है। शनिवार को डॉ अरविंद मौर्य ने इन आरोपों का सख्त खंडन करते हुए इसे पुरानी रंजिश का परिणाम बताया। डॉ मौर्य ने कहा कि दो महीने पहले बीजेपी नेता डॉ रजनीश सिंह और तत्कालीन कुमारगंज अस्पताल के सीएमएस डॉ अनिल कुमार के बीच हुए विवाद की वजह से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि, डॉ अनिल कुमार का हाल ही में बस्ती जिले में ट्रांसफर हो चुका है।उधर, बीजेपी नेता डॉ रजनीश सिंह ने डॉ मौर्य की सफाई को ÷गड़े मुर्दे उखाड़ने÷ की कोशिश करार दिया। उन्होंने कहा कि डॉ मौर्य अपनी गलतियों को छिपाने के लिए पुराने विवाद को बीच में ला रहे हैं। डॉ रजनीश ने कहा कि मौर्या एक नंबर का झूठा और भ्रष्ट आचरण का व्यक्ति है. इसको अपने सफेद कोट की गरिमा का ज्ञान नहीं है।मेरे पास इसके वहां मरीज देखने के कई वीडियो और फोटो है ,इसके द्वारा अपने बचाव के लिए स्थानीय लोगों को निजी संबंधों का हवाला देकर आगे किया जा रहा है . जिससे यह अपने आप सिद्ध हो जाता है कि यह एक नंबर का भ्रष्ट है। डॉ रजनीश सिंह ने यह भी दावा किया कि जब उन्होंने इस मामले पर डॉ अनिल कुमार से फोन पर बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने किसी भी विवाद से इनकार कर दिया।संवाददाता ने जब डॉ अनिल कुमार से संपर्क करने की कोशिश की तो उनका फोन नहीं लगा। वहीं, डॉ अरविंद मौर्य ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि बीजेपी नेता डॉ रजनीश सिंह उनके खिलाफ झूठा प्रचार कर रहे हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## कमिश्नर की टीम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, मिली कई खामियां



**बरेली।** स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए कमिश्नर के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने बरेली जिला अस्पताल का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां उजागर हुईं, जिनमें मरीजों को मिलने वाली सेवाओं में लापरवाही, दवाओं की ह्यअनुपलब्धता और स्वच्छता संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल रहा था, कई वार्डों में डॉक्टर व स्टाफ की अनुपस्थिति पाई गई। अस्पताल में आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की कमी देखी गई, जिससे मरीजों को बाहर से दवा खरीदनी पड़ रही थी। वहीं शौचालयों की साफ-सफाई बेहद खराब थी, वार्डों में भी गंदगी फैली हुई थी। अस्पताल आए मरीजों ने लंबी कतारों, पर्ची बनाने में देरी और डॉक्टरों की लापरवाही की शिकायत की। निरीक्षण के बाद कमिश्नर ने अस्पताल प्रशासन को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अस्पताल की सेवाओं को नियमित रूप से मॉनिटर करने के आदेश भी दिए गए।

## अज्ञात चोरों ने किराने की दुकान पर की हजारो की चोरी

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक किराने दुकान की दीवार को काटकर निशाना बनाते हुये नकदी सहित हजारों का सामान चोरी कर ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। बताते चलें कि जैदपुर के रहमानगंज नहर पुलिया के पास स्थित एक दुकान में चोरों ने पीछे की दीवार तोड़कर सेंधमारी की। दुकान के मालिक विमल कुमार शनिवार सुबह करीब 10 बजे दुकान पहुंचे। जब उन्होंने शटर खोला तो देखा कि दुकान में चोरी हो गई है। चोर नकदी समेत हजारों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। विमल कुमार ने जैदपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर चोरों की तलाश में जुट गयी है।

## जिलाधिकारी ने नवनिर्मित डी.एच.पी. भवन का का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने नगर आयुक्त अयोध्या के साथ मसौधा के मलिक नगर स्थित नवनिर्मित डी0एच0पी0 भवन का निरीक्षण किया गया। उक्त भवन का निर्माण नवीन तकनीक से भारत सरकार द्वारा निराश्रित महिलाओं के निवास एवं उन्नयन हेतु किया गया है। उक्त भवन महिला कल्याण विभाग को शासन द्वारा आवंटित भूमि पर किया गया है। निरीक्षण के के दौरान नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी अयोध्या तथा तहसीलदार सदर आदि अधिकारी उपस्थित रहे। उसके बाद मलिकपुर में जो घर एयरपोर्ट में चले गये थे उसी भूमि की प्रधानमंत्री आवास का भी निरीक्षण किया। बिजली के तार को ऊंचा और खम्भे को किनारे करने, घरो का पानी नाली में गिराने, नाली की साफ सफाई कराना तथा जो तालाब है उसको चारो तरफ से रेलिंग लगाकर और पेड़ पौधे लगाये, जिससे घरो का पानी व बरसात का पानी तालाब में जाये।

# किसानों की फसलों को कीट-पतंगों से बचाएंगी ड्रोन दीदी

## अयोध्या में कृषि विभाग ने तीन ब्लाक में छह ड्रोन दीदी की तैनाती की

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** किसानों की हितैषी मानी जाने वाली मोदी-योगी सरकार अब खेती को कीट पतंगों से बचाने के लिए ड्रोन दीदी योजना लेकर आई है। जिले में इस योजना के तहत कार्य शुरू हो गया है। इसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही किसानों की मदद भी की जा रही है। ड्रोन दीदी ड्रोन के माध्यम से खेतों में छिड़काव करती हैं।

जिले में इस योजना के तहत छह ड्रोन दीदी काम कर रही हैं। इनका चयन होने के बाद इन्हें बिहार के समस्तीपुर में 15 दिन का प्रशिक्षण कराया गया था। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से करीब 10 लाख रुपये का ड्रोन निःशुल्क उपलब्ध कराया गया था। रूदौली की ही ड्रोन दीदी गायत्री बताती हैं कि इस योजना ने हमारे जीवन में पंख लगा दिए हैं। हमारी आय बढ़ गई है। गौरतलब है कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार किसानों के लिए तमाम योजनाएं चला रखी हैं। जिला कृषि अधिकारी ओ.पी. मिश्रा ने बताया



कि योजना के अंतर्गत महिलाओं को ड्रोन दे दिया गया है। इन्हें फ़ोन करने पर किसानों की समस्या का समाधान होगा। सरकार का प्रयास है कि महिलाएं भी आर्थिक रूप से मजबूत बनें।

रुदौली की ड्रोन दीदी नैंसी चौहान ने बताया कि इस समय गेहूं और अरहर के खेतों में कीटनाशक, खरपतवारनाशी और उर्वरक का छिड़काव कर रही हैं। प्रति एकड़ 400 रुपये का भुगतान किसानों से मिलता है। रोजाना दो से तीन हजार तक आमदनी हो जाती है। अब तक 100 एकड़ से अधिक खेतों में छिड़काव कर चुकी हैं।

यहां है ड्रोन दीदी की तैनाती

सोहावल ब्लाक में संजू यादव,पूनम, रुदौली ब्लाक में गायत्री, नैंसी व मवई ब्लॉक में सबीना और शीला यादव को ड्रोन दीदी बनाया गया है।

## सोहावल में महिला ने बैनामा को बताया फर्जी, भू माफिया पर आरोप

**अयोध्या।** सब रजिस्टार सोहावल के कार्यालय में पीड़ित महिला ललिता सिंह ने रो-रो कर अपनी आपबीती सुनाई और आरोप लगाया कि उसके साथ धोखाधड़ी की जा रही है। महिला ने मऊ यदुवंशपुर की भूमि संख्या 695 और 698 पर हुए एक फर्जी बैनामे का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा कि भू माफियाओं का नाम किसी भी दस्तावेज में नहीं हैं, ने जबरन उस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की और आज फर्जी तरीके से बैनामा कर दिया।

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में पुलिस और भू माफिया की मिलीभगत है। उसने एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यस का नाम लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि दबाव बनाने के लिए विपक्षी पार्टी एसटीएफ प्रमुख का नाम लेकर उसे परेशान कर रहे हैं। महिला ने यह भी कहा कि यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो सकती है।

# दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय उद्यान गुप्तार पार्क (कम्पनी गार्डन) गुप्तार घाट, अयोध्या में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मंडलायुक्त गौरव दयाल एवं जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की गौरवमयी उपस्थिति में पूर्वाह्न 10~00 बजे किया गया। उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी, अयोध्या द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में मण्डल के समस्त जनपदों के जिला उद्यान अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजित प्रदर्शनी में मण्डल के समस्त जनपदों से विभिन्न श्रेणियों के प्रदर्शन यथा फल, फूल एवं शाक भाजी व फल संरक्षण के विभिन्न उत्पाद व कलात्मक फूलों की रंगोली, साज सज्जा का प्रदर्शन



किया गया।

प्रदर्शनी में मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा मण्डल के 11 प्रगतिशील कृषकों को विशिष्ट औद्योगिक कार्यों के लिए बाराबंकी जनपद से मोईनुद्दीन को पॉलीहाउस में ग्लेडियोलस खेती, जगजीवन प्रसाद को आम, केला, आलू टमाटर आदि की खेती, अमेठी से यशकेन्द्र सिंह एवं कुलदीप सिंह को फलों में सुल्तानपुर से राम अछैबर को थाई अमरूद एवं कमलेश त्रिपाठी को डच रोज की खेती तथा अयोध्या में रवि वर्मा का स्ट्रॉबेरी एवं शिवम मिश्रा को शहद उत्पादन अम्बेडकरनगर से कुलदीप वर्मा को स्ट्रॉबेरी एवं सुनील वर्मा को केले की खेती करने के लिए कृषकों को मण्डलायुक्त द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा गोष्ठी की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा कृषकों की आय में वृद्धि करने हेतु पुष्प उत्पादन करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त क्रम में उप निदेशक उद्यान अयोध्या मण्डल अयोध्या गीता त्रिवेदी द्वारा कृषकों को औद्यानिक की खेतीनवीनतम तकनीकियों का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा प्रसंस्करण आधारित इकाइयों को लगाने में विभाग का सहयोग प्रदान करने में अवगत कराया गया। उक्त गोष्ठी को वृहद रूप से और अच्छी तरह से किये जाने के निर्देश मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा दिया गया, तत्क्रम में उप निदेशक उद्यान महोदया द्वारा इस प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन प्रतिवर्ष कराने एवं और अच्छी तरह से करने का आश्वासन दिया गया अन्त में अरूण कुमार तिवारी, अधीक्षक, राजकीय उद्यान, अयोध्या द्वारा मण्डल से आने वाले कृषक भाईयों एवं उच्चाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## प्रगतिशील कृषक आनंद मौर्य को अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नवाबगंज-मण्डलीय पुष्प ,फल एवं शाकभाजी प्रदर्शन राजकीय उद्यान गुप्तार पार्क, गुप्तार घाट अयोध्या आयोजित कार्यक्रम में गौ आधारित प्राकृतिक खेती,जैविक खेती एंव आई.पी.एम. विधि द्वारा फल एंव सब्जियों के उत्पादन कर्ता आनन्द कुमार मौर्य प्रगतिशील कृषक को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव दयाल मण्डलायुक्त अयोध्या एंव चन्द्र विजय सिंह जिलाधिकारी अयोध्या, कृष्ण कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या, गीता त्रिवेदी उप निदेशक उद्यान अयोध्या मण्डल अयोध्या, एंव धीरेन्द्र सिंह जिला उद्यान अधिकारी की गरिमा मरी उपस्थिति में आनंद कुमार मौर्य कृषक ग्राम पोस्ट पल्हरी विकास खंड मसौली जिला बाराबंकी को अंग वस्त्र प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर बाराबंकी जिले से प्रेम वर्मा कृषक चंद लोधी कृषक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# क्षेत्र के विकास में पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानो की अहम भूमिका होती हैः संसाद तनुज




*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** शनिवार को ब्लॉक सभागार में ब्लाक प्रमुख रईस आलम की अध्यक्षता एव अवर अभियंता प्रमोद गौतम के संचालन में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन हुई बैठक मे सांसद, विधायक एव एमएलसी ने संबंधित अधिकारियो एव कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। क्षेत्र पंचायत की बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एव क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़कर सुनाया गया तथा खर्च धनराशि की जानकारी दी गई। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि क्षेत्र के विकास में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानो की अहम भूमिका होती है। जिनके सहयोग से ही गांवो का बेहतर विकास किया जा सकता है। सपा विधायक गौरव रावत ने बैठक मे उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि आप लोग क्षेत्र की समस्याओ को हम लोगो तक पहुंचाए जिसका समय से निस्तारण कराया जा सके। विधायक ने खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव से कहा कि पंचायत का कार्यकाल कम बचा है सहयोग कर ज्यादा से ज्यादा कार्य कराये जिससे आने वाले चुनाव मे लोगो को लाभ मिल सके साथ ही जलजीवन मिशन योजना की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समय से कार्य पूर्ण कराने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिये। भाजपा एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो मे बेहतर विकास कार्य कराये जाय जिसके लिए तमाम योजनाएँ चलाई जा रही है उसे समय से पूर्ण करने मे आप लोगो की बड़ी भूमिका है। बैठक मे सभी जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य, चिकित्सा पर जमकर क्लास लगायी। बैठक मे वित्तीय वर्ष का लेखा जोखा पेश करते हुए बताया गया कि चालू वर्ष पंचम वित्त मे 2 करोड़, 25 लाख 3 हजार 30 रुपये प्राप्त हुए जिसमे 1 करोड़, 69 लाख 851 रुपये से विकास कार्य कराये गये तथा 55 लाख 42 हजार 579 रुपये शेष है इसी तरह 15 वे वित्त आयोग मे 3 करोड़13 लाख 1 हजार 428 की धनराशि के सापेक्ष 1 करोड़ 35 लाख 99 हजार 510 रुपये खर्च हुए तथा 1 करोड़ 65 लाख 32 हजार 418 रुपये है जिससे विकास कार्य कराये जाएगे।

खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि, सहकारिता विभाग, ग्राम विकास, लघु सिचाईं, प्रधानमंत्री आवास योजना, मत्स्य पालन, आजीविका मिशन, आदि योजनाओं की जानकारी बीडीसी सदस्यों एव ग्राम प्रधानों को दी। । वही एडीओ पँचायत जानकीराम ने स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा के अलावा सर्वशिक्षा अभियान, जल संरक्षण एव वर्षा संचयन, दस्तक अभियान, धान बीज, इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प, प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन,ग्रामीण स्वच्छता मिशन, मनरेगा योजना आदि पर चर्चा की गयी।

# जनता की समस्याओं को लेकर भाकियू नेता आशु ने सरकार पर बोला हमला



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश संगठन मंत्री और फायर ब्रांड नेता कुँवर उद्देन्दु प्रताप उर्फ़ आशु चौधरी ने जिला कार्यालय पर शनिवार की दोपहर एक प्रेसवार्ता करके शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में फैले भ्रष्टाचार पर अपनी बात रखी उन्होंने कहा शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सेवा भाव होना चाहिए देश संविधान से चलता है और संविधान ने हमको एक समान शिक्षा का अधिकार दिया है सभी निजी विद्यालयों में प्रतिवर्ष सिलेबस बदलना व स्कूल का भिन्न-भिन्न सिलेबस यह दर्शाता है कि शिक्षा को पूर्ण रूप से व्यवसयिककरण बना दिया गया है शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 25 त्न गरीब बच्चों को मिलने वाली फ्री शिक्षा में बड़े पैमाने पर फर्जी वाडा किया जाता है निजी विद्यालयों में द्यद्गद्ग अभिभावकों द्वारा विलंब हो जाने में बच्चों को बेइज्जत एवं बच्चों को द्र×ड्डद्व नहीं देने दिया जाता है अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है निजी विद्यालय अभिभावकों से बेमानी तरीके से धन उगाही का कार्य कर रही है ।इसी प्रकार निजी अस्पताल के भी हाल हैं कोई भी निजी अस्पताल मानक के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है बेबस गरीब मरीजों से चिकित्सा के नाम पर धन उगाही कर रही है जनपद में एक प्रत्यक्ष प्रमाण है पैंजिया हॉस्पिटल फैजाबाद रोड बाराबंकी जिसके पास न तो किसी प्रकार का प्रदूषण प्रमाण पत्र है न ही पर्यावरण प्रमाण पत्र हैं राष्ट्रीय राज्य मार्ग के 5.5 मीटर अधिग्रहण किया गया था जिसको राष्ट्रीय राज्य मार्ग ने हटवा दिया है इतने बड़े अस्पताल में शव ग्रह की सुविधा नहीं है सरकार किसी भी दुर्घटन होने पर 48 घंटे तक द्यद्धद्गद्ग चिकित्सा देने को प्रदेश के सरकारी निजी सभी अस्पतालों को निर्देशित किया है मगर निजी अस्पताल सरकार के आदेशों को दरकिनार कर मरीजों से धनउगाही कर रही है इन्हीं सब मुद्दों को ले कर संगठन द्वारा 1 मार्च दिन शनिवार को पैदल मार्च कर जनपद के जनता को संगठन के द्वारा जगरूप किया जाएगा।

## सड़क किनारे वैन का पहिया बदल रहे युवक को बस ने रौंदा, मौत

**मसौली बाराबंकी।** बीती रात्रि सफदरगंज चौराहे पर मारुति वैन की पहिया बदल रहे एक 25 वर्षीय युवक को अज्ञात डबल टेकर बस ने बुरी तरह से कुचल दिया जिससे वैन चालक की मौके पर मौत हो गयी मृतक आर्केस्ट्रा संचालक बताया जा रहा हैं। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम सुरसंडा निवासी 25 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र अशोक कुमार उर्फ़ पप्पू अपने बड़े भाई अमित व अन्य महिलाओ के साथ मारुति वैन नम्बर यूपी 32 एच डी 4379 से सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्काबाद बिरौली एक वैवाहिक कार्यक्रम मे गये थे वापसी के दौरान सफदरगंज चौराहे के निकट वैन की पहिया पंचर हो गयी जिससे वैन मे बैठी सभी सवारिया उतर गयी और आशीष वैन की पहिया बदलने लगा तभी अयोध्या की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही अज्ञात नीले रंग की डबल टेकर की बस ने बुरी तरह से कुचल दिया जिससे आशीष की मौके पर मौत हो गयी।

# जांच में गलत पाए जाने पर जेल जाने को तैयार हूँः श्रवण निषाद

## मृतक धर्मात्मा निषाद के घर पहुंचकर प्रकट किया शोक संवेदना

*अवधनामा संवाददाता*



**पनियरा (महराजगंज)।** महराजगंज जनपद के थाना पनियरा अन्तर्गत ग्राम सभा नरकटहां में चल रहे हाई प्रोफाइल धर्मात्मा निषाद आत्महत्या मामले में शनिवार को चौरी चौरा विधानसभा से विधायक श्रवण कुमार निषाद के खिलाफ ग्रामीण ने विरोध जताया और नारेबाजी की। विधायक पीड़ित परिजनों का हालचाल जानने के लिए मृतक के घर पहुंचे थे।

कैबिनेट मंत्री संजय कुमार निषाद के पुत्र चौरी-चौरा विधानसभा के विधायक श्रवण कुमार निषाद ने शनिवार को सुबह मृतक के आवास पर पहुंच कर धर्मात्मा निषाद के माता एवं धर्मात्मा निषाद के पत्नी व बड़े भाई परमात्मा निषाद से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्मात्मा निषाद मेरे परिवार में एक भाई जैसा था। उसके न रहने से हमारी पार्टी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के लिए एक अंग समाप्त हो गया। यह हमारे निषाद पार्टी की अपूर्ण क्षति है। वहीं परिवार से मिलते वक्त विधायक श्रवण निषाद ने अपने परिवार पर लग रहे आरोप को निराधार बताया। वहीं श्रवण निषाद के कई दिन बाद पहुंचने पर परिवार वालों ने विरोध भी किया।

विधायक ने परिवार के संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे ऊपर जो आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं वह झूठे हैं।

अपने परिवार को इस मामले में निर्दोष बताते हुए उन्होंने धर्मात्मा निषाद व उनकी पत्नी अंजलि तथा बड़े भाई परमात्मा निषाद को इस दुःख की घड़ी में हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि इस मामले में चल रहे जांच में कहीं से भी दोषी पाए जाने पर मैं जेल जाने को तैयार हूं। इस दुःख की घड़ी में मदद की जगह कुछ लोग राजनीतिक रोटी सेक रहे हैं।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाए त्यौहारः डीएम

**महराजगंज।** आगामी महाशिवरात्रि, होली, रमजान सहित आगामी पर्वों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना श्यामदेउरवा में विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। जिलाधिकारी श्री झा ने कहा कि महराजगंज में सभी पर्व आमतौर पर सौहार्द्र एवं भाईचारे के साथ मनाए जाते हैं, लेकिन इसके बाद भी कुछ शरारती तत्वों के कारण हमेशा अशांति की आशंका बनी रहती है। पुलिस अधीक्षक श्री मीना ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक खबर/अफवाह न फैलाएं और न ही ऐसी खबरों के प्रभाव में आएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर है और आपत्तिजनक अथवा भ्रामक खबर पोस्ट करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# जनता की सेवा के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारीः पंकज चौधरी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को संसद के शीतकालीन सत्र के अवकाश के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र में प्रवास करते हुए महराजगंज स्थित अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और क्षेत्र के आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में उपस्थित लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिनमें क्षेत्रीय विकास, आधारभूत सुविधाओं, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों से संवाद किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि क्षेत्र वासियों की सेवा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्र की प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के साथ हल करने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, ओमप्रकाश पटेल, अमरनाथ पटेल, शैलेश पाण्डेय, विवेक गुप्ता, रमेश पटेल, गिरिजेश जायसवाल, तारा चौधरी, नंदू दूबे, राजेश सिंह, प्रदीप गौड मौजूद रहे।

## एआरटीओ ने जनपद के ब्लैक स्पाटो का किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** हाईवे पर सड़क सुरक्षा नियमों एवं दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओं प्रवर्तन की टीम नें हाइवें स्थित अवैध ढाबों, होटल, वर्कशॉप के सामने बे-ढंग खड़े 12 वाहनों के चालान किये। एआरटीओं प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती शुक्ला नें वाहन चालकों कों जागरुक करते हुए कहा कि हाईवे स्थित होटल, मोटर वर्कशॉप, अवैध दुकानों पर सही स्थान पर वाहन खड़ा करे। इसके उपरान्त एआरटीओं नें हाइवें स्थित ढाबा संचालकों कों सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुयें जागरुक किया। इसके साथ ही टीम ने जनपद के ब्लैक स्पाटो का भी निरीक्षण किया।

# इटवा पुलिस को मिली बड़ी सफलता : पिकअप चोरी के आरोपी असलहे के साथ धराये

- हफ्ते भर के अन्दर इटवा पुलिस ने किया पर्दाफाश
- दो युवकों को किया गिरफ्तार, सामान बरामद
- इटवा पुलिस के पर्दाफाश से पीड़ितो में हुआ विश्वास

अवधनामा संवाददाता




**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा पुलिस ने गुरुवार को अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण इटवा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के निर्देशन में पिकअप चोरी के मामले में बड़ा खुलासा किया है। चोरों ने कमदा लालपुर से पिकअप को चुरा लिया था। पुलिस ने कार्रवाई कर दो चोरो को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। करने साथ अवैध असलहा तमंचा आदि भी बरामद किया है।

मामला 17 फरवरी 2025 की रात का है। फरियादी ने 17 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि मेरे घर के सामने खड़ी पिकअप रात तीन बजे के आसपास चुराकर ले गए। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर इटवा श्रीप्रकाश यादव क्राइम इंस्पेक्टर के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिरों की मदद और कड़ी मेहनत से बाइक से आये दोनों आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में सुभाष कोरी पुत्र अवधराम कोरी निवासी मसिना थाना शोहरतगढ़ व खुर्शीद उर्फ सिर्रा पुत्र अब्दुल हमीद निवासी धनौरा मुस्तहकम थाना शोहरतगढ़ शामिल हैं। उप निरीक्षक जयप्रकाश पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अर्री नहर पुल के करीब 200 मीटर पहले बार्डर डेबलपमेन्ट रोड का मोड थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ को एक एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ धर दबोचा। जामा तलाशी से अभियुक्त सुभाष कोरी के पास से 3300 रुपये व अभियुक्त खुर्शीद उर्फ सिर्रा के पास से 3400 रुपये बरामद हुये। अभियुक्तगण से पूछताछ के दौरान बताये कि 17 फरवरी को ग्राम कमदालालपुर थाना क्षेत्र इटवा से पिकप गाड़ी नं0 यूपी 11 टी 9724 चोरी कर ले गये थे जिसे अभियुक्तगण के निशांदेही पर बरामद किया गया। तथा अभियुक्तगण द्वारा थाना क्षेत्र इटवा के ग्राम महादेव घुरहू व थाना क्षेत्र त्रिलोकपुर व थाना क्षेत्र कोतवाली सिद्धार्थनगर में चोरी की घटना को अन्जाम देने की बात स्वीकार किये जिसके आधार पर अभियुक्तगण का नाम प्रकाश में लाया गया तथा अभियुक्तगण के पास से बरामद अवैध देशी तमंचा व कारतूस के आधार पर थाना स्थानीय पर शनिवार को मु0अ0सं0 25/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सुभाष कोरी पुत्र अवधराम कोरी निवासी मसिना थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर व मु0अ0सं0 26/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम खुर्शीद उर्फ सिर्रा पुत्र अब्दुल हमीद निवासी धनौरा मुस्तहकम थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर पंजीकृत कर बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय जेल भेजा गया एवं अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। इटवा पुलिस ने एक अदद पिकप यूपी 11 टी 9724, एक अदद मोटर साईकिल नं0 आरजे 60 एसएच 764, दो अदद देशी तमन्चा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर व दोनों आरोपियों के पास से 6700 नकद बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जयप्रकाश पाण्डेय, नागेन्द्र सिंह, का0 रविश यादव थाना इटवा व का0 अनिल कुमार, का0 भानू प्रताप सिंह थाना ढेबरुआ शामिल रहे।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के प्राथमिक विद्यालय महादेवा मौलवी में शनिवार को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने किया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्रों ने तेरी बीड़ा की बन जाऊं तार, ए वतन आबाद रहे तू, ओ देश मेरे , बुमरो रे बुमरो गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की सराहना बच्चों के अभिभावकों व अतिथियों ने किया। मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन होने से बच्चों का मनोबल ऊंचा होता है। छात्र छात्राओं को अपने हुनर व कला का प्रदर्शन करने का एक प्लेटफार्म मिलता है। उन्होंने कहा कि समुदाय के लोग, अभिभावक, शिक्षक व बच्चे सभी लोग मिलकर विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने का प्रयास करें। विद्यालय के छात्र अनुज, सूरज, अनीता, आदित्य, दिव्यांशी, पंकज, शिव, सुग्रीव, कविता, अंकित, रोहन, सोमनाथ, सोनाक्षी, पुष्पा व प्रियांशु को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान राममिलन चौधरी, प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार, सीएचओ मोनी, लाल जी यादव, मुस्तन शेरुल्लाह, सुरेंद्र कुमार प्रजापति, स्मृति, अलका देवी, जितेन्द्र कुमार, राकेश कुमार राज, सुजीत यादव, पप्पू यादव, गिरजेश चौधरी, विवेक पांडेय,आदि लोग मौजूद रहे।

## किसान संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**पथरा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम खोरिया रघुवीर सिंह में शनिवार 22 फरवरी को किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराह्न 11 बजे से आयोजित संगोष्ठी को कृषक भारतीय कोआपरेटिव बस्ती के तरफ से किसानों को खाद से उत्पन्न हो रही समस्याओं के बारे में बताया गया। सुदीप सिंह क्षेत्रीय प्रबन्धक ने कहा यूरिया की कीमत प्रति बैग 2200 रुपए पड़ रहे हैं परन्तु छूट के कारण सस्ती मिल रही है। कुछ दिन बाद फार्मर रजिस्ट्री कार्ड के माध्यम से सब कुछ संचालित होगा। जैविक खाद का प्रयोग करें। अच्छी चीजों का उपयोग करें, रासायनिक खादों का प्रयोग बहुत कम करें जिससे खेत की उर्वरा शक्ति बनी रहे। खेतों में 33 प्रतिशत जिंक का उपयोग करें। संगोष्ठी में चंद्र प्रकाश चौधरी,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सलाउद्दीन, बबलू पाठक, राकेश दूबे, विश्वनाथ धर दूबे, सुनील मिश्रा, अमरेन्द्र सिंह, अशोक दूबे, रामाशीष पाठक मुबारक अली, नारद गुप्ता शकील अहमद, वंश मणि पाठक के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की तीसरी बरसी मनायी गयी



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य मंत्री व नेता विरोधी दल रहे स्वर्गीय अहमद हसन व उनकी पत्नी स्व. नजमा बेगम की तीसरी बरसी के मौके पर उनके पैतृक आवास नगर के मोहल्ला दलालटोला में शनिवार को कुरआन ख्वानी व फातिहा ख्वानी मदरसा निदाए हक में कराई गई। पूर्व मंत्री की याद में आयोजित जलसे की सदारत जसीमुद्दीन ने की।प्रोग्राम की शुरुआत कुरआन ख्वानी से हुई। बाद जलसा इसाले सवाब की शुरुआत मजहर जमाल व मास्टर मेराज आलम वगैरा ने नात पाक व मनकबत पढ़कर खिराजे अकीदत पेश की। इस मौके पर अल्लामा हबीबुर रहमान नूरी प्रिंसिपल मदरसा निदाए हक ने स्वर्गीय अहमद हसन व उनकी पत्नी की कामयाब जिंदगी व पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया। प्रोग्राम के आखिर में उनकी मजार पर गुलपोशी की गई। प्रोग्राम में स्वर्गीय अहमद हसन के बेटे हामिद हसन अंसारी, पूर्व विधायक अजीम उल हक पहलवान के पुत्र मुसाब अजीम, शम्सुल हक, हबीब अहमद, मजहरुल हक, मोहम्मद इरशाद, मास्टर अब्दुल कलाम, मुशर्रफ अजीम, मसरूर आलम, वसीम अहमद, निसार अहमद, डॉक्टर अभिषेक सिंह, रिजवान अहमद, मास्टर यासिर हयात, मोहम्मद आसिफ, अब्दुल, अब्बास नागपुरी, मोहम्मद आकिब समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटवा में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का तीसरा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें बच्चों को साफ सफाई के बारे में बताया गया। इसके साथ बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटवा में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का तीसरा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को साफ सफाई के महत्व के बारे में बताया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। उक्त समस्त कार्यक्रम का निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ अष्टभुजा पाण्डेय ने बच्चों में विभिन्न प्रतियोगिताओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता का मूल्यांकन महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ डॉ नूरुल हसन, अम्बिकेश्वर त्रिपाठी, डॉ लाल बहादुर यादव, राकेश दूबे, श्रीमती रंजना दूबे, मो. आजम, मो. निजाम, अंकित चतुर्वेदी, सूर्य प्रताप मणि त्रिपाठी, सुयंत चौधरी, आशुतोष पाण्डेय, राज नरायन पाण्डेय, अमित त्रिपाठी का विशेष सहयोग रहा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति का नेपाल पर अपमानजनक बयान देश की संप्रभुता और सम्मान पर गहरा आक्रमण: मशहूद खान

अवधनामा संवाददाता



**कृष्णानगर, नेपाल।** नेपाल की संप्रभुता की सुरक्षा के लिए एक अभूतपूर्व बैठक का आयोजन कृष्णानगर के वार्ड नंबर 6 और 7 में माओवादी केंद्र पार्टी द्वारा किया गया। बैठक में नेपाल की स्वतंत्रता, सम्मान और संप्रभुता की रक्षा के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता का संकल्प लिया गया तथा देश की एकता और जनकल्याण के मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। वार्ड नंबर 6 में अब्दुल रकीब खान की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष ज्ञानमती यादव और सचिव सर्वेश मिश्रा को चुना गया। वार्ड नंबर 7 में भी एक नई 21 सदस्यीय समिति गठित की गई, जिसकी अध्यक्षता आनंद प्रणानंद मिश्रा ने की, और उपाध्यक्ष शाहजहाँ शाह तथा सचिव उदय राज मौर्य को चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, लुम्बिनी प्रदेश के सदस्य मौलाना मशहूद खान नेपाली ने अपने भाषण में गहरी भावनाओं और जोश के साथ कहा, नेपाल एक संप्रभु राष्ट्र है, और हम अपनी संप्रभुता और गौरव पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नेपाल को ठग कहे जाने का बयान हमारे राष्ट्र की इज्जत पर न केवल हमला है, बल्कि यह हमारे पूरे राष्ट्रीय गौरव को चोट पहुँचाने वाला है। हम इस अपमानजनक बयान की कड़ी निंदा करते हैं और इस बयान के खिलाफ हर स्तर पर आवाज उठाएंगे। मौलाना मशहूद खान नेपाली ने कहा, यह हमारी सरकार की कमजोरी है कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नेपाल के सम्मान को बढ़ावा देने में विफल रही है। हम यह साफ-साफ कहते हैं कि नेपाली जनता ऐसे अपमानजनक फैसलों और बयानों को कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार को चाहिए कि वह अमेरिकी दूतावास को तलब कर इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराए। मौलाना मशहूद खान ने कहा कि नेपाल की जनता के साथ मिलकर हम एक मजबूत क्रांतिकारी आंदोलन की शुरुआत करेंगे, जो हमारे गौरव, हमारी संप्रभुता और हमारे राष्ट्रीय पहचान को वैश्विक मंचों पर और अधिक मजबूती से स्थापित करेगा। नेपाल की इज्जत और संप्रभुता की रक्षा हमारी सर्वोत्तम प्राथमिकता है, और हम इसे किसी भी कीमत पर खतरे में नहीं डालने देंगे। कृष्णनगर समिति के अध्यक्ष जावेद आलम खान ने इस अवसर पर कहा, ÷हमारे लिए नेपाल की स्वतंत्रता, संप्रभुता और सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है। हम किसी भी कीमत पर अपनी मातृभूमि की रक्षा करेंगे। यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि हम अपने देश की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में तुफैल आलम खान और आज़ाद अहमद खान नाजिम की कड़ी मेहनत की सराहना की गई, जिनकी बदौलत यह ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कंपोजिट विद्यालय मिनवा में शिक्षक - अभिभावक संवाद में संपन्न

**गोरखपुर।** पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत मिनवा में शिक्षक-अभिभावक संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, विद्यालय के शिक्षकगण और विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भाग लिया। संवाद का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक और मानसिक विकास के बारे में चर्चा करना था।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों तथा सुधार के क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल ने सुझाव दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे संवादों से विद्यालय और घर के बीच सहयोग मजबूत होता है, जिससे बच्चों के समग्र विकास में मदद मिलती है। इस अवसर पर अभिभावकों ने संवाद को सकारात्मक और उपयोगी बताया। यह संवाद विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र चौबे, शिक्षक गंगाशरण, अरविंद, कृष्णों, कनक सिंह, प्रियंका ,अभिभावक में मुन्नी, सरोज ,फूलमती, माया, भुआल निषाद, कमलेश के साथ कई लोग मौजूद रहे।

## ब्रिटानिया टोस्टी अपनी क्रंची स्वाद के साथ महाकुंभ 2025 के श्रद्धालुओं को दे रहा शानदार अनुभव

अवधनामा संवाददाता


**गोरखपुर।** देश भर में असंख्य परिवार अपने दिन की शुरूआत एक कप गर्म चाय और कुरकुरे ब्रिटानिया टोस्टी के साथ करते हैं। परफेक्ट क्रन्च और फ्लेवर से युक्त ब्रिटानिया का टोस्टी रोज़मर्रा में चाय के स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है, चाय के हर घूंट के साथ स्वादिष्ट अनुभव प्रदान कर आपकी सुबह की क़रारी शुरूआत करता है। इस अवसर पर युधिष्ठर श्रृंगी, चीफ़ बिज़नेस ऑफिस ब्रेड केक एण्ड रस्क, ब्रिटानिया ने कहा, ''ब्रिटानिया टोस्टी के साथ हम देश भर के उपभोक्ताओं को स्वादिष्ट एवं आरामदायक अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुंभ 2025 ने हमें ब्राण्ड के वादे 'क़रारी शुरूआत, चाय और टोस्टी के साथ' पर, खरे उतरने का अवसर प्रदान किया है। हमें गर्व है कि हम उपभोक्ताओं की सुबह की शुरूआत का अभिन्न हिस्सा हैं और आने वाले समय में भी उन्हें ऐसी ही क़रारी शुरूआत का आनंद प्रदान करते रहेंगे।''चाय और टोस्टी के साथ क़रारी शुरूआत' के वादे के साथ ब्रिटानिया टोस्टी देश भर में कई कस्टमर टचपॉइन्ट्स के माध्यम से उपलब्ध है और महाकुंभ 2025 भी ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पल है। लाखों श्रद्धालु शांति और अध्यात्म की तलाश में इस भव्य मानव समागम में पहुंच रहे हैं, और ब्रिटानिया टोस्टी उनकी दिन की शुरूआत के लिए गरमा-गरम और परिचित अनुभव प्रदान कर रहा है। आकर्षक ब्राण्ड कम्युनिकेशन्स के ज़रिए श्रद्धालु ब्रिटानिया टोस्टी के अलग-अलग स्वादों का जान रहें हैं और चाय व रस्क का आनंद ले रहे हैं। तो अपनी गर्म चाय की प्याली में ब्रिटानिया टोस्टी को डिप कीजिए।

BRITANNIA ToasTea PREMIUM BAKE RUSK

## संयुक्त टीम ने 18 गिट्टी के ओवरलोड ट्रकों किया सीज

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जनपद की सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों की धरपकड़ के लिए सुबह राजस्व टीम, परिवहन विभाग व पुलिस की टीम ने अभियान चलाया। जिंसमे जांच के दौरान गिट्टी के 18 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा। कागज ने दिखा पाने पर सभी वाहनों को सीज कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार सिंह, एआरटीओ व खनिज अधिकारी व एसओ आटा अजय कुमार सिंह ने सुबह आटा टोल के पास संयुक्त रूप से अभियान चलाया जिंसमे झाँसी की तरफ से आ रहे 18 ओवरलोड गिट्टी के वाहनों की जांच की जिंसमे बिना प्रपत्र के ट्रक मिले जिन्हें सीज कर नवीन गल्ला मंडी में खड़ा करा दिया गया। एआरटीओ ने बताया कि सभी वाहनों को सीज जुर्माना भरने के बाद ही वाहनों को छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि अब घाटों से बालू खनन तेज हो रहा है। अवैध बालू को भी पकड़ने के लिए पूरी कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए घाटों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और पीटीजेड कैमरों की मदद भी ली जा रही है। इसके अलावा पुलिस कर्मियों की टीम से भी पूरी मदद ली जा रही है। जिलाधिकारी का सख्त निर्देश है कि किसी भी प्रकार के असंवैधानिक कार्य को होने नहीं दिया जाए।

## सेखुईया चौराहे पर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन



सांसद ने गिनाई सरकार की योजनाएं

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड सदर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ के सेखुईया चौराहे पर सांसद जगदंबिका पाल का स्वागत एव चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों द्वारा सांसद का मालयार्पण करके स्वागत किया गया। चौपाल कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना व विकास कार्यो की चर्चा की तथा लोगों की समस्याओं को जाना। पाल ने कहा कि इसके पहले जितने भी सांसद हुए जितने के बाद कोई सेखुईया चौराहे तक नहीं आ पाते थे।मै एक ऐसा सांसद हु की जब आप बुलायेंगे यह सासंद आपके बीच खड़ा मिलेगा। पाल ने कहा कि आज लोगों को मुंबई जाने के लिए गोरखपुर जाके एक दिन पहले इंतज़ार नहीं करना पड़ता है। पहले मुम्बई दिल्ली गुजरात जाने के लिए लोग बस्ती गोंडा आदि जाते थे। लोगों को अब धक्का नहीं खाना पड़ रहा है सिद्धार्थनगर में ही दिल्ली गुजरात व मुम्बई जाने के लिए ट्रेन मिल जा रही है।सिद्धार्थ नगर का वह भी सपना पूरा हो गया है। अब डुमरियागंज रेल लाइन भी बनने जा रहा है। सिद्धार्थ नगर में मेडिकल कॉलेज का सपना था मेडिकल कॉलेज भी बन गया है अब गंभीर बीमारियों का इलाज आसानी से हो जा रहा है। चौपाल कार्यकर्म में सांसद प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल, रिंकू पाल, सब्लू सहनी केशव राजभर,विजय यादव,अनवर,राजेन्द्र गादर रवि पांडेय आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में बच्चों के प्रतिभा को निखारने के लिए किया रंगोली प्रतियोगिता आयोजन

**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एनएसएस के तीसरे एक दिवसीय शिविर डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको को साफ सफाई के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही इस अवसर बच्चों के प्रतिभा को निखारने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, उक्त समस्त कार्यक्रम का निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अष्टभुजा पाण्डेय पाण्डेय ने बच्चों को लिए प्रेरित किया। रंगोली प्रतियोगिता में मूल्यांकन महाविद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कुल 10 टीमो ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के स्टाफ डॉ0 नुरुल हसन, अम्बिकेश्वर त्रिपाठी, लाल बहादुर यादव, श्री राकेश दुबे, रंजना दुबे, मोहम्मद आजम, मोहम्मद निजाम, अंकित चतुर्वेदी, सूर्यप्रताप मणि, सुयन्त चौधरी, आशुतोष पाण्डेय, रामनारायण पाण्डेय, अमित त्रिपाठी, का विशेष सहयोग रहा।




## विरासत महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मंडल आयुक्त श्री गौरव दयाल, एमएलसी डॉक्टर हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर आयुक्त, अपर जिला अधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्ता की उपस्थिति में अंबेडकर नगर विकास में विरासत महोत्सव का उद्धाटन दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत उपरोक्त अतिथियों द्वारा गुब्बारे के गुच्छे को तथा कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ जनपद के खेल प्रतिभा को ई स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयशा पुत्री श्री दयाराम ग्राम पक्खन पुर विछैला, 72 किलो कुश्ती भार वर्ग में प्रदेश स्तर पर गोल्ड मेडल चैंपियन।

## तरल नैनो यूरिया, नैनो डीएपी पर आधारित सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र बंजरिया, बस्ती के नाना जी देशमुख सभागार में इफको बस्ती द्वारा तरल नैनो यूरिया, नैनो डीएपी पर आधारित सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफको के उप महाप्रबंधक डॉ. आर.के. नायक ने अपने संबोधन में कहा कि इफको के नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के प्रयोग से मृदा के स्वास्थ्य में सुधार, जल एवं वायु प्रदूषण में कमी, फसल के उत्पादन व गुणवत्ता में वृद्धि तथा पारंपरिक उर्वरकों के प्रयोग में कमी होती है। इफको द्वारा इस समय विकसित सल्फर वेंटोलाइट, जिंक सल्फेट, मोनोहाइड्रेट, मैग्नीशियम सल्फेट, बोरान एवं नेचुरल पोटाश उपलब्ध है, जो किसानों को बाजार में आसानी से मिल जाती है, और इसके प्रयोग से फसल के उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि होती है। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ पी.के. मिश्रा ने कहा कि ठोस उर्वरकों की अपेक्षा जल विलेय उर्वरकों के प्रयोग से उत्पादन में वृद्धि होती है। केंद्र के वैज्ञानिक आर. बी. सिंह ने कहा कि इसको बायो-डी कंम्पोजर के प्रयोग से फसलों के अवशेष और अन्य बायोवेस्ट से कंपोस्ट बनता है। मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की गतिविधियां बढ़ाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति और उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है।

## पीएचडी सेमिनार का हुआ आयोजन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बाबा बरुआ दास पी जी कालेज परुइय्या आश्रम अम्बेडकर नगर के संस्कृत विभाग में प्री पी-एच 0डी सेमिनार सम्पन्न हुआ। कालेज के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ राजेश उपाध्याय के निर्देशन में महाकवि कालिदास के काव्यों में लोक धर्म -एक समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से पंजीकृत शोधार्थी रंजना सिंह ने अपना प्री सम्मिशन कार्य विभागाध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ अनिल कुमार मिश्रा, डॉ सत्येन्द्र कुमार यादव, डॉ सत्य प्रकाश पाण्डेय सहायक आचार्य, विभागाध्यक्ष समाज शास्त्र डॉ अमर नाथ राम अचल यादव, सुशील कुमार त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ चन्द्रकेश व श्रेया,दिव्या आदि छात्राओं की पृच्छा का शोधार्थी ने शमन किया। उप प्राचार्य/विभागाध्यक्ष तथा शोध निर्देशक डॉ राजेश उपाध्याय ने शोध कर्ता रंजना के शोध प्रबन्ध को जमा करने की संस्तुति सहित अग्रसारित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की एवं स्नेहिल शुभाशीष प्रदान किया।

## प्रस्तावित निर्माण को रोका जाये

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन नगर के एकमात्र खेल का मैदान छत्रसाल ग्राउंड पर नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तावित गेस्ट हाउस एवं दुकानों के निर्माण से लगभग एक तिहाई मैदान प्रभावित हो रहा है। श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय को सम्बोधित ज्ञापन में मांग की गई, कि उक्त प्रस्तावित निर्माण को रोका जाये अथवा उसे अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किया जाये। ताकि एकमात्र खेल का मैदान सुरक्षित रह सके। प्रत्येक वर्ष इस मैदान पर अंतर्राजीय, जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताये, जिला स्तर, मण्डल स्तर तथा सरकारी ब्लॉक स्तर तथा युवा मंगल दल एवं पुलिस भर्ती का शारीरिक प्रशिक्षण तथा एनसीसी प्रशिक्षण कैंप और फौजी ट्रेनिंग, क्रिकेट, हॉकी व अन्य प्रतियोगितायें होती रहती हैं।

# थाना समाधान में निराश लौटे फरियादी



अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** थाना कोतवाली बांसी में शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस मे कुल 5 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। नायब तहसीलदार ने लंबित सभी शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को देते हुए दोनों पक्षों की मौजूदगी में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से समय सीमा के भीतर निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र के मटियरिया स्थित राम जानकी मन्दिर के पुजारी से संबंधित सनसनीखेज मामला ग्राम वासी भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में ग्राम वासियों द्वारा पेश आया। समाधान दिवस में पेश किए गए महज्जरनामा शिकायती पत्र में ग्रामीणों द्वारा मंदिर से संबंधित आय में गोलमाल करने का आरोप लगाते हुए पुजारी को मंदिर से हटाने की मांग किया है। कार्यक्रम में अतिरिक्त निरीक्षक राम नरायन दुवे सहित शिवमंगल यादव अनिल श्रीवास्तव प्रभात सैनी ग्रीशचंद्र श्रीवास्तव पुलिस और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अब्दुल सत्तार खाँ महाविद्यालय, खीरों, रायबरेली
(सम्बद्ध—लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
आवश्यकता है – प्राचार्य एवं प्रवक्ता/सहा० आचार्य की निम्नवत् विषयों हेतु। शैक्षिक योग्यता – उपरोक्त समस्त पदों हेतु यू०जी०सी० के मानकों के अनुसार(पी०एच०डी०,नेट)।
संचालित विषय
बी०ए० – 1.अर्थशास्त्र, 2.हिन्दी साहित्य, 3.अंग्रेजी साहित्य, 4.भूगोल, 5.समाजशास्त्र, 6.शिक्षाशास्त्र, 7.गृहविज्ञान, 8.शारीरिक शिक्षा 9.चित्रकला, 10.हिन्दी भाषा, 11.इतिहास, 12.सैन्य अध्ययन, 13.राजनीति विज्ञान, 14. उर्दू
बी०एस०सी० – 1.भौतिक विज्ञान, 2.गणित 3.रसायन विज्ञान, 4.जन्तु विज्ञान, 5.वनस्पति विज्ञान, 6.शारीरिक शिक्षा
बी०काम० (वाणिज्य संकाय) समस्त अनिवार्य विषय
बी०एड० संकाय (समस्त अनिवार्य विषय) अर्हता- स्ववित्तपोषी राजाज्ञानुसार तथा यू०जी०सी० के मानकों के अनुसार(पी०एच०डी०,नेट)
बी०टी०सी०/डी०एल०एड० संकाय हेतु:-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता/सहा० आचार्य की :शैक्षिक योग्यता -प्राचार्य/विभागाध्यक्ष- अर्हता स्नातकोत्तर55%, एम0एड050% एवं सम्बन्धित अनुभव,प्रवक्ता- अर्हता स्नातकोत्तर50% एम०एड०50%
लिपिक, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर(डेटा हिन्दी टाइपिंग), लिपिक लेखाकार,चतुर्थ श्रेणी के लिये इच्छुक अभ्यर्थी सीधे महाविद्यालय मे सम्पर्क करे। वेतनमान:रू० 20000-30000/मानकानुसार
सम्पर्क सूत्र :—8601366666, 8299635198
प्रधान कार्यालय—नेहरू नगर रायबरेली मो0 नं0— 7704001444
E-mail :-manager.babujsgp@gmail.com

## हिंदी-तमिल लड़ाई

तमिलनाडु और उससे पहले मद्रास प्रांत में हिंदी भाषा का विरोध बहुत पुराना है। सबसे पहले ब्रिटिश भारत में 1937 में हिंदी-विरोधी आंदोलन छेड़ा गया। भारत में जब कांग्रेस की प्रथम सरकार थी, तब भी सी. राजगोपालाचारी के नेतृत्व में आंदोलन सुर्ख हुआ। बाद में पेरियार (ईवी रामासामी) और विपक्षी न्यायमूर्ति पार्टी (बाद में द्रविड़ कषगम) ने आधिकारिक भाषा के तौर पर हिंदी का विरोध किया। संविधान निर्माण के दौरान भी यह गरम बहस का मुद्दा बना रहा। जब 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ और हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा तय कर दिया गया, तो 1965 के बाद कुछ गैर-हिंदी राज्यों ने उसे स्वीकार नहीं किया। वे राज्य अंग्रेजी के ही उपयोग के पक्षधर थे और अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर दुराग्रही थे। 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने आधिकारिक भाषा हिंदी और अंग्रेजी के अनिश्चित उपयोग के मद्देनजर आधिकारिक भाषा अधिनियम में संशोधन किए। जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और द्रमुक नेता अन्नादुरई के बीच त्रि-भाषा फॉर्मूले पर संवाद तो हुआ, लेकिन हिंदी-विरोध के पूर्वाग्रह आक्रामक ही रहे। करीब 88 साल लंबा वक्त गुजर चुका है। शीर्षस्थ नेता दिवंगत होकर अतीत बन चुके हैं। अब विवाद केंद्र की मोदी सरकार और तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक सरकार तक आ पहुंचा है, लेकिन तमिलनाडु में प्रचारित किया जा रहा है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा, राजभाषा और उसके अध्ययन के लिए थोपा जा रहा है। तमिलनाडु को यह स्वीकार्य नहीं है। वोट बैंक का भी सवाल है। केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सरीखे दक्षिणी राज्यों में हिंदी-विरोध के आंदोलन और पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम हैं। वे उग्र भी नहीं हैं। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बीच यह मुद्दा सुलगता जा रहा है।

हालात टकरावपूर्ण हैं, क्योंकि 2026 में विधानसभा चुनाव भी हैं। भारत सरकार का सहज आग्रह है कि तमिलनाडु को संवैधानिक व्यवस्था को स्वीकार करना चाहिए। लड़ाई छात्रों के नाम पर लड़ी जा रही है, लेकिन उनके शैक्षिक भविष्य और बाद में कौशलपूर्ण रोजगार पर विमर्श शून्य है। केंद्र ने 'समग्र शिक्षा योजना' के तहत तमिलनाडु के हिस्से के आर्थिक संसाधन फिलहाल रोक दिए हैं। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक तमिलनाडु भारत सरकार की भाषायी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करता। तमिल सरकार हिंदी के अध्ययन को छात्रों पर अतिरिक्त मानसिक बोझ और 'सांस्कृतिक आक्रमण' करार दे रही है, लिहाजा समग्र शिक्षा के बजट को रोकना संघीयवाद का उल्लंघन मान रही है। शायद राज्य सरकार सर्वोच्च अदालत की चौखट भी खटखटाए! हालांकि हम बजट को रोकना 'असंसदीय' मानते हैं और इसे अनधिकार चेष्टा भी करार देते हैं। इस संदर्भ में शैक्षणिक योग्यता ही मानदंड होना चाहिए। एक हालिया रपट में खुलासा किया गया है कि तमिलनाडु में सरकारी स्कूल की 5वीं कक्षा के 36 फीसदी छात्र कक्षा 2 के स्तर के पाठ्य को ही पढ़ पाते हैं, जबकि 21 फीसदी छात्र ही भाग का सवाल कर पाते हैं। ऐसे छात्रों का राष्ट्रीय औसत क्रमशः 49 फीसदी और 31 फीसदी है। साफ है तमिलनाडु का भविष्य कमजोर और अक्षम है। हिंदी बनाम तमिल की तुलना में यह बेहद संवेदनशील स्थिति है।

**रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 लंबे सालों का राजनीतिक सफर पार किया है, लेकिन सवाल किया जा रहा है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। इसका साफ जवाब है कि महिला वोटरों को साधने का प्रयास किया गया है।**

# दिल्लीवासियों को डबल इंजन की सरकार से हैं बहुत उम्मीदें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने आम आदमी पार्टी की केजरी 'वाल' पूरी तरह चकनाचूर कर दी है। ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारतीय जनता पार्टी ने 27 साल के बाद दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की है। इससे राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में भाजपा की शानदार वापसी के साथ ही आप की विदाई भी सुनिश्चित हुई।


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

करीब-करीब तीन दशक के बाद भाजपा की सत्ता में वापसी ने राजधानी में एक नए युग की शुरुआत की है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम ने ये साबित कर दिया है कि इस बार जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया। यही वजह थी कि इस चुनाव में आम आदमी पार्टी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल भी अपनी नई दिल्ली सीट तक नहीं बचा पाए। यही हाल सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं का भी हुआ है। दरअसल, केजरीवाल अपने वादों पर टिके ही नहीं और झूठ-फरेब की राजनीति करते रहे। इसे जनता ने बर्दाश्त नहीं किया। भाजपा ने 70 में से 48 सीटें हासिल की, जिसने राजधानी के राजनीतिक परिदृश्य में एक निर्णायक और ऐतिहासिक बदलाव हुआ, जबकि आप 2020 के चुनाव में हासिल अपनी पिछली 62 सीटों में से 40 सीटें खो दी। 20 फरवरी को रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न, विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं।

यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलत~ राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा



अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 लंबे सालों का राजनीतिक सफर पार किया है, लेकिन सवाल किया जा रहा है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। इसका साफ जवाब है कि महिला वोटरों को साधने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अब महिला सशक्तिकरण की राजनीति पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। सवर्ण जाति के वोटरों के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी, ओबीसी और कुछ हद तक दलितों को भी भाजपा के साथ जोडने की सफल राजनीति की है, नतीजतन 20 से अधिक राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं।

बहरहाल दिल्ली का परिदृश्य कुछ अलग रहा है। दिल्ली में साक्षरता दर 88 फीसदी से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय भी औसतन 4 लाख रुपए से ज्यादा है। नागरिक जागरूकता भी काफी है। दिल्ली देश की राजधानी के साथ-साथ 'मिनी भारत' भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 के चुनाव में महिलाओं पर खूब फोकस रखा, नतीजतन पार्टी को 45 फीसदी से अधिक महिला वोट मिले। अब रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना कर महिला जनाधार को साधने की कोशिश की गई है। दिल्ली में वैश्य आबादी सिर्फ 8 फीसदी है। जाट आबादी भी लगभग इतनी ही है। भाजपा ने नई नेतृत्व-रेखा खींच कर दिल्ली की करीब 1 करोड़ महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। भाजपा भी नए मुख्यमंत्री की व्याख्या इसी तरह कर रही है। अब पूरे देश में ममता बनर्जी और रेखा गुप्ता, दो ही महिला मुख्यमंत्री हैं।

शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद, दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में पहली कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें सीएजी की रिपोर्टों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगले सप्ताह शुरू होने वाले दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में इन 14 लंबित सीएजी रिपोर्टों को पेश किया जाएगा। इसके साथ ही, कैबिनेट ने आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू करने की भी मंजूरी दी, जिसके तहत 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा सुविधा दिल्ली में नवगठित भाजपा सरकार ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 24 फरवरी से तीन दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र बुलाने का निर्णय लिया है। यह सत्र 24, 25 और 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जबकि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवकाश के कारण कोई बैठक नहीं होगी। इस सत्र में सभी नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे, और पांच वर्षों से लंबित 14 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्टों को विधानसभा में पेश किया जाएगा। इन रिपोर्टों में कथित शराब घोटाले सहित कई वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं का जिक्र होने की उम्मीद है, जो आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार के कार्यकाल से संबंधित हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 8 फरवरी को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पिछली सरकार के कथित भ्रष्टाचार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, ये 'आपदा' लोग अपने घोटालों को छिपाने के लिए हर दिन नई साजिश रचते थे, लेकिन अब दिल्ली का जनादेश मिल गया है। मैं गारंटी देता हूं कि सीएजी रिपोर्ट पहले ही विधानसभा सत्र में पेश की जाएगी। भ्रष्टाचार के हर तार की जांच होगी और जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा। यह बयान नई सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शपथ लेने के बाद से ही दिल्ली की नई मुख्यमंत्री एक्शन मोड में है। केजरीवाल सरकार की मुफ्त योजनाओं को जारी रखना, प्रदूषण कम करने की शुरुआत करना, स्वच्छ पेयजल, सडक़ों का परिसंस्कार और यमुना की सफाई जैसे मसलों पर परीक्षा होगी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों।

## त्रिभाषा सूत्र लागू करने वाला पहला राज्य बना हरियाणा

हरि की धरा 'हरियाणा' से शिक्षा क्षेत्र में आज से नया अध्याय जुड़ गया है। शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक स्तर पर त्रिभाषा सूत्र लागू करने में हरियाणा ने पहला राज्य बनने का गौरव हासिल किया है। अब तक केवल अखबारी बयानों की सुर्खियों में रहने वाले त्रिभाषा सूत्र को आज से व्यवहारिक रूप से लागू करने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। आदेशों के तहत नए सत्र से प्रदेश के 9वीं और 10वीं के छात्रों को अब सात विषय पढ़ने होंगे। इसमें संस्कृत वैकल्पिक विषय न होकर त्रिभाषा सूत्र के तहत हिंदी और अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा होगी। हालांकि संस्कृत के साथ विकल्प में पंजाबी और उर्दू भी होगी। पर सबसे ज्यादा फायदा संस्कृत को ही होगा।


सुशील कुमार 'नवीन'

केंद्र की प्रत्येक योजना को लागू करने में हरियाणा सरकार अग्रणी की भूमिका में रहती है। चाहे बात अन्तोदय की हो या फिर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की। या फिर आयुष्मान भारत की हो। केंद्र की लगभग सभी योजनाओं को प्रदेश की भाजपा सरकार पिछले अपनी तीन योजनाओं से लगातार लागू करने का कार्य कर रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 की सभी नीतियों को आधार मानते हुए हरियाणा सरकार ने उन्हें राज्य में लागू करने को प्राथमिकता दी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होते ही राज्य में सभी स्तर पर इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई थी। खास बात यह है कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य बना जिसने सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया। केंद्र द्वारा स्कूली शिक्षा में त्रिभाषा सूत्र लागू करने की पहल में भी हरियाणा ने सबसे पहले घोड़े दौड़ाने शुरू किए थे। जो आज मंजिल तक पहुंच गए हैं। त्रिभाषा सूत्र लागू कराने में संस्कृत शिक्षक संगठन, संस्कृत भारती, संस्कृत अकादमी के प्रयास प्रमुख रूप से रहे हैं। चुनाव से पूर्व मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी सरकार के कार्यकाल में भी इसके लिए कई मुलाकातें की गई। इसे लागू करवाने में कोई ढील न रहने पाए इसके लिए त्रिभाषा हरियाणा हैशटैग की मुहिम के साथ मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को हजारों की संख्या में मेल भी भेजी गई। इसके तहत सरकार से त्रिभाषा को तुरंत प्रभाव से कक्षा नौवीं एवं दसवीं में लागू किए जाने की मांग की गई।

इसी का परिणाम है कि हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने आज इस बारे में पत्र जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हरियाणा में अगले सत्र से छात्रों को सात विषय पढ़ने होंगे। इसमें त्रिभाषा के रूप में हिंदी और अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत, पंजाबी और उर्दू में से एक को पढ़ना होगा। चूंकि हरियाणा में उर्दू एक दो जिलों में ही प्रभावी है। इसी तरह पंजाबी भी पंजाब के साथ लगते जिलों में ही ज्यादा बोली जाती है। ऐसे में इन सब को छोड़कर शेष जगह छात्रों के लिए संस्कृत बेहतर विकल्प होगा। ऐसे में त्रिभाषा सूत्र के लागू होने का सबसे ज्यादा फायदा संस्कृत को ही होगा। स्कूलों में जब संस्कृत के छात्र बढ़ेंगे तो संस्कृत अध्यापकों के नए पद भी सृजित होंगे। कठोपनिषद में कहा गया है, उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।

क्षुरासन्नधारा निशिता दुरत्यद्दुर्ग पथस्तत्कवयो वदन्ति॥

अर्थात् उठो, जागो, वरिष्ठ पुरुषों को पाकर उनसे बोध प्राप्त करो। छुरी की तीक्ष्ण धार पर चलकर उसे पार करने के समान दुर्गम है यह पथ ऐसा ऋषिगण कहते हैं।



# भारत चीन के रिश्ते पटरी पर आने लगे

**हमारे एनएसए और विदेश सचिव ने चीन का दौरा किया है, हमारे संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुईहै। इनमें सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन के साथ-साथ हमारे संबंधों के अन्य आयाम भी शामिल हैं। मुझे आज विचारों के आदान-प्रदान पर खुशी है। भारत और चीन जी -20, एससीओ और ब्रिक्स के सदस्य हैं। आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे भी हैं, जहां विचारों का आदान-प्रदान हमारे आपसी लाभ के लिए होगा। ये बैठक भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय मुद्दों और क्षेत्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए जारी कूटनीतिक कोशिशों के बीच हुई।**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ आज एक ध्रुवी दौर में गुजर रही है, जिसका सटीक उदाहरण तीन सालों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध, इधर हमास-इजरायल युद्ध, उधर चीन ताइवान टकराहट, पाकिस्तान तालिबान तनातनी, नॉर्थ ईस्ट साउथ ईस्ट तनातनी,अमेरिका- रूस की अनबन तो इधर भारत- चीन की अनबन! यह सब कुछ हम लंबे समय से देख रहे हैं,परंतु यह कुदरत का करिश्मा समझो या मानवीय कोशिश!सदियों से रूस-अमेरिका की अनबन या तनातनी हम बचपन से देखते आ रहे हैं तो इधर चीन भारत में भी लंबे समय से तनातनी चल रही है, फिर अभी अचानक हम देख रहे हैं कि रूस-अमेरिका व भारत -चीन की दोस्ती परवाने चढ़ने की ओर आतुर है मेरा ऐसा मानना है कि चूँकि 14 मार्च 2025 को होली धुलीवंदन है, जिसमें हम वर्षों से लगातार हर सोशल इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया में 22 मई 1981 को रिलीज हुई, हिंदी फीचर फिल्म लावारिस का गीत कब के बिछड़े हुए आज हम कहाँ आके मिले, व 1975 में रिलीज रिलीज हुई हिंदी पिक्चर फिल्म शोले का गीत हम सुनते हैं, होली के दिन दिल खिल जाते हैं दुश्मन भी गले मिल जाते हैं, अभी होली नजदीकी आ रही है, मुझे लगता है यह दोनों गीत उपरोक्त दोनों दोस्ती की और कदम बढ़ाने वाले भारत-चीन व अमेरिका-रूस में सटीक सिद्ध होनें जा रहा है, जो रेखांकित करने वाली बात है। ठीक उसी तरह भारत की मेजबानी में जी- 20 की थीम वासुधैव कुटुंम्बकम यानें पूरा विश्व एक परिवार है, यह भी सटीक होने की और अग्रसर है यह हम देख रहे हैं क्योंकि तनातनी के माहौल में रह रही चार महाशक्तियां आपस में संबंध मजबूत व गहरा संबंध बनाने की ओर आगे बढ़ रही है,इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दोस्ती का मौसम आया- इधर भारत चीन दोस्ती के फूल खिले उधर रूस अमेरिका बिछड़े यार मिले?


किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम भारत- चीन के मधुर संबंध बनने की ओर अग्रसर होनेकी करें तो,भारत के विदेश मंत्री और चीन के विदेश मंत्री ने दक्षिण अफ्रीका में अपनी बैठक के दौरान चीन-भारत संबंधों में प्रगति, सीमा क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने तथा कैलास मानसरोवर यात्रा की बहाली पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जोहानिसबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर दोनों मंत्रियों की मुलाकात हुई।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने प्रेसवार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में बताया कि दोनों के बीच यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली। उन्होंने कहा, दोनों मंत्रियों ने नवंबर में अपनी पिछली बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने, कैलास मानसरोवर यात्रा की बहाली, उड़ान कनेक्टिविटी और यात्रा की सुगमता पर चर्चा की गई। भारत



के विदेश मंत्री जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की दो दिवसीय यात्रा पर जोहानिसबर्ग में हैं। उन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य की वर्तमान जटिलताओं को उजागर करते हुए कहा है कि विचारों में सामंजस्य स्थापित करने की जी-20 की क्षमता वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए महत्त्वपूर्ण है। वैश्विक भू- राजनीतिक स्थिति पर चर्चा' शीर्षक वाले जी-20 सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जी-20 विश्व में बहुध्रुवीय स्थिति की एक महत्त्वपूर्ण अभिव्यक्ति है।उन्होंने कहा, वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति हर तरह से कठिन बनी हुईहै।कोविड वैश्विक महामारी, संघर्ष की स्थितियां, वित्तीय दबाव, खाद्य सुरक्षा और जलवायु संबंधी चिंताओं की चुनौतियां हैं।मुझे खुशी है कि हम आज जोहान्सबर्ग में त्न-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान मिल पाए, इस तरह के मौकों ने हमारे संबंधों को तब भी बातचीत का मौका दिया है, जब हमारे संबंध कठिन दौर से गुजर रहे थे. दोनों देशों ने एक संस्था के रूप में जी-20 को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए कड़ी मेहनत की है. यह अपने आप में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्वको प्रमाणित करता है। उन्होंने कहा, हमारे एनएसए और विदेश सचिव ने चीन का दौरा किया है, हमारे संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुईहै। इनमें सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन के साथ-साथ हमारे संबंधों के अन्य आयाम भी शामिल हैं। मुझे आज विचारों के आदान-प्रदान पर खुशी है।भारत और चीन जी -20, एससीओ और ब्रिक्स के सदस्य हैं। आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे भी हैं, जहां विचारों का आदान-प्रदान हमारे आपसी लाभ के लिए होगा।ये बैठक भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय मुद्दों और क्षेत्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए जारी कूटनीतिक कोशिशों के बीच हुई। भारतीय पीएम और और चीन के राष्ट्रपति के बीच गत वर्ष हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत और चीन के रिश्ते फिर से पटरी पर आने लगे हैं। दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में चल रहे विदेश मंत्रियों के जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों में और करीबी महसूस की गई।चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरों को शेयर किया है। हालांकि उन्होंने भी वार्ता के बिंदुओं का कोई खुलासा नहीं किया है। मगर सूत्रों के अनुसार भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर विवादित बिंदुओं के समाधान और दोनों देशों के बीच व्यापार के संबंध में बातचीत होने की बात कही जा रही है। भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की यह मुलाकात दर्शाती है कि दोनों देशों के बीच जून 2020 से चल रहा तनाव अब काफी हद तक कम हुआ है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका -रूस संबंध मजबूत होने की करें तो, बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप खुद को व्लादिमीर पुतिन का मित्र बताते रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि 3 वर्षों से चली आ रही रूस यूक्रेन युद्ध का सऊदी अरब की मध्यस्थता के साथ कोई रास्ता निकाला जा सकता है। सऊदी की अमेरिका और रूस दोनों ही देशों से करीबी है और अच्छे संबंध हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद से दोनों देशों के बीच पहली उच्च स्तरीय बातचीत सऊदी अरब में हुई।ये वो सप्ताह था जिसमें परंपरागत सहयोगियों के बीच तनाव बढ़ा, यूरोप और यूक्रेन को अमेरिकी रुख़ की आलोचना करने पर मजबूर होना पड़ा, यूरोप की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ीं और रूस की स्थिति मज़बूत हुई। बिना किसी को किसी तरह की रियायत दिए या कोई क़ीमत अदा किए वो अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बेहद मज़बूत स्थिति में पहुंच गया। पूरे विश्व में रूस अमेरिका के करीब आने की खबरें छा रही हैं।रूस अपनी जनता और दुनिया को दिखाना चाहता है कि यूक्रेन वॉर को लेकर उसे अलग-थलग करने की यूरोपीय कोशिशें फ़ेल हो गई हैं। हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में अमेरिका और रूस के बीच शांति वार्ता हुई, लेकिन यूक्रेन को इसमें बुलाया ही नहीं गया।

# महाकुंभ : आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की ज़िम्मेदारी

**इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को महाकुंभ के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं।**


भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को कुंभ मेला के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिये सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहाँ गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहाँ लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को महाकुंभ के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुये सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था। इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहाँ श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत, विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति,आधुनिकता,उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालाँकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिये आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किये ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आख़िर कैसे हो सकता है।


निर्मल रानी

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की ग़रज़ से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 117वें एपिसोड में महाकुंभ-2025 की विस्तृत चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने मन की बात में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की ज़ोरदार तैयारियां चल रही हैं । साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को साँझा करते हुये कहा कि- इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश और दूसरे तरीक़े से कहूंगा गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसंबर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुये कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। ज़ाहिर है भारतीय मीडिया भी काफ़ी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टीवी समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माध्यमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गये थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सरकार द्वारा हज़ारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां, बसें, विमान आदि भी चलाये गये। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकठ्ठा होना तो स्वभाविक था ही।

परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगज़नी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज़्यादा फ़ायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक , 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फ़ायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आये? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहाँ तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को नो वेहिकिल ज़ोन तक घोषित करना पड़ा। और आख़िरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहाँ भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गयी। महाकुंभ में न आने वालों को देशद्रोही बताने वाले बागेश्वर के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने भगदड़ में मरने वालों को लेकर यह विवादित बयान दे दिया कि -जो कोई गंगा किनारे मरेगा वह मरेगा नहीं बल्कि मोक्ष प्राप्त करेगा।

छोड़ जाने के अब दस्तूर होते जा रहे हैं ...???
कहीं ना कहीं सभी मजबूर होते जा रहे हैं..
धीरे-धीरे वह भी मुझसे दूर होते जा रहे हैं...
साथ रहने का इरादा तो जन्नत तलक था..
हाल ऐसा हैं नजरों से ही दूर होते जा रहे हैं..
कहकहे लबों पर कहकशा था चेहरा उनका..
अब देखिए बदरंग और बेनूर होते जा रहे हैं...
बड़ी मेहनतो मोहब्बतों से निभाए थे रिश्ते..
मुझसे वह सभी अपने रंजूर होते जा रहे हैं...
मंज़िल- ए-सफ़र कैसी होगी क्या खबर...
रास्ते भी सभी अब दूर होते जा रहे हैं...
क्या करूं कैसे बयां करूं दर्द -ए -दिल अपना ...
ज़ख्म भी जिंदगी में भरपूर होते जा रहे हैं....
डर है जल्द ही मिल जायेंगे खाक में हम...
पर कहते हैं एहबाब कोहिनूर होते जा रहे हैं..
जो भी मिलता है कहता है बहुत प्यारे हो...
शायद इस बात से हम मगरूर होते जा रहे हैं..
मुकम्मल साथ अब कहां देते हैं दुनिया वाले..
छोड़ जाने के अब जैसे दस्तूर होते जा रहे हैं...
मिलते हैं दुनिया में हमदर्द बनकर हज़ारों...
सबको परखा सभी न मंजूर होते जा रहे हैं...
मंजिले तो ख्वाब थी और ख्वाब में ही रह गई..
असल में अब तो रास्ते भी दूर होते जा रहे हैं...
खत्म हो गये अच्छे लोग और अच्छे अल्फाज़....
मिलने वाले सभी बेशऊर होते जा रहे हैं..
कैसे लिखूं है पास बहुत कुछ लिखने को..
दिल के सारे घाव अब नासूर होते जा रहे हैं..
जब खुदा साथ है तो आँधियों से क्यों डरू...
हम तूफ़ानो से बेख़ौफ़ बशऊर होते जा रहे हैं..
हो जाए पूरी अब मेरी भी दुआएं या रब....
जिन पर भी यक़ीन था वो फितूर होते जा रहे हैं...
शायरी कहा लिखते हैं हम बैठ कर घंटो घंटो...
दर्द लिखते हैं और मशहूर होते जा रहे हैं...


आसिया खान

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# कम से कम 06 माह का समय लगेगा अपार आईडी बनने में : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के अनुश्रवण एवं प्रगति की समीक्षा जिला षिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में बीएसए ने संचालित विभिन्न योजनाओं में पाठ्य पुस्तक वितरण, डी.बी.टी., मध्यान्ह भोजन, पी.एम.श्री विद्यालय, ऑपरेशन कायाकल्प, जर्जर विद्यालयों के मूल्यांकन एवं ध्वस्तीकरण की प्रगति पी.एम.श्री. एवं परिषदीय विद्यालयों में प्रेषित कम्पोजिट ग्राण्ट के उपभोग की स्थिति, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जखौरा में निर्माणाधीन हॉस्टल एवं एकेडमिक ब्लॉक के निर्माण एवं परिषदीय विद्यालयों में विद्युत संयोजन उपलब्ध कराये जाने की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया एवं निर्धारित समय अवधि समस्त कार्य पूर्ण कराने के निर्देष दिये गये। साथ ही अधिषाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग को जर्जर विद्यालयों के मूल्यांकन को शीघ्र ही बीएसए को उपलब्ध कराने के साथ अधिषाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम एवं द्वितीय को एक सप्ताह में अविद्युतीकृत परिषदीय विद्यालयों (43 विद्यालय जिनके आगणन की धनराशि जमा की जा चुकी है।) में विद्युत संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र में आ रहे अवरोध को शीघ्र ही दूर करने के निर्देश सीएमओ को दिये गये है। बैठक में सीडीओ, सीएमओ, डीडीओ, डीपीआरओ, सभी बीईओ, समस्त जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान आदि उपस्थित रहे।

■ अपार आईडी को विद्यालयों पर ना बनाए अनावश्यक दबाव : अजय श्रीवास्तव

**अपार आईडी के संबंध में बैठक में हुई विशेष रूप से चर्चा**

विद्यालय द्वारा तैयार की जा रही अपार आईडी के संबंध में बैठक में विशेष रूप से चर्चा की गई ।आईडी बैठक में विद्यालयों के प्रबंधकों को आमंत्रित किया गया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राइवेट विद्यालयों की अपार आईडी बनाने की गति धीमी है, जिस कारण जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है. इस पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांति विद्या मंदिर के प्रबंधक अजय श्रीवास्तव ने कहा अपार आईडी बनाने में तमाम विसंगतियां सामने आ रही हैं। उनको दूर किए बिना अपार आईडी का कार्य कर पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा बच्चों के आधार कार्ड अपडेट नहीं है, आधार का नाम और बच्चे के प्रवेश रजिस्टर के नाम में भिन्नता है आधार मे सुधार के कार्य के लिए आधार केंद्रों पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण सुधार नहीं हो पा रहा है।

## भाजपा बजट को लेकर आयोजित करेंगी संगोष्ठी

**सुलतानपुर।** भारतीय जनता पार्टी रविवार को 2.30 बजे बजट पर संगोष्ठी आयोजित करेंगी। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय जी का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त होंगा।



प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अध्यक्षता में पयागीपुर स्थित बीजेपी कार्यालय पर आयोजित बजट संगोष्ठी में केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर विस्तार से चर्चा होगी। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय बजट को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। संगोष्ठी में एमएलसी, विधायकगण, जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्रीय पदाधिकारी, सहकारी बैंक अध्यक्ष, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, मोर्चा के जिला अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल प्रभारी व मंडल अध्यक्ष व महामंत्रियों को आमंत्रित किया गया है।

# सागोरिया में लोहिया वाहिनी ने किया पीडीए पंचायत का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में पीडीए पंचायत के जरिए लोगों के बीच पहुंचना प्रारंभ कर दिया है। उस क्रम में बुधवार को जनपद के ग्राम जाखलौन में सपा लोहिया वाहिनी द्वारा पीडीए पंचायत लगाकर लोगों को जोडऩे का काम किया। बताते चलें कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में गांव गांव लोगों के बीच पहुंचकर पीडीए पंचायत लगाकर उन्हें सपा कार्यकाल के जनहितकारी कामों को गिनाने के साथ-साथ मौजूदा शासन की नाकामियों एवं जन विरोधी कामों को गिनाया जा रहा है और आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सपा के नेता कार्यकर्ताओं द्वारा जमीनी स्तर पर लोगों को जोडऩे का काम किया जा रहा है। सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान द्वारा जनपद के ग्राम सागोरिया में पीडीए पंचायत लगाकर लोगों को वर्तमान सरकार के किसान विरोधी, नौजवान विरोधी कामों को गिनाया गया और सपा कार्यकाल के समय किए गए जनहितेसी कामों को लोगों के बीच रखा गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने कहा कि अगर वर्तमान सरकार किसान, नौजवान विरोधी काम कर रही है तो हम सभी को आगे आकर इनका विरोध करना पड़ेगा। जो सही है और किसान नौजवानों के पक्ष की बात रखता है, उनके लिए काम करने का जज्बा रखता है उसका साथ देना पड़ेगा। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता शत्रुधन यादव, सचिन सोलंकी, हुसैन दादा, पूरनलाल अहिरवार, शैतानसिंह यादव, राजेश बबेले, शीशपाल यादव, गोकुल प्रसाद, रतनसिंह यादव, बसीर खान, मुकेश रजक, पुष्पेंद्र राजा, राहुल यादव, संजय जैन, कुल्लू राजा, अरविंद्र जैन, राजेश यादव, पूरनलाल साहू, हम्मीर अहिरवार, दयाराम अहिरवार मौजूद रहे। आभार उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी दर्शन सिंह यादव ने व्यक्त किया।

■ पीडीए पंचायत को मिल रहा लोगों का समर्थन

# 31 मार्च से होगा बाबा सदन के उर्स का आगाज

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कौमी एकता के प्रतीक अजीमुश्शान हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह का 107वां सालाना उर्स मुबारक की तैयारियां जोरों पर चल रहीं हैं। इस बार उर्स राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ के मुख्य संरक्षण व प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले के सयोजन में सम्पन्न कराया जायेगा। उर्स आगाज 31 मार्च को मुशायरे से होगा। 1 अप्रैल से तीन अप्रैल तक कब्बालियों का सिलसिला चलेगा, चार अप्रैल को इज्तिमाई शादियां सम्पन्न कराई जाएंगी। इज्तिमाई शादियों के पंजीयन शुरू हो गये हैं। उर्स मेले में अर्न्तराष्ट्रीय प्रख्यात कब्बालों के अतिरिक्त शायरों का जहां जमावड़ा रहेगा, वहीं देश के कौने-कौने से लोग आकर उर्स में बाबा की दरगाह पर मत्था टेकेंगे। कौमी एकता की मिशाल हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह की दरगाह पर होने वाले सालाना उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह परिसर में उर्स कमिटि द्वारा काम जोरों पर शुरू कर दिया गया है। उर्स कमेटी जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने बताया कि 31 मार्च को होने वाले मुशायरे अंतर्राष्ट्रीय शायर जौहर कानपुरी, अजहर इकबाल देहली, अज्म शाकरी आगरा, एसपी कमल वर्मा एटा, हाजी असरार चांदेरवी, हाशिम फिरोजावादी, अश्वनी मित्तल बॉम्बे, मन्नान फराज बॉम्बे, राजीव रियाज प्रतापगढ़, हर्षित मिश्रा लखनऊ, आदर्श दुबे सागर, अबरार दानिश मौहदा, मुशायरा कन्वीनर करीम असर ललितपुरी व जहीर ललितपुरी रहेंगे।

■ बाबा सदन के दरबार मे अंतर्राष्ट्रीय कव्वाल निसार जानी, सलीम जावेद व दानिश इकबाल करेंगे फन पेश

# अनुराग के भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु

## बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर पर टेका मत्थ

अवधनामा संवाददाता



**कुड़वार सुल्तानपुर।** क्षेत्र के भंडरा चंद्रकला गांव में चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें वर्षगांठ पर भव्य हनुमत महोत्सव का आयोजन वरिष्ठ समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय के संयोजन में संपन्न हुआ। भजन संध्या कार्यक्रम में भजन सम्राट स्वाती मिश्रा व अनुराग पंडित ने शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। स्वाती मिश्रा ने जैसे ही नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी भजन गाना शुरू किया श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर का पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रदेश के कई मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद आदि बीजेपी नेताओं ने चंद्रकला के पहुंच कर चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर पहुंचकर मत्था टेक कर हनुमान जी से आशीर्वाद लिया।

शुक्रवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र के कुड़वार चंद्रकला निवासी वरिष्ठ समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय के संयोजन में भव्य हनुमत महोत्सव भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें स्थापना दिवस पर भजन संध्या कार्यक्रम में जानी-मानी भजन गायिका स्वाती मिश्रा व अवधी गायक अनुराग पंडित पहुंचे। अपने भजनों से दोनों भजन गायकों ने कार्यक्रम में समां बांधा। जहां हजारों की संख्या में श्रोताव श्रद्धालु उनके भजन को सुनने चंद्रकला पहुंचे। अवधी गायक अनुराग पंडित ने अपने भक्ति गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्वाती मिश्रा ने अपने भजनों से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी भजन गायिका स्वाती मिश्रा के मंच संभालते ही श्रोताओं में जोश भर गया। लोगों ने तालियों से उनका स्वागत किया।

**मनीषा पांडेय के आवाह्न पर चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर पहुंचे बीजेपी नेता**

शुक्रवार को जिले के कुड़वार चंद्रकला गांव के चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय द्वारा आयोजित आयोजित भव्य हनुमत महोत्सव कार्यक्रम में देश तथा प्रदेश के कई बीजेपी नेता सुबह से ही चंद्रकला के चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी महाराज के समक्ष सिर झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं बीजेपी नेत्री मनीषा पांडेय, शांति भूषण पांडेय (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शाहजहांपुर) ने सभी आगंतुकों का स्वागत सम्मान करते हुए अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# महिला मरीज की सफल लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद के चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, एएसएमसी (ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज), सुल्तानपुर में एक महिला मरीज की सफल लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्ताशय से कई पथरियों को निकालने की सर्जरी) की गई। यह सर्जरी जनरल एनेस्थीसिया के तहत लैरिंजियल मास्क एयरवे तकनीक का उपयोग करते हुए की गई, जो मेडिकल कॉलेज के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करती है।

इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ. मनीष कुमार (एमएस), सहायक प्रोफेसर और डॉ. सुप्रीत वर्मा (एमएस), सीनियर रेजिडेंट ने किया, जिन्होंने न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया को अत्यंत कुशलता से अंजाम दिया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. दीप्युश सिंह (एमबीबीएस, नॉन-पीजी जेआर) और डॉ. जितेश यादव (एमडी, सहायक प्रोफेसर) शामिल थे, जिन्होंने ऑपरेशन के दौरान मरीज की सुरक्षा और आराम का विशेष ध्यान रखा। सर्जिकल प्रक्रिया में नर्सिंग स्टाफ नसिमा और अंजलि के साथ-साथ वार्ड बॉय अनुज कुमार का भी अहम योगदान रहा। प्राचार्य सलिल श्री वास्तव ने बताया, हम सुल्तानपुर में ही मरीज का अच्छा इलाज करायेंगे। उनका यह बयान दर्शाता है कि एएसएमसी सुल्तानपुर अपने क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और मरीजों को बेहतरीन उपचार उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है।

■ कई पित्त पथरियों का सफलतापूर्वक क्या निष्कासन

# परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग में 11 परिवारो को मिलाया

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** जनपद पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाई जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे पुलिस लाइन मंडी समिति में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया यह कुल 67 पत्रावली सुनकर 24 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 11 परिवारों को मिलाया गया एवं तीन पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 10 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट श्रीमती बबीता शर्मा सीमा आर्य श्वेता गुप्ता कंचन माहेश्वरी एवं कांस्टेबल शहजाद मलिक उषा आदि लोग : सब मेरी बीवी मुझे दिला दो। थाना संभल चौधरी सराय का मामला एक ऐसा आया जहां पति अपनी पत्नी को दूसरे से वापस दिलाने के लिए गुहार लगता रहा पर पत्नी का दिल नहीं पसीजा। थाना संभल चौधरी सराय निवासी एक व्यक्ति ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय के साथ दिया कि उसके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं।

■ 24 पत्रावालियो का किया गया निस्तारण

**बोला साहब मेरी बीवी मुझे दिला दो**

दोनों पक्षों को सुना सुनने के बाद पता चला कि लड़की को काफी समझाया गया परन्तु उसने अपने पति के साथ जाने से मना किया और बोली मैं तेरे साथ भी नहीं जाऊंगी और इसके साथ भी नहीं जाऊंगी अब मैं किसी तीसरे के साथ रहूंगी तू मेरा किया कर लेगा यह सुनकर दोनों पक्ष दंग रह गए काउंसलर ने उन्हें समझाने का प्रयास किया परंतु लड़की नहीं मानी तो लड़का पक्ष ने अपने प्रार्थना पत्र पर किसी कार्यवाही को न करने का अनुरोध किया जिस कारण उसकी पत्रावली को बंद किया गया।

# स्वच्छता का संदेश देने के लिए गोमती मित्र पहुंचे कलेक्ट्रेट



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** किसी भी जनपद का जिलाधिकारी कार्यालय जनपद का हृदय स्थल होता है।वहीं वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यालय होता है और जनपद की गतिविधियां संचालित होती हैं। ऐसे में गोमती मित्र मंडल द्वारा जनपद के हृदय स्थल पर किया गया स्वच्छता जागरूकता श्रमदान न केवल आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाला है, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी विगत 12 वर्षो से स्वच्छता के क्षेत्र में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देना है। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन कहते हुए गौरवान्वित महसूस करते हैं की 12 वर्षो से बिना रुके,थके,ऊबे गोमती मित्र मंडल ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की जो मुहिम चलाई हुई है उसका सकारात्मक परिणाम दिखने भी लगा है। युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया की गोमती नदी की स्वच्छता के लिए लोग अब जागरुक होने लगे हैं। प्रातः 6:00 बजे से शुरू हुआ श्रमदान 8:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के एक-एक कोने को पूरी तरह साफ करने के बाद समाप्त हुआ।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास : निजाम

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिले के कुड़वार ब्लॉक अंतर्गत पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय हाजीपट्टी में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह के संयोजन में प्रधानाध्यापक शिव कुमार तिवारी ने सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर। कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मुहम्मद अख्तर ने किया।विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का बैज अलंकरण और माल्यार्पण कर स्वागत किया।बच्चों ने स्वागतगीत ,सांस्कृतिक कार्यक्रम,और कबड्डी, दौड़ खो खो आदि खेल प्रस्तुत कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान ने कहा कि पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय में शासन की ओर से बच्चों समस्त प्रकार की डिजिटल मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही, विद्यालय में डिजिटल लैब, डिजीटल क्लास रूम, खेल हेतु विशेष उपकरण इत्यादि उपलब्ध कराए गए है।ग्रामीण परिवेश के बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।शासन की संकल्पना है कि ग्रामीण परिवेश का बच्चा जो कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययन रत है उनको कॉन्वेंट के समकक्ष बनाया जा सके। जिला पंचायत सदस्य राम शंकर यादव,ए आर पी मनोज श्रीवास्तव, संजय यादव, संकुल अब्दुल मोती खान, शिक्षक रामदेव, रीतेश श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, किरण कुमारी जियाउद्दीन, दिनेश कुमार, सेवानिवृत शिक्षक सुखसागर यादव, गंगा राम मौर्य, ब्रह्मदत्त मिश्रा, राजमणि उपाध्याय, लोकेश सिंह, अनिल सिंह, शिवेंद्र पांडे सुधीर सिंह रियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह योजना हुई माननीयों की उपेक्षा का शिकार



अवधनामा संवाददाता

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सामूहिक विवाह योजना जिले के माननीयों/मुख्य अतिथियों की उपेक्षा का शिकार बनती जा रही है।आयोजन स्थल पर अतिथियों के लिए सजा मंच खाली रहा। वर वा कन्या पक्ष के लोग अतिथियों का इंतजार हो कर रहे थे। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में दिलचस्पी अतिथि के रूप में आमंत्रित जनप्रतिनिधि व अधिकारी नहीं दिखा रहे हैं।

मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में,सपा सांसद राम भुवाल निषाद,भाजपा से जिला पंचायत जिला अध्यक्ष उषा सिंह, लंभुआ भाजपा विधायक सीताराम वर्मा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख कुंवर बहादुर सिंह व भदैया ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा को आमंत्रित किया गया था।

■ सामूहिक विवाह में आमंत्रित अतिथियों का काफी विलंब से हुआ आगमन

# शासन की सभी योजनाएं पात्र व्यक्ति तक पहुँचें : डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में गॉव चौपाल की समस्या गॉव में समाधान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** विकासखंड असमोली के ग्राम पंचायत भवालपुर बासली में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल गाँव की समस्या, गाँव में समाधान का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। आकांक्षात्मक ब्लॉक की समीक्षा भी की गयी। समाज कल्याण अधिकारी ने विभाग द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की पात्रता एवं शासन द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक लाभ के विषय में बताया तथा शादी अनुदान योजना, वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, स्कालरशिप योजना के विषय में बताया उद्यान जिला उद्यान अधिकारी शुघर सिंह द्वारा भी उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी। फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी आदि के विषय में भी बताया गया। आईसीडीएस विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र, तथा विभाग द्वारा गर्भवती धात्री महिलाओं तथा बच्चों के लिए चलायी जा रही योजनाओं के विषय में बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की सभी योजनाएं सभी पात्र व्यक्ति तक पहुँचें। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े सभी 50 बिन्दुओं का शत प्रतिशत संतृप्ति करण किया जाए। ग्राम निधि का सदुपयोग हो। ग्राम सचिव एवं लेखपाल गाँव की समस्या ग्राम में रहकर ही सुनें तथा सीमा संबंधित कोई विवाद न रहे तथा सरकारी कार्यालयों से संबंधित भूमि पर किसी का अवैध कब्जा न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों के विषय में बताया उन्होंने किलोवाट क्षमता के अनुसार कनेक्शन पर मिलने वाली सब्सिडी तथा कनेक्शन खर्चे के विषय में भी ग्रामीणों को जानकारी दी तथा कहा कि सूर्य घर योजना के अन्तर्गत वह अपने विद्युत बिल में होने वाले खर्चे में राहत पा सकते हैं। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के विषय में भी जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह में शतप्रतिशत संतृप्ति करण हो। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एक अभियान चलाते हैं हुए ग्रामीणों के डेटा को समान किया जाए अर्थात किसी भी व्यक्ति के नाम एवं अन्य जानकारी उसके सभी कागजातों में समान किये जाएं ताकि कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती धात्रियों की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्न प्राशन कराया।

## डीएम ने विधालय का किया निरीक्षण



**सम्भल (बहजोई)।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखंड सम्भल के प्राथमिक विद्यालय नगलिया कामगार का निरीक्षण किया। विद्यालय की चहारदीवारी को ऊंची कराने तथा विद्यालय में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने तथा बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सम्भल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

**संभल अवधनामा।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा आईजीआरएस, लंबित संदर्भ, सी श्रेणी, डिफाल्टर, शिकायतकर्ता के संतुष्ट एवं असंतुष्ट पर अधिकारी वार फीडबैक स्थिति पर चर्चा की गयी। चकबंदी विभाग को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई शिकायत सी श्रेणी में जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यूजर्स आईडी अपडेट करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिकायतकर्ता से वार्ता करने के लिए भी निर्देशित किया। स्पेशल क्लोज को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिन संबंधित अधिकारियों के फीडबैक असंतुष्ट हैं तथा वास्तव में असंतोषजनक हैं उनको चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

# सड़क के बीचों बीच एक सप्ताह से पड़ा बिजली का खंभा प्रशासन ने हटवाया

**खबर का असर**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** शहर के व्यस्तम चौराहा आल्हा चौक में एक सप्ताह से सड़क के बीचों बीच पड़े बिजली के पोल से दुर्घटनाओं का खतरा बड़ गया था। पलिका प्रशासन व बिजली विभाग सड़क के बीचों बीच पड़े विद्युत पोल को हटाने की जहमत नही उठा रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए अवधनामा अखबार ने फोटो के साथ खबर को 22 फरवरी को प्रमुख्ता प्रकाशित किया, खबर छपने के बाद प्रशासन ने आनन फानन में सड़क के बीचों बीच पड़े खंभे को हटवा दिया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पहले वाहन की टक्कर से बिजली का खंभा सड़क के बीचों बीच गिर गया था। आठ दिन बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग व पालिका प्रशासन ने खंभे को सड़क से हटाने का कोई प्रयास नही किया, जिससे खंभे के मुख्य सड़क पर पड़े होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ गया था। इसी व्यस्तम मार्ग से अधिकारियों की भी गाड़िया निकलती रहती है, लेकिन किसी अधिकारी ने भी बिजली के पोल को न तो सड़क से हटवाया और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को विद्युत पोल को हटवाने के निर्देश दिए।

खंभा टूट जाने से चौराहे पर अंधेरा हो जाने से दुर्घटनाओं का खतरा और अधिक बढ गया था। कारण, बिजली का पोल बीच सड़क पर पड़ा होने से वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए अवधनामा अखबार ने सड़क पर बीचों बीच पड़ा बिजली का पोल हेड लाइन से खबर को प्रमुख्ता से प्रकाशित किया। खबर छपते ही अधिकारियों की नींद टूटी और खबर छपने के चंद घंटो बाद भी अधिकरियों के निर्देश पर सड़क में पड़े बिजली के खंभे को हटवा दिया गया।

# बुंदेली गाना भौजी जल्दी व्याह करा दो



अवधनामा संवाददाता

■ तुनक तुनक तुन तुन्ना गाने की अंजलि कुशवाहा का नया गाना यूट्यूब पर

**महोबा।** महोबा में बुंदेली संगीत का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। एएमबी फिल्म प्रोडक्शन ने बुंदेली भाषा में नया गाना जल्दी से मेरा व्याह करा दें लॉन्च किया है। इस गाने में वायरल हिट तुनक तुनक तुन तुन्ना, की मुख्य कलाकार अंजलि कुशवाहा नजर आएंगी।

गाने का विमोचन एएमबी फिल्म प्रोडक्शन हाउस में किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब ऑफ यूपी के संरक्षक अमित श्रोतीय और बुंदेलखंड अध्यक्ष इरफान पठान ने अंजलि कुशवाहा के साथ केक काटकर गाने को रिलीज किया। गाने की रिलीजिंग के दौरान भरत त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार और मुण्आसिफ भी मौजूद रहे है। गाने की शूटिंग महोबा जिले में की गई है। इसमें अंजलि कुशवाहा के साथ जाहर सिंह मुख्य भूमिका में हैं। संगीत माहिर यादव ने दिया है। प्रोड्यूसर अंश कश्यप और डायरेक्टर वकार जाकिर हुसैन सिद्दीकी ने गाने को तैयार किया है। गाने की टीम में आरण्जेण् रॉक, केशव प्रसाद, मोहम्मद आदिल, गया प्रसाद, शकील खान, भरत त्रिपाठी, तेजू, जगमोहन और अंजू गुप्ता शामिल हैं। यह गाना यूट्यूब के म्यूजिक मंडी पेज पर उपलब्ध है। अंजलि कुशवाहा ने बुंदेली दर्शकों से इस गाने को भी तुनक तुनक तुन तुन्नाश् की तरह प्यार देने की अपील की है।

# 25 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** महोबकंठ थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक इनामी बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घायल अभियुक्त को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बदमाश के पास से छह हजार रुपये एक अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किए हैं साथ ही करीब तीन सप्ताह पूर्व एक फाइनेंस कर्मचारी के साथ ग्राम पचारा में लूट की वारदात को अंजाम देने की घटना का भी पुलिस ने खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने के थाना व कोतवाली पुलिस को निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत महोबकंठ थाना पुलिस टीम के एसआई राजेश कुमार, एसओजी प्रभारी शिवप्रताप सिंह सहित अन्य सिपाही क्षेत्र का गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली की पचारा गांव के समीप एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और पुलिस को देखते ही बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाश के पैर में गोली मार दी, जिससे 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश धर्मेंद्र बेरी 22 निवासी पचारा घायल हो गया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। घायल बदमाश को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया और इसके बाद अग्रिम कार्रवाई शुरू की गई। बताया जाता है कि 30 जनवरी को मध्यप्रदेश के हरपालपुर की फ्यूजन फाइनेंस लि0 कंपनी कर्मचारी आशीष नामदेव जब लोन का पैसा लेकर जा रहा था तभी गांव की नहर के समीप उक्त बदमाश द्वारा कर्मचारी के साथ लूटपाट करते हुए 26040 रुपये लेकर फरार हो गया था, जिसका पुलिस द्वारा खुलासा किया गया। पुलिस ने बदमाश की तलाशी लेते हुए छह हजार रुपये एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए उसके खिलाफ वैधनिक कार्रवाई कर रही है।

# महोबा पुलिस ने सीसीटीएनएस रैकिंग में प्रदेश में पाया दूसरा स्थान





अवधनामा संवाददाता

■ अपर पुलिस महानिदेश ने जिले के एसपी और एएसपी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**महोबा।** सीसीटीएनएस रैकिंग में महोबा पुलिस ने बेहतर प्रर्दशन कर जनवरी 2025 के डाटा फीडिंग में जिले को प्रदेश में दूसरा स्थान दिलाया है। इससे पुलिस महकमे में खासी खुशी का माहौल है, इस उपलब्धि के लिए अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं नवीन अरोरा ने महोबा के पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल और अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

मालूम हो कि सीसीटीएनएस एक ऑनलाइन पोर्टल है जो अपराध से जुड़ी सभी गतिविधियों की निगरानी करता है। इसी पोर्टल में अपराध की रिपोर्ट, आरोपियों की गिरफ्तारी, जांच की प्रगति और चालान तक की सभी जानकारियां दर्ज की जाती है। जिले की पुलिस को यह सफलता विभिन्न पोर्टल आईआईएफ फॉर्म्स, टेऊनिंग सर्टिफिकेट, परेड, फील्ड यूनिट, पीजी, फुट पेट्रोलिंग, क्राइमैक, आईसीजेएस, क्राइम एनलिटिकल और नाफिस पोर्टल पर बेहतर कार्य-प्रर्दशन के लिए मिली है। इन सभी पोर्टल्स पर उत्कृष्ट डेटा फीडिंग के चलते जिले को यह कामयाबी दिलाई है। इस कामयाबी से जिले की पुलिस का मान बढा है वहीं प्रदेश स्तर पर जिले की पुलिस ने महोबा का भी नाम रोशन किया है।

## सुसाइड करने से पहले लिखा पत्र

**बिलग्राम (हरदोई)** कोतवाली क्षेत्र के पसनेर गांव निवासी अतुल द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि उनके चाचा ने 22 फरवरी को घर के अंदर पाइप में अंगोछे से फंदा लगाकर जान दे दी। जिन्होंने बताया कि सुधीर अविवाहित थे और शराब के आदी थे। दो दिन पहले उनके घर का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक और वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच के दौरान मृतक के शर्ट से एक सुसाइड नोट मिला। नोट में सुधीर ने लिखा कि वह पूरे होश में आत्महत्या कर रहे हैं। इसके लिए किसी को जिम्मेदार न माना जाए। मृतक ने सुसाइड नोट में अपनी संपत्ति का भी जिक्र किया। उन्होंने सुसाइड नोट में अपने अंतिम संस्कार के लिए चालीस हजार रुपए किचन में स्टील के डिब्बे में बताए। यह राशि बाद में वहीं से मिली। अपनी बची हुई संपत्ति उन्होंने जितेंद्र के पुत्रों को दी। पुलिस ने फील्ड यूनिट की मदद से की जांच मकान के लिए प्रवीण को अधिकार दिया कि वह कम कीमत पर जितेंद्र को बेच दे या मकान को गिरवा दे। पुलिस ने फील्ड यूनिट की मदद से जांच की। सुसाइड नोट और मिली राशि मृतक के भतीजे अतुल द्विवेदी को सौंप दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

# साढ़े सात साल की उपलब्धियों पर आधारित पत्रक का हुआ वितरण

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश सरकार की साढ़े सात साल की उपलब्धियों को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शनिवार को श्री डाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पत्रक ष्इंजन की सरकार के साढ़े सात वर्षष् (उत्तर प्रदेश संदेश पुस्तिका) का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को पत्रक प्रदान करते हुए बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं और नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना महत्वपूर्ण है। पत्रक में कानून व्यवस्था, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, निवेश, नगर विकास, कृषि एवं अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में हुए महत्वपूर्ण सुधारों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। सरकार ने बीते साढ़े सात वर्षों में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि इस पुस्तिका से लोगों को सरकारी योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जानकारी मिलेगी, जिससे वे अधिकाधिक लाभ उठा सकें। सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हरदोई जनपद को भी इन योजनाओं का व्यापक लाभ मिला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि एवं बुनियादी ढांचे के विकास में सरकार द्वारा किए गए कार्यों से जनपद में सकारात्मक परिवर्तन आया है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिए जिलाधिकारी व उनकी टीम लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की सराहना की और विद्यार्थियों को भी इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या लक्ष्मी देवी, भूमिका सिंह, कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, कोमल यादव, मंशा बाजपेई,आरती वर्मा, विनीता त्रिवेदी, राम प्रकाश पांडे,अशोक गुप्ता, उदय शुक्ला आदि ने सहयोग किया।

# ब्यूटी पार्लर से लौट रही दो दुल्हनों को घसीट कर पीटा



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना हाइवे क्षेत्र में में दबंगों ने 2 घंटे तक जमकर तांडव मचाया। ब्यूटी पॉर्लर से बरात में जा रहीं दो सगी बहनों को गाड़ी से निकाल कर पीटा और उन पर कीचड़ फेंका। इसके बाद बरात में पहुंचकर मारपीट की, जिसमें दूल्हे के पिता का सिर फूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद दूल्हा पक्ष रिश्ता तोड़कर बरात लेकर लौट गया। घटना को लेकर गांव में तनाव है। मारपीट करने वाले यादव बिरादरी के हैं। वहीं पीड़ित पक्ष वंचित समाज से आता है।रिफाइनरी थाना क्षेत्र के गांव करनावल में शुक्रवार को एक परिवार में दो बेटियों की शादी थी। गोवर्धन थाना क्षेत्र के सामू खेड़ा निवासी युवक दूल्हा बनकर बरात लेकर आए थे। गांव में ही हो रही शादी की तैयारी में ग्रामीण जुटे हुए थे। टाउनशिप स्थित एक ब्यूटी पार्लर से फूफा दोनों दुल्हन को अपनी गाड़ी से लेकर आ रहे थे। रात 8 बजे गांव ही एक कच्चे रास्ते से निकलने के दौरान बाइक सवार को साइड नहीं देने पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बाइक सवार ने फूफा के साथ मारपीट कर दी। दुल्हन उनको बचाने को लिए गाड़ी से उतरी। इसी दौरान युवक के अन्य साथी आ गए। दबंगों ने दुल्हन के साथ भी मारपीट कर दी।

इसके बाद बरात में पहुंच कर बारातियों को भी पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव में आए दूल्हे के पिता के सिर पर डंडा मार दिया। करीब 2 घंटे तक तांडव मचा कर दबंगों ने दुल्हन के बारे में कई अशब्द कहे। घटना के बाद दूल्हा पक्ष रिश्ता तोड़कर बरात लेकर चले ले गए। इससे दोनों सगी बहनों की शादी नहीं हो सकी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। पीड़ित पक्ष ने 10 नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी है। एसी सिटी डॉक्टर रविंद कुमार ने गांव में पुलिस बल तैनात किया है।

# मतदाता जागरूकता व सड़क सुरक्षा रैली निकाल छात्रों ने दिया संदेश

■ बी.एस.ए. कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का पांचवा और छठा दिन रहा प्रेरणादायक




अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें और छठे दिन छात्रों ने विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पांचवें दिन, शिविर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्रों ने आम नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराया और लोकतंत्र में भागीदारी को लेकर प्रेरित किया। वहीं, छठे दिन सड़क सुरक्षा रैली आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग और यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया।

इसके अलावा, विद्यार्थियों ने ब्रज के प्रसिद्ध चिंताहरण महादेव मंदिर और विश्वविख्यात कवि रसखान की समाधि का भ्रमण किया। इस दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्रों ने न केवल परिसर की सफाई की बल्कि पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को भी स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

छात्रों ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा बनाई गई रसखान और ताज बीबी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का अवलोकन किया, जिससे उन्हें ब्रज की सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

शिविर के शाम के सत्रों में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा छात्रों को संविधान, न्याय, तर्कशक्ति, समसामयिक विषयों, सॉफ्ट स्किल्स और इंटरव्यू तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे उनके बौद्धिक विकास को नई दिशा मिली।

शिविर में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर भोजन तैयार किया और एक साथ भोजन कर सामूहिकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, इस शिविर के माध्यम से आप जो अनुशासन और टीम वर्क सीख रहे हैं, वह आपके पूरे जीवन में काम आएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री शांतनु, मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बी.पी. राय, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ. यू.के. त्रिपाठी, डॉ. आनंद त्रिपाठी, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी, चंद्रेश अग्रवाल, डॉ. रेखा राय, डॉ. अनु गर्ग और डॉ. प्रकृति उपाध्याय ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनकी सहभागिता की सराहना की।शिविर के इन महत्वपूर्ण आयोजनों ने छात्रों को समाजसेवा, नेतृत्व और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का कार्य किया, जिससे वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

# डीएम ने शौ शैय्या अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

■ मरीजों की लाइन में लग कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**मथुरा।** मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वृंदावन स्थित सौ शैय्या अस्पताल का औचक निरीक्षण कर सभी को चौंका दिया। इस दौरान उन्होंने किसी भी अधिकारी या स्टाफ को सूचित किए बिना आम नागरिक की तरह लाइन में खड़े होकर अस्पताल की सेवाओं का अनुभव लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूछताछ खिड़की पर पहुंचकर मरीजों की समस्याओं, अस्पताल की सुविधाओं और स्टाफ की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मरीजों को उचित समय पर इलाज मिले और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों की उपस्थिति की भी गहन जांच की गई। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए और अस्पताल की व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## घर की नाली का पानी रोका,पुलिस से की शिकायत

सुल्तानपुर।थाना कोतवाली नगर की पुलिस चौकी गोडवा क्षेत्र के गांव खींचिला कला निवासी गौरव कनोजिया द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार उसके घर से निकली नाली को पड़ोसी अंकित,राहुल,दिलीप,प्रिंस,रोहित विश्वकर्मा पुत्रगण अनिल विश्वकर्मा ने बंद कर दिया है।उसके द्वारा मना करने पर उक्त लोग गोलबंद होकर आमादा फौजदारी हो जाते हैं। नाली बंद हो जाने से गंदा पानी घर में भरा हुआ है,जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है।पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस चौकी गोडवा पर की है।शिकायत किए चार दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।उक्त संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी गोडवा ने बताया कि पुलिस चौकी से दीवान जी तथा सिपाही मौका देखने गए थे।उक्त मामले को दोनों पक्षों ने प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाया हुआ है।

## आबकारी महकमें के दावे हुए फेल,जिले की सरकारी दुकानों पर बिक रही ओवर रेट मदिरा

**सुलतानपुर।** शुभलग्न के चलते ही सरकारी दुकानों पर बैठे सेल्समैन की चांदी कट रही है।शराब प्रेमियों के जेबों पर सेल्समैन डाके डाल रहे हैं। ओवररेटिंग के चक्कर में मदिरा प्रेमी ग्राहकों से सेल्समैनों को झड़पें भी होती रहती है। जिला आबकारी अधिकारी की माने जिले में ओवर रेटिंग नहीं हो रही है। कादीपुर तहसील के सूरापुर कस्बे में स्थित भवानीपुर में सरकारी दुकान के सेल्समैन के मनमानी रवैए से परेशान मदिरा प्रेमी,आबकारी महकमा अंजान बना हुआ है। इसी तरह की सूचना बंधुआ कला,अलीगंज तथा कुड़वार स्थित अंग्रेजी शराब की दुकानों के बारे में भी मिल रही हैं।

# दलित पिछड़े और अल्पसंख्यकों की हितैषी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी : राजवीर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी महानगर की समीक्षा बैठक मथुरा महानगर के नई बस्ती बद्री नगर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महानगर कमेटी की समीक्षा की गई व सदस्यता अभियान चलाया गया बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह का स्वाफा बांधकर फूल मालाओं से जोशीला स्वागत किया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में समीक्षा बैठक की जा रही है आज मथुरा महानगर की समीक्षा बैठक ब सदस्यता अभियान नई बस्ती बद्री नगर में चलाया गया है सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर अल्पसंख्यक दलित अगडौ पिछड़ों को संगठन की नीतियों से अवगत कराकर संगठन से जोड़ने का काम किया जा रहा है आज मथुरा महानगर में सैकड़ो अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कहां की अल्पसंख्यक पिछड़ों दलितों का भविष्य सिर्फ सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में ही है कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ओम प्रकाश राजभर हमेशा अल्पसंख्यक दलित पिछड़ों की ही बात करते हैं मथुरा महानगर में सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है मथुरा महानगर में पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है मथुरा महानगर के सभी वार्डों में जाकर जनता को संगठन की नीतियों से अवगत कराकरसंगठन से जोड़ने का काम करेंगे व सदस्यता अभियान कैंप लगाए जाएंगे। इस मौके पर असलम कुरैशी अल्फाशाखक अध्यक्ष जितेंद्र मीडिया प्रभारी यतेंद्र जिला सचिव युवा जिला अध्यक्ष फैजान कुरैशी महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी चिराऊदीन कुरैशी संजय सैनी प्रेम सिंह कर्दम तनवीर कुरेशी गंगा सिंह अकरम सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## प्रधान मंत्री आदर्श ग्रामों में पेंशन शिविर आयोजन कल से, बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय वृद्धावस्था, निराश्रित महिला एवं दिव्यांगजन पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन एवं आयुष्मान सम्बन्धी आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु शिविरों (कैम्पों) का आयोजन चयनित ग्रामों के पंचायत घर से 24 फरवरी से होंगा। इनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। उन्होंने ने बताया कि शिविर 24 फरवरी को फरह ब्लॉक के पंचायत घर दौलतपुर फरह, महुअन, सलेमपुर फरह, कवैला बाकलपुर व रोसु जलाल, 27 फरवरी को बल्देव ब्लॉक के पंचायत घर अंगाई, महावन बांगर हसनपुर व खानपुर, 01 मार्च को चौमुंहा ब्लॉक के पंचायत घर भौगांव बांगड़ व नरी, छाता ब्लॉक के पंचायत घर कजरौत बांगर व चौधरीस बांगर तथा फरह ब्लॉक के पंचायत घर नगला अबुआ में होगा।शिविर 04 मार्च को मांट ब्लॉक के पंचायत घर बिजौली बांगर, किनाराय बांगर, भद्रवन व बेगमपुर बांगर तथा गोवर्धन ब्लॉक के पंचायत घर बोरपा , 06 मार्च को मथुरा ब्लॉक के पंचायत घर बाजना, जुनसुति, लाडपुर, नगला कासी व अगनपुरा ,10 मार्च को मथुरा ब्लॉक के पंचायत घर बबुरी तथा नौहझील ब्लॉक के पंचायत घर मखदूमपुर बांगर, भूरेका, नबीपुर व डेडाना बैंगर में, 12 मार्च को राया ब्लॉक के पंचायत घर अयेरा व नगला भरऊ में होगा।उन्होंने ने बताया कि समस्त शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक लगेंगे।

# जनपद मथुरा की 3 बड़ी परियोजनाओं को मिली धनराशि

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद् अन्तर्गत जनपद मथुरा के बरसाना स्थित रॉकोली गाँव में पहाड़ी पर फैसिंग के कार्य हेतु मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए विभागीय अप्रेजल समिति द्वारा मूल्यांकित धनराशि रू 211.37 लाख (जी0एस0टी0 सहित) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में रू 130.00 लाख (रू0 एक करोड़ तीस लाख मात्र) अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। 2- जनपद मथुरा के वृन्दावन स्थित टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेन्टर विल्डिंग विस्तार के कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।जनपद मथुरा के वृन्दावन स्थित टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेन्टर बिल्डिंग विस्तार के कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा गठित आगणन रू 3436.85 लाख के सापेक्ष व्यय वित्त समिति द्वारा मूल्यांकित धनराशि रू 3359.75 लाख (जी0एस0टी0 सहित) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में रू 700.00 लाख (रू0 सात करोड़ मात्र) अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।3- जनपद मथुरा के बरसाना स्थित राधा बिहारी इण्टर कॉलेज, टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेन्टर का विस्तार परियोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति। जनपद मथुरा के बरसाना स्थित राधा बिहारी इण्टर कॉलेज, टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेन्टर के विस्तार परियोजना हेतु नामित कार्यदायी संस्था मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा गठित आगणन रू 2498.31 लाख के सापेक्ष प्रायोजना रचना मूल्यांकन प्रभाग द्वारा मूल्यांकित धनराशि रू 1773.42 लाख (जी0एस0टी0 सहित) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में रू 800.00 लाख (रू0 आठ करोड़ मात्र) अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आदर जैन की मेहंदी में दिखा करीना-करिश्मा के साथ आलिया का खूबसूरत अंदाज



**नई दिल्ली।** बीती शाम आदर जैन और अलेखा आडवाणी की मेहंदी की रस्म थी, जिसमें आदर की बहनों करीना और करिश्मा के साथ-साथ उनकी भाभी आलिया भट्ट का भी खूबसूरत अंदाज देखने को मिला।

बीती शाम मुंबई में रीमा जैन के बेटे और करीना-करिश्मा के चचेरे भाई आदर जैन की शादी की रस्में मेहंदी समारोह के साथ शुरू हुईं। आदर जैन अलेखा आडवाणी के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। ऐसे में मेहंदी की रस्म के दौरान उनके पूरे परिवार का बेहद खूबसूरत अंदाज देखने को मिला। खासतौर पर बात करें उनकी बहनों और भाभी की तो उनका अंदाज देखने में कमाल का लग रहा था। यहां हम बात कर रहे हैं करीना कपूर के साथ-साथ करिश्मा कपूर और आलिया भट्ट की जो आदर जैन की मेहंदी में अलग अंदाज में पहुंची। तीनों इतनी खूबसूरत लग रहीं थी, कि हर कोई बस उन्हें देखता रह गया। अपने छोटे भाई आदर जैन की मेहंदी में करीना कपूर काफी ग्लैमरस अंदाज में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने बेहद ही खूबसूरत सी लॉन्ग कुर्ता स्टाइल ड्रेस पहनी थी। ब्लू रंग के इस ड्रेस पर बेहद ही खूबसूरत और हैवी फ्लोरल वर्क था, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। इसे गोटा और सितारों से सजाया गया था, जिसकी वजह से उनकी ड्रेस इंडो वेस्टर्न लुक दे रही थी। बात करें उनके मेकअप की तो न्यूड आईशैडो के साथ स्मज आईलाइनर और काजल लगाने की वजह से उनका लुक प्यारा लग रहा था। हाईलाइटेड आंखें और न्यूड लिप्स उनकी खूबसूरती को बढ़ा रहे थे। इस लुक के साथ उन्होंने कानों में हैवी ईयररिंग्स पहने थे।

छोटे भाई की मेहंदी की रस्म में करिश्मा का अंदाज देखने के लायक था। चटक गुलाबी रंग के लहंगे के साथ उन्होंने फुल स्लीव गुलाबी कुर्ती कैरी की थी। मैचिंग का गुलाबी दुपट्टा उनके लुक में चार चांद लगा रहा था। गोल नेकलाइन वाली लहंगे की शॉर्ट कुर्ते जैसी चोली पर सुनहरे धागों से लाइनिंग पैटर्न बना है, जिस वजह से उनका लुक प्यारा दिख रहा था। एक्ट्रेस ने बालों में चोटी बनाकर परांदा अटैच किया था, जिस वजह से वो एकदम पंजाबी कुड़ी लग रहीं थीं।

# जाना है रिसेप्शन पार्टी में तो ऐसे आउटफिट को दें प्राथमिकता, लुक दिखेगा गजब का



**नई दिल्ली।** यदि आपको किसी की रिसेप्शन पार्टी अटैंड करने जाना है तो उसके लिए अलग और खास तरह के आउटफिट का चयन करें। यहां हम आपको इसके कुछ विकल्प दिखाने जा रहे हैं। शादियों का सीजन चल रहा है, जिसकी धूम आपको बाजारों से लेकर घरों तक में दिखाई दे रही होगी। जब भी घर में किसी की शादी पक्की होती है, तो हर कोई हर रस्म के लिए खरीदारी करने में जुट जाता है। आज के समय में हर रस्म में अलग थीम होती है, जिसके हिसाब से ही कपड़े खरीदे जाते हैं। हल्दी, मेहंदी के साथ-साथ शादी के बाद रिसेप्शन का भी अब काफी महत्व है।

शादी की सभी रस्मों में हर कोई एथनिक आउटफिट ही पहनता है, लेकिन जब बारी आती है रिसेप्शन की तो उसमें महिलाएं अपने लुक में वेस्टर्न टच देना चाहती हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको देखकर आप अपने लिए खरीदारी कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में आपका लुक सबसे अलग और खूबसूरत लगेगा।

ज्यादातर महिलाओं को शादी-विवाह में साड़ी पहनना पसंद होता है। ऐसे में आप सीक्विन वर्क की साड़ी कैरी कर सकती हैं। खासतौर पर बात करें रिसेप्शन पार्टी की तो उसमें आप गोल्ड, सिल्वर, पेस्टल और मेटैलिक कलर बेस्ट रहेंगे। इसे डीप नेक ब्लाउज और मिनिमल ज्वेलरी के साथ पहनें और अपने लुक को ग्लैमरस बनाएं। अगर आप एक बोल्ड और अनोखा लुक चाहती हैं, तो प्री ड्रेप साड़ी को जरूर ट्राय करें। यह आपको एक फ्यूजन लुक देगा, जिसे बेल्ट और हाई हील्स के साथ स्टाइल किया जा सकता है। इसके साथ अपने बालों को भी अलग तरह से स्टाइल करें। प्री ड्रेप्ड साड़ी आजकल बाजार में काफी कम दामों में मिल जाती है।

यदि अपने लुक में वेस्टर्न टच देना चाहती हैं तो इंडो वेस्टर्न गाउन एक बेहतर विकल्प है। नेट, वेलवेट और सिल्क फैब्रिक में डिजाइन किए गए गाउन आपको रॉयल लुक देंगे। इसके साथ मेकअप और ज्वेलरी का खास ध्यान रखें, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

# बेजान बालों के लिए संजीवनी है नारियल का दूध, घर में मिनटों में ऐसे करें तैयार



**नई दिल्ली।** नारियल का दूध बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। तो आज की इस खबर में हम आपको उन टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप नारियल के दूध का इस्तेमाल कर के अपने बालों की देखभाल कर सकती हैं। आइए जानते हैं।

नारियल का दूध सफेद, मलाईदार होता है, जो पके हुए नारियल के गूदे को पीसकर और छानकर निकाला जाता है। यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है और इसे कई तरह के व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, यह न केवल सेहत के लिए बल्कि बालों के लिए भी काफी लाभकारी होता है। अगर रोजाना इसका इस्तेमाल बालों में किया जाए तो यह बालों से जुड़ी सारी समस्याओं का निवारण करता है। नारियल का दूध बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। तो आज की इस खबर में हम आपको उन टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप नारियल के दूध का इस्तेमाल कर के अपने बालों की देखभाल कर सकती हैं। आइए जानते हैं। नारियल के दूध में हेल्दी फैट होते हैं, जो तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं। हालांकि इसमें कैल्शियम कम होता है, लेकिन फास्फोरस और मैग्नीशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाती है।

इसमें मौजूद हेल्दी फैट कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित रखता है और हृदय रोगों का खतरा कम करता है। यह लैक्टोज-फ्री होता है, इसलिए जिन्हें दूध से एलर्जी होती है, उनके लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।

नारियल का दूध त्वचा को नमी प्रदान करता है और बालों की मजबूती के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसे हेयर कंडीशनर और फेस पैक के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।


नारियल दूध को अपने बालों के स्कैल्प अच्छे से लगाएं और कम से कम 15 मिनट तक मसाज करें। फिर इसे अच्छे से जड़ों से लेकर बालों की निचले हिस्से पर भी लगाएं। इस मास्क को 30 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद इसे शैंपू से धो दें। अगर आप इस मास्क को हफ्ते में दो बार लगाते हैं तो आपके बालों की हेल्थ काफी अच्छी बनी रहेगी।

# बाहर के ब्यूटी प्रोडक्ट्स को कह दें अलविदा, किचन में पड़ी इन सब्जियों से हटाएं टैनिंग



**नई दिल्ली।** महिलाएं टैनिंग हटाने के लिए कई महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, आज की इस खबर में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप घर बैठे टैनिंग हटा सकती हैं। आइए विस्तार से जानते हैं। बाजार में टैनिंग हटाने के कई प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, लेकिन अगर आप प्राकृतिक और घरेलू उपाय अपनाना चाहते हैं, तो आपकी रसोई में मौजूद कुछ सब्जियां बेहद फायदेमंद साबित हो सकती हैं। ये न सिर्फ टैनिंग को हल्का करती हैं, बल्कि त्वचा को पोषण देकर उसे चमकदार भी बनाती हैं। महिलाएं टैनिंग हटाने के लिए कई महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, आज की इस खबर में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप घर बैठे टैनिंग हटा सकती हैं। आइए विस्तार से जानते हैं। ऐसे में अगर धूप में ज्यादा वक्त बिताने की वजह से आपकी स्किन टैन हो गई है और महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करके भी कोई खास असर नहीं दिख रहा, तो अब वक्त है किचन में मौजूद कुछ खास सब्जियों को आजमाने का। आइए जानते हैं। लौकी का रस निकालकर प्रभावित हिस्से पर 15 मिनट तक लगाकर धो लें। अगर आप टैनिंग हटाने के लिए प्राकृतिक उपाय अपनाना चाहते हैं, तो आलू, टमाटर, खीरा, नींबू और लौकी का उपयोग जरूर करें। ये न सिर्फ टैनिंग कम करेंगी, बल्कि त्वचा को पोषण और निखार भी देंगी।

# गूगल रिलीज कर रहा नया अपडेट, कॉल हिस्ट्री के लिए मिलेंगे कई सारे फिल्टर्स




**नई दिल्ली।** अब यूजर्स को कथित तौर पर कॉल्स को एक पूरी सूची के बजाय विभिन्न श्रेणियों में छांटा हुआ दिखाई देगा। यह सुविधा पहले कथित तौर पर फोन एप के बीटा उपयोगकर्ताओं के लिए पेश की गई थी, लेकिन अब यह सभी एंड्रॉयड यूजर्स के लिए व्यापक रूप से जारी की गई है।

गूगल अपने फोन एप में एक नए फीचर को रोलआउट कर रहा है जिसका उद्देश्य हैंडसेट पर कॉल्स को बेहतर ढंग से छांटना है।

यह कहा जा रहा है कि इसमें विभिन्न प्रकार के कॉल्स को छांटने के लिए कई फिल्टर पेश किए जाएंगे, जैसे स्पैम से लेकर अज्ञात कॉलर्स तक। अब यूजर्स को कथित तौर पर कॉल्स को एक पूरी सूची के बजाय विभिन्न श्रेणियों में छांटा हुआ दिखाई देगा। यह सुविधा पहले कथित तौर पर फोन एप के बीटा उपयोगकर्ताओं के लिए पेश की गई थी, लेकिन अब यह सभी एंड्रॉयड यूजर्स के लिए व्यापक रूप से जारी की गई है। एंड्रॉयड अथॉरिटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, फोन एप अब कॉल्स को उनके प्रकार के आधार पर वर्गीकृत कर सकता है, जैसे सभी, मिस्ड, संपर्क, स्पैम और गैर-स्पैम। इससे संभवतः विशिष्ट कॉलर्स को खोजना आसान हो जाता है, बजाय इसके कि असंबंधित कॉलर्स की सूची में स्क्रॉल करना पड़े, हालांकि इसमें केवल एक विशिष्ट सेट के फिल्टर शामिल हैं और यूजर्स के पास इनकमिंग या आउटगोइंग कॉल्स के आधार पर कॉल्स को खोजने का विकल्प नहीं है।

कॉल फिल्टर सबसे पहले पिछले महीने फोन एप के 159.0.718038457-पब्लिकबीटा-पिक्सेल2024 अपडेट के साथ पेश किए गए थे। उस समय यह बीटा यूजर्स तक सीमित था और इसके सार्वजनिक रोलआउट के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, हालांकि रिपोर्ट से पता चलता है कि अब यह सभी एंड्रॉयड यूजर्स के लिए रोलआउट हो रहा है।

# विकिपीडिया के चार संपादकों पर मामला दर्ज, संभाजी महाराज के आपत्तिजनक कंटेंट न हटाने का है आरोप




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र साइबर विभाग ने कैलीफोर्निया स्थित विकिमीडिया फाउंडेशन को नोटिस भेजकर विकिपीडिया से इस सामग्री को हटाने का अनुरोध किया था। विकिमीडिया फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विकिपीडिया का संचालन करता है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने विकिपीडिया पर छत्रपति संभाजी महाराज से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री को न हटाने के मामले में चार संपादकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र साइबर विभाग ने कैलीफोर्निया स्थित विकिमीडिया फाउंडेशन को नोटिस भेजकर विकिपीडिया से इस सामग्री को हटाने का अनुरोध किया था। विकिमीडिया फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विकिपीडिया का संचालन करता है। महाराष्ट्र साइबर एजेंसी ने अपने नोटिस में उल्लेख किया था कि विकिपीडिया पर प्रकाशित जानकारी गलत और भ्रामक है, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है, क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज भारत में अत्यधिक पूजनीय माने जाते हैं। नोटिस में यह भी कहा गया था कि विकिपीडिया पर प्रकाशित जानकारी उनके अनुयायियों में असंतोष पैदा कर सकती है और इससे सामाजिक अशांति फैलने की आशंका है।


विकिमीडिया फाउंडेशन द्वारा इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण, महाराष्ट्र साइबर ने विकिपीडिया के कम से कम चार संपादकों के खिलाफ आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।बता दें कि विकिपीडिया एक फ्री प्लेटफॉर्म है, जिसे स्वयंसेवकों द्वारा संपादित और प्रबंधित किया जाता है, हालांकि कुछ विशेष व्यक्ति ही इस प्लेटफॉर्म पर कंटेंट अपलोड कर सकते हैं। यह विवाद हाल ही में रिलीज हुई हिंदी फिल्म ÷छावा÷ के संदर्भ में भी जुड़ा हुआ है, जो संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है।

# मेटा ने बदल दी फेसबुक लाइव वीडियो की पॉलिसी, अब इतने दिनों बाद अपने आप डिलीट हो जाएंगे वीडियोज



**नई दिल्ली।** फेसबुक ने पहली बार फरवरी 2016 में लाइव वीडियो फीचर लॉन्च किया था, जो अगस्त 2015 में फेसबुक मेंशन एप के रूप में आया था और बाद में फेसबुक लाइव के नाम से जाना जाने लगा। फेसबुक ने अपनी लाइव वीडियो डाउनलोडिंग से जुड़ी नीति में बदलाव किया है। मेटा ने हाल ही में एक ब्लॉग पोस्ट के जरिए घोषणा की कि उपयोगकर्ताओं के लाइव ब्रॉडकास्ट अब एक निश्चित समय के बाद ऑटोमैटिक रूप से हटा दिए जाएंगे। नई पॉलिसी के अनुसार, उपयोगकर्ताओं के प्रोफाइल या पेज से लाइव स्ट्रीम किए गए वीडियो 30 दिनों के बाद हटा दिए जाएंगे। फेसबुक ने पहली बार फरवरी 2016 में लाइव वीडियो फीचर लॉन्च किया था, जो अगस्त 2015 में फेसबुक मेंशन एप के रूप में आया था और बाद में फेसबुक लाइव के नाम से जाना जाने लगा। मेटा ने पुष्टि की है कि 19 फरवरी 2025 से लाइवस्ट्रीम किए गए वीडियो 30 दिनों के बाद ऑटोमैटिक रूप से हट जाएंगे, हालांकि उपयोगकर्ताओं को इस समयावधि के भीतर अपने वीडियो डाउनलोड करने का अवसर मिलेगा। वीडियो हटाए जाने के बाद भी उपयोगकर्ताओं को 90 दिनों तक उन्हें डाउनलोड करने की सुविधा दी जाएगी। हटाए गए वीडियो एक विशेष आर्काइव सेक्शन में चले जाएंगे और उपयोगकर्ताओं को ईमेल के जरिए वीडियो डाउनलोड करने की रिमाइंडर नोटिफिकेशन भी भेजी जाएगी। फेसबुक ने इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक नया टूल भी पेश किया है, जिससे उपयोगकर्ता अपने लाइव वीडियो को इंडिविजुअली या एक साथ डाउनलोड कर सकते हैं।

# इंस्टाग्राम ने लॉन्च किया गजब का फीचर, अब क्रिएटर्स हर दिन छापेंगे पैसे




**नई दिल्ली।** क्रिएटर्स ब्रांड के लिए एक छोटा प्रमोशनल मैसेज लिख सकते हैं, जिसे ब्रांड अपने विज्ञापन में जोड़ देगा। यह एड Sponsored टैग के साथ उस पोस्ट पर टॉप पर पिन किया जाएगा, जिससे यह साफ़ हो जाएगा कि यह एक पेड प्रमोशन है।

इंस्टाग्राम ने गुरुवार को क्रिएटर्स के लिए कमाई का एक नया तरीका पेश किया है, जिसे "Testimonials" कहा जा रहा है। यह पार्टनरशिप एडवर्टाइजमेंट का एक नया रूप है, जहां कोई ब्रांड किसी क्रिएटर के साथ मिलकर अपने प्रोडक्ट या सर्विस को प्रमोट करता है। ऐसे विज्ञापन क्रिएटर के इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो या केवल टेक्स्ट के रूप में दिखाई देंगे।

Meta द्वारा जारी एक ब्लॉग पोस्ट के अनुसार, Testimonials एक नया पार्टनरशिप एड फॉर्मेट है, जो खासतौर पर टेक्स्ट-ओनली प्रमोशन के लिए बनाया गया है। यह छोटे और 125 कैरेक्टर से कम के टेक्स्ट में ब्रांड प्रमोशन की सुविधा देता है। क्रिएटर्स ब्रांड के लिए एक छोटा प्रमोशनल मैसेज लिख सकते हैं, जिसे ब्रांड अपने विज्ञापन में जोड़ देगा। यह एड Sponsored टैग के साथ उस पोस्ट पर टॉप पर पिन किया जाएगा, जिससे यह साफ़ हो जाएगा कि यह एक पेड प्रमोशन है। Meta का कहना है कि 40% इंस्टाग्राम यूजर्स क्रिएटर्स की सिफारिशों पर भरोसा करके खरीदारी करते हैं। इस नए फीचर से क्रिएटर्स अपनी कमाई बढ़ा सकते हैं और अपने ब्रांड डील्स को और प्रभावी बना सकते हैं, हालांकि इस फीचर के तहत परफॉर्मेंस मेट्रिक्स केवल ब्रांड के अकाउंट तक सीमित होंगे। यानी, क्रिएटर्स को एड परफॉर्मेंस जानने के लिए ब्रांड से डेटा मांगना पड़ेगा।

## युगांडा की जेल में खाने-पीने को तरसाया गया, नहाने से भी रोका गया, वसुंधरा ने सुनाई आपबीती



**मुंबई।** 26 वर्षीय वसुंधरा को अपने पिता पंकज के पूर्व कर्मचारी मुकेश मेनारिया के अपहरण और हत्या के आरोप में एक अक्तूबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में मेनारिया तंजानिया में जीवित पाया गया। जिसके बाद, 21 अक्तूबर 2024 को उन्हें जमानत दे दी गई। भारतीय मूल के अरबपति पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने शुक्रवार को युगांडा में दी गई यातनाओं की आपबीती सुनाई। उन्होंने दावा किया कि उन्हें युगांडा में तीन सप्ताह से अधिक समय तक सलाखों के पीछे रख यातनाएं दी गईं, जो मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन था। 26 वर्षीय वसुंधरा को अपने पिता पंकज के पूर्व कर्मचारी मुकेश मेनारिया के अपहरण और हत्या के आरोप में एक अक्तूबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में मेनारिया तंजानिया में जीवित पाया गया। जिसके बाद, 21 अक्तूबर 2024 को उन्हें जमानत दे दी गई। वसुंधरा ने शुक्रवार को पीटीआई को दिए साक्षात्कार में बताया कि मुझे पांच दिनों तक हिरासत में रखा गया। फिर दो सप्ताह के लिए जेल में डाल दिया गया। वसुंधरा ने दावा किया कि युगांडा के पुलिस अधिकारियों ने मुझे नहाने तक नहीं दिया। साथ ही भोजन-पानी देने से भी इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि मेरे माता-पिता को मेरे लिए भोजन, पानी और बुनियादी जरूरतों के लिए वकीलों के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को रिश्वत देनी पड़ी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें किसी सजा के तौर पर शौचालय का इस्तेमाल तक करने की अनुमति नहीं दी गई। वसुंधरा ने दावा किया कि पुलिस ने बिना वारंट उनके परिसर की तलाशी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि जब मैंने पुलिस अधिकारियों से तलाशी वारंट दिखाने के लिए कहा, तो उन्होंने मुझसे कहा कि हम युगांडा में हैं।

# कोलकाता तिहरे हत्याकांड में महिलाओं के पतियों के गिरफ्तारी की तैयारी

**घायल**

> जब परिवार के तीन पुरुष एक सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गए थे।



**कोलकाता।** कोलकाता के तेंगरा में एक घर में मृत पाईं गई दो महिलाओं के पतियों के गिरफ्तारी की तैयारी पुलिस की तरफ से की जा रही है। बता दें कि, घर में दो महिलाओं समेत एक लड़की का शव मिला था और इसका खुलासा तब हुआ था, जब एक कार तेज रफ्तार मेट्रो पिलर से टकरा गई। जिसमें सवार दो पुरुष और एक लड़का बुरी तरह जख्मी हो गए। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में तिहरे हत्याकांड से हर कोई स्तब्ध रह गया था, लेकिन इस मामले में उस वक्त लोग और हैरान रह गए। जब परिवार के तीन पुरुष एक सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गए थे। वहीं इस मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोलकाता में जिस घर में जिन दो महिलाओं के साथ एक लड़की का शव मिला था, उनके पतियों को गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पतियों को गिरफ्तार करने का फैसला पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद लिया गया, जिसमें बताया गया कि दोनों महिलाओं और लड़की की हत्या की गई थी, जिससे यह अटकलें खारिज हो गईं कि तीनों ने आत्महत्या की है। बता दें कि, बुधवार 19 फरवरी की सुबह शहर में मेट्रो रेल के खंभे से कार के टकराने के बाद घायल हुए पुरुष सदस्यों के परिवार के तीन महिला सदस्य अपने तेंगरा में मौजूद घर में मृत पाए गए। घायलों में से एक ने पुलिस को अपने परिवार में हुई मौतों के बारे में जानकारी दी थी। दो भाई - प्रणय और प्रसून डे - अपनी पत्नियों सुदेशना और रोमी के साथ कोलकाता में अपने घर में रहते थे। प्रणय का बेटा और प्रसून की बेटी घर भी उनके रहते थे। तीनों घायलों का यहां एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकारी ने बताया, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भाइयों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हम अस्पताल के अधिकारियों के संपर्क में हैं। शनिवार को एक गिरफ्तारी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दो भाइयों में से एक, जिसकी हालत शनिवार को इतनी बेहतर हो गई है कि उसे अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है, को संभवतः दिन में हिरासत में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सवाल उठे हैं कि अपराध के पीछे कौन था और कोलकाता पुलिस के जासूस इसमें शामिल लोगों की पहचान करने और तीनों की हत्या के पीछे के मकसद की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या पतियों ने अपनी पत्नियों और लड़की की हत्या की या परिवार के बाहर के लोग हत्या में शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाइयों ने पहले पुलिस के सामने दावा किया था कि परिवार के सदस्यों के बीच आत्महत्या की योजना थी जिसके बाद सभी ने नींद की गोलियों के साथ दलिया खाया।

## मणिपुर में प्रतिबंधित गुट के छह कार्यकर्ता गिरफ्तार; वसूली के आरोप में भी दो को दबोचा गया



**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित गुट के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने वसूली करने आरोप में एक समूह के दो लोगों को दबोचा लिया है। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले से एक प्रतिबंधित संगठन के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है और इंफाल पूर्व में जबरन वसूली में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में एक समूह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (इबुंगो नगांगोम) के छह सदस्यों को शुक्रवार को इंफाल पश्चिम के कोत्रुक माखा लेइकाई चर्च से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के अचनबिगेई मानिंग लीकाई से जी5 संगठन के दो सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है, जिन पर सेकमाई, इरिलबंग, कोइरेंगेई और पटसोई इलाकों में रेत से लदे ट्रकों से जबरन वसूली करने का आरोप है। वे सेकमाई इलाके में ट्रक ड्राइवरों से चाबियां छीनने की घटनाओं में भी कथित रूप से शामिल थे। मामले में अधिकारी ने बताया कि उनकी पहचान निंगथौजम यंबा सिंह और उषाम नेताजी सिंह के रूप में हुई है।

मणिपुर पुलिस ने यह भी कहा कि इस दौरान कम से कम दो आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद काकचिंग और कांगपोकपी जिलों में प्रशासन को सौंपे गए हैं। यह घटनाक्रम राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की तरफ से लोगों से अवैध हथियार और गोला-बारूद सरेंडर करने की अपील के बाद हुआ है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने काकचिंग वैरी इलाके से कम से कम 12 आग्नेयास्त्र भी बरामद किए और उन्हें काकचिंग पुलिस स्टेशन को सौंप दिया।

## तेलंगाना में एसएलबीसी सुरंग परियोजना में छत का एक हिस्सा ढहा, छह श्रमिकों के फंसे होने की आशंका




**हैदराबाद।** मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई मामलों के सरकारी सलाहकार आदित्यनाथ दास और अन्य सिंचाई अधिकारी विशेष हेलीकॉप्टर से घटनास्थल के लिए रवाना हुए हैं। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन हिस्से में छत का एक हिस्सा ढह गया। हादसे में कम से कम छह श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम आकलन के लिए अंदर गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारी ने कहा, घटना तब हुई, जब कुछ श्रमिक काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर एक हिस्से की छत गिर गई। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हताहतों की संख्या नहीं बताई गई। उसमें संकेत दिया गया कि कुछ लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई मामलों के सरकारी सलाहकार आदित्यनाथ दास और अन्य सिंचाई अधिकारी विशेष हेलीकॉप्टर से घटनास्थल के लिए रवाना हुए हैं। दुर्घटना पर चिंता जताते हुए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने घटना के कारणों की जानकारी ली और अधिकारियों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने को कहा। उनके कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने अधिकारियों से घायलों (यदि कोई हो) को उपचार मुहैया कराने को भी कहा।

## मराठी में बात न करने पर बस कंडक्टर से मारपीट मामले में बवाल

**घायल**

> पुलिस ने बताया कि घायल बस कंडक्टर को बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। उसे मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है।



**कर्नाटक।** बेलगावी में मराठी भाषी आबादी काफी है और उनमें से एक वर्ग जिले का महाराष्ट्र में विलय करने की मांग कर रहा है, जिसका राज्य के साथ-साथ वहां रहने वाली कन्नड़ भाषी जनता भी कड़ा विरोध कर रही है। कर्नाटक में राज्य परिवहन निगम की बस के कंडक्टर (परिचालक) पर मराठी में यात्री को जवाब न देने पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार को महाराष्ट्र की सीमा से लगे बेलगावी जिला मुख्यालय शहर के बाहरी इलाके में हुई। कंडक्टर पर भी पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले आंखों में आंसू लिए 51 वर्षीय कंडक्टर महादेवप्पा मल्लप्पा हुक्केरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि सुलेभवी गांव में अपने पुरुष साथी के साथ बस में चढ़ी एक लड़की मराठी में बोल रही थी। हुक्केरी ने कहा कि उसने उससे कहा कि उसे मराठी नहीं आती और उसने उससे कन्नड़ में बात करने को कहा। कंडक्टर ने कहा, जब मैंने कहा कि मुझे मराठी नहीं आती, तो लड़की ने मुझे गाली देते हुए कहा कि मुझे मराठी सीखनी चाहिए। अचानक बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और मुझ पर हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि घायल बस कंडक्टर को बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। उसे मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने कंडक्टर पर हमला करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। 14 वर्षीय लड़की की शिकायत के आधार पर कंडक्टर के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिचालक पर लड़की के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। हमें आरोपों की जांच करनी है और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नासिक में अवैध धार्मिक निर्माण हटाने पर गर्माया विवाद, द्वारका के काठे गली इलाके में लगा कर्फ्यू

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में द्वारका के काठे गली इलाके में कथित अवैध धार्मिक निर्माण को हटाने को लेकर विवाद के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया है। इलाके में कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी भी समस्या को रोकने के लिए पुलिस कर्मी, सुरक्षा बल और बैरिकेड्स तैनात किए गए हैं। महाराष्ट्र के नासिक जिले में द्वारका के काठे गली इलाके में कथित अवैध धार्मिक निर्माण को हटाने को लेकर बढ़े विवाद के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं इलाके में कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी भी समस्या को रोकने के लिए पुलिस कर्मी, सुरक्षा बल और बैरिकेड्स तैनात किए गए हैं।

## ट्रंप ने पेंटागन में क्यों किए फेरबदल, शीर्ष अमेरिकी जनरल और नौसेना प्रमुख को बर्खास्त करने की वजह क्या?




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अचानक एयर फोर्स जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष पद से हटा दिया। यह फैसला उनके रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के नेतृत्व में लिया गया, जो सेना में विविधता और समानता को बढ़ावा देने वाले नेताओं को हटाने की मुहिम चला रहे हैं। इसके साथ पेंटागन में अहम पदों पर बैठे दो अन्य अधिकरियों पर भी ट्रंप का हंटर चला है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पेंटागन में बड़े पैमाने में फेरबदल किए हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर का है, जिन्हें ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन पद से अचानक हटा दिया। बता दें कि, जनरल सीक्यू ब्राउन को एक कुशल सैन्य अधिकारी माना जाता था और वे इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे अश्वेत व्यक्ति थे। जनरल सीक्यू ब्राउन ने 16 महीने तक इस पद पर रहते हुए यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव जैसे बड़े मुद्दों को संभाला था। लेकिन उनके हटाए जाने की मुख्य वजह मानी जा रही है कि उन्होंने अमेरिकी सेना में विविधता और समानता का समर्थन किया था। ट्रंप प्रशासन सेना से इस तरह के विचार रखने वाले अधिकारियों को हटाने की नीति अपना रहा है। जनरल सीक्यू ब्राउन ब्राउन ने 2020 में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन का समर्थन किया था। उस समय उन्होंने खुलकर कहा था कि अश्वेत होने के कारण उन्हें अपने करियर में कई तरह के भेदभाव झेलने पड़े। ट्रंप प्रशासन को यह बयान पसंद नहीं आया और यही कारण है कि अब उन्हें पद से हटा दिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में जनरल सीक्यू ब्राउन की तारीफ की और धन्यवाद देते हुए कहा, वे एक अच्छे इंसान और बेहतरीन नेता हैं। मैं उनके और उनके परिवार के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। बता दें कि, जनरल सीक्यू ब्राउन एक अनुभवी फाइटर पायलट हैं।

इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप ने एयर फोर्स के लेफ्टिनेंट जनरल डैन रेजिन केन को नया ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ का नया चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव रखा है। जानकारी के मुताबिक, जनरल केन एक अनुभवी एफ-16 लड़ाकू विमान पायलट हैं। उन्होंने इराक में युद्ध, स्पेशल ऑपरेशन और पेंटागन के कई गोपनीय अभियानों में काम किया है। हालांकि, उन्होंने सेना में उन अहम पदों पर काम नहीं किया है जो इस पद के लिए जरूरी माने जाते हैं।

## मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**लुइस।** हर साल 12 मार्च को मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस मनाता है। इसे 12 मार्च, 1968 को ब्रिटिश शासन से आजादी मिली थी। रामगुलाम ने कहा, मुझे हमारे देश की स्वतंत्रता की 57वीं वर्षगांठ के समारोह के संदर्भ में सदन को यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री महामहिम नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मॉरीशस की यात्रा करेंगे। वे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने इसका एलान किया। रामगुलाम ने इसे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों का प्रमाण बताया।

# ढाका में पत्नी के सामने बीएनपी नेता की पीट-पीटकर बर्बर हत्या, हैवानों ने आंखें भी निकालीं

**प्रयास**

> हत्या के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।




**ढाका।** बांग्लादेश के ढाका में बीएनपी नेता मोहम्मद बाबुल मियां की हत्या शुक्रवार को उस समय की गई, जब वह पत्नी यास्मीन बेगम के साथ सरसों के खेत में कटाई कर रहे थे। यास्मीन ने बताया कि हैवानों ने पति की दोनों आंखें तक निकाल लीं। जब वह उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची तो डॉक्टरों ने पति को मृत घोषित कर दिया। बांग्लादेश के ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नेता मोहम्मद बाबुल मिया की प्रतिद्वंदियों ने पत्नी के सामने पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने उसे डंडों और एसएस पाइपों से पीटा। उसकी दोनों आंखें तक निकाल दीं। हत्या के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, मोहम्मद बाबुल मिया बीएनपी की कुल्ला यूनियन इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष थे। शुक्रवार दोपहर वह और उनकी पत्नी धामराई उपजिला के अक्षिरनगर हाउसिंग के पास सरसों की कटाई कर रहे थे। इस दौरान उनकी हत्या कर दी गई। बाबुल की पत्नी यास्मीन बेगम ने बताया कि रियल एस्टेट व्यवसाय अक्षिरनगर हाउसिंग को लेकर ग्रामीणों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय अधिकारी, अरशद और मोनिर हम दोनों को कई दिनों से धमका रहे थे, जबकि पति का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था। यास्मीन बेगम ने बताया कि आरोपियों ने पति को डंडों और एसएस पाइप से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इतना ही नहीं आरोपियों ने पति की दोनों आंखें भी निकाल लीं। जब मैंने और कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करने और उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें रोक दिया। यास्मीन ने बताया कि पति के बेहोश होने के बाद ही आरोपी वहां से गए। पत्नी यास्मीन ने बताया कि आरोपियों के मौके से जाने के बाद, पति को सावर इनाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यास्मीन ने कहा कि वह घटना के बारे में तुरंत एफआईआर दर्ज कराएंगी।

धामराई पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी मोनिरुल इस्लाम ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि बाबुल की हत्या पिछले विवाद के चलते की गई है। शव को अस्पताल से बरामद कर पोस्टमॉर्टम हाउस भेजने की तैयारी की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बाइडन ने सुनीता विलियम्स को उनके हाल पर छोड़ा वाले बयान पर घिरे मस्क

**मूर्ख**

> वहीं एलनमस्क ने मोगेन्सेन को जवाब देते हुए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने लिखा, तुम पूरी तरह मूर्ख हो।



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की तरफ से दावा किया गया था, कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की तरफ से अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर को आईएसएस पर उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। उनके इस दावे पर डेनमार्क के अंतरिक्ष यात्री ने मस्क परस् करारा पलटवार किया है। स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क और डेनमार्क के अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेन्सेन के बीच ट्विटर पर जबरदस्त बहस छिड़ गई। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एलन मस्क ने दावा किया कि नासा के दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर को जो बाइडन प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर उनके हाल पर छोड़ दिया। डेनिश अंतरिक्ष यात्री एंड्रियास मोगेन्सेन ने एक ट्वीट में एलन मस्क के इस दावे को झूठ बताया। उन्होंने लिखा, क्या झूठ है! और वो भी उस इंसान से, जो हमेशा मीडिया पर झूठ फैलाने का आरोप लगाता है। वहीं एलनमस्क ने मोगेन्सेन को जवाब देते हुए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने लिखा, तुम पूरी तरह मूर्ख हो। स्पेसएक्स महीनों पहले ही उन्हें वापस ला सकता था। मैंने बाइडन प्रशासन को यह ऑफर दिया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। राजनीतिक कारणों से उनकी वापसी टाल दी गई।

## जीव विज्ञानी पूर्णिमा को वुमन ऑफ द ईयर का सम्मान

**न्यूयॉर्क।** टाइम मैगजीन की इस वर्ष की 'वुमन ऑफ द ईयर' सूची में अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकॉट का नाम भी शामिल हैं। इन दोनों महिलाओं के संघर्ष भी उल्लेखनीय हैं।

टाइम मैगजीन की इस वर्ष की 'वुमन ऑफ द ईयर' सूची में एक भारतीय जीवविज्ञानी एवं वन्यजीव संरक्षणकर्ता पूर्णिमा देवी बर्मन का नाम भी शामिल है। अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकॉट के साथ 13 महिलाओं की 2025 की इस सूची में 45 वर्षीय बर्मन एकमात्र भारतीय महिला हैं। बर्मन के काम की बदौलत, वर्ष 2023 में धेनुक (एक प्रकार का पक्षी) को अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ के वर्गीकरण के तहत लुप्तप्राय स्थिति से हटाकर 'निकट संकटग्रस्त' श्रेणी में लाया गया।पूर्णिमा देवी बर्मन की बदौलत, असम में धेनुक की आबादी 1,800 से ज्यादा हो गई है। बर्मन की प्रोफाइल में लिखा है कि उन्हें 2007 का वह दिन आज भी याद है जब असम में रहते वक्त उन्हें एक फोन पर बताया गया कि एक पेड़ काटा जा रहा है, जो 'ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क' (धेनुक) के परिवार का घर था। इसके बाद उनकी जिंदगी बदल गई। उन्होंने वहां पहुंचकर मौके पर पूछा कि पेड़ क्यों काटा जा रहा है? बर्मन ने कहा, सभी (धेनुक) ने मुझे घेर लिया और चहचहाना शुरू कर दिया। उस समय उनके जहन में अपनी नवजात जुड़वां बेटियों का ख्याल आ रहा था क्योंकि धेनुक की तरह, वे भी बहुत छोटी थीं। बर्मन को पक्षियों को बचाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उस समय, असम में करीब 450 बड़े धेनुक ही शेष बचे थे। टाइम मैगजीन की इस वर्ष की 'वुमन ऑफ द ईयर' सूची में अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकॉट का नाम भी शामिल हैं। इन दोनों महिलाओं के संघर्ष भी उल्लेखनीय हैं। गिसेल के पति ने उन्हें लंबे समय तक मादक पदार्थ दिया और 70 से अधिक अलग-अलग पुरुषों ने उनसे दुष्कर्म किया।

## ट्रंप और डेमोक्रेटिक गवर्नर के बीच ट्रांसजेंडरों को लेकर टकराव, राष्ट्रपति ने संघीय धन रोकने की धमकी दी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मेन की डेमोक्रेटिक गवर्नर जेनेल मिल्स के बीच खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाओं को लेकर टकराव हुआ। ट्रंप ने कहा कि अगर मिल्स उनके कार्यकारी आदेश का पालन नहीं करेंगी, तो उन्हें संघीय धनराशि से वंचित होना पड़ेगा। इसके जवाब में मिल्स ने कहा कि हम मामले को अदालत में उठाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मेन की डेमोक्रेटिक गवर्नर जेनेट मिल्स के बीच खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाओं को लेकर तीखी बहस हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने मिल्स को धमकी दी कि अगर वे उनके कार्यकारी आदेश का पालन नहीं करेंगी, तो उन्हें संघीय धनराशि से वंचित होना पड़ेगा। जिस पर मिल्स ने जवाब दिया, %हम मामला अदालत में उठाएंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने गवर्नर मिल्स के साथ व्हाइट हाउस में राज्यपालों की द्विदलीय बैठक में भाग लिया। इस दौरान ट्रंप और मिल्स के बीच तनावपूर्ण टकराव हुआ। इस बीच ट्रंप ने मिल्स को संघीय निधि रोकने की धमकी दी। ट्रंप ने मिल्स से पूछा- क्या आप इसका अनुपालन नहीं करेंगी? जवाब देते हुए मिल्स ने कहा कि मैं राज्य और संघीय कानूनों का पालन कर रही हूं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि अगर मिल्स ने आदेश का पालन नहीं किया, तो मेन को संघीय निधि नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, आपकी जनता नहीं चाहती कि पुरुष महिलाओं के खेलों में खेलें, इसलिए बेहतर है कि आप इसका पालन करें। इस पर मिल्स ने कहा, हम आपको अदालत में देखेंगे। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, ठीक है, मैं आपको अदालत में देखूंगा। मैं इसके लिए उत्सुक हूं। यह वास्तव में आसान होगा।

इस बीच, व्हाइट हाउस ने ट्रंप और मिल्स के बीच टकराव का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्यकारी आदेश की अवहेलना करने के लिए मेन की डेमोक्रेटिक गवर्नर जेनेट मिल्स को फटकार लगाई।इसके बाद, मिल्स ने शुक्रवार को राज्य से संघीय निधि रोकने की ट्रंप की धमकी के जवाब में एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि राज्य राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी से डरने वाला नहीं है।

# बेहतर प्रदर्शन कर रहे है जनपद के परिषदीय विद्यालय : डॉ. दिनेश चंद्र

**मुफ्तीगंज के कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी पर हुआ भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मुफ्तीगंज ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नौनिहालों के उत्कृष्ट प्रतिभा की तारीफ करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद ने कहा कि विद्यालय वह जगह है जहां बच्चों का सर्वज्ञ विकास होता है यहां के बच्चों की प्रस्तुति व कार्यक्रम का संचालन कर रही बच्ची के प्रतिभा को देखकर लगता है कि परिषदीय स्कूल के बच्चों में असीम प्रतिभा है बस जरूरत है उनको उचित मंच मिले। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह व पूरे स्टाफ की भूरि भूरि प्रशंसा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि यहां के बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए कहा जा सकता है कि परिषदीय विद्यालयों की भौतिक परिवेश हो या शैक्षिक वातावरण बच्चों में आप विश्वास की बात हो यह हर तरह से कॉन्वेंट स्कूलों से आगे है। उन्होंने विद्यालय विकास में पूर्ण सहयोग की बात कही। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने मुख्यालय से सुदूर इस कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी को लगन और मेहनत से संवारा है की जिसका परिणाम है आज यह बेसिक शिक्षा परिषद जौनपुर का वास्तव में तारा है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन सिंह ने कहा कि यहां आकर मुझे आप अप्रत्याशित लगा वाकई में परिषदीय विद्यालयों के प्रति शिक्षकों का कार्य बहुत ही सराहनीय है।खंड शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल ने परिषदीय विद्यालय की योजनाओं पर गीत सुनाकर विभाग के कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। इसके पहले जिलाधिकारी ने माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना पर प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय के कई छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम का विद्यालय की छात्रा संचालन दिव्यांशी शुक्ला व दीक्षा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीडीओ अस्मिता सेन, विंध्यवासिनी उपाध्याय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री सतीश पाठक, संयुक्त मंत्री शैलेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल जिला संगठन मंत्री रामसिंह राव, प्रचार मंत्री मनोज सिंह, प्रदीप राय, विपुल राय, गोपाल सिंह, अनूप दीक्षित, विशाल सिंह, दशरथ राम, सच्चिदानंद, प्रियंका सिंह, मधुरानी, संदीप, अमित कुमार, अवनीश सिंह, अनिल पांडेय, रीता देवी, सुनीता यादव, संतोष कुमार, बासुदेव सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस व राजस्व विभाग द्वारा जनता की शिकायतें सुन किया गया निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज दिनांक 22.02.2025 को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी बांदा जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना नरैनी में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित टीमों को निर्देशित किया गया तथा अपर जिलाधिकारी बांदा राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा थाना मटौन्ध पर जनता की शिकायतों को सुना गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया।

# के0 रविंद्र नायक ने जिला अस्पताल तथा निर्माणाधीन जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग, पशुधन, दुग्ध एवं मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश शासन (नोडल अधिकारी) के0 रविंद्र नायक द्वारा जिला अस्पताल तथा निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी के द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान इमरजेन्सी कक्ष में एसी बदलवाने और डिस्पोजेबल बेड शीट लगवाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने रेडियोलाजी कक्ष में पहुचकर जानकारी ली कि प्रतिदिन कितने मरीजों का एक्सरे किया जाता है और स्टाफ के द्वारा रेडियेशन से बचने के लिए क्या उपाय किये जाते है। जिलाधिकारी ने प्रवेश द्वार पर प्रदर्शित टोल फ्री नम्बर अद्यतन कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही एक्स-रे कराने आये पकंज और रीता देवी से ईलाज के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी के द्वारा डा. जितेन्द्र और डा0 शशांक यादव से ओपीडी के सन्दर्भ में जानकारी ली। टेलीमेडिसिन कक्ष में जाकर डा. नवनीत यादव और डा0 वैदेही सोनी से जानकारी ली कि प्रतिदिन कितने लोगो को टेली मेंडिसिन की सुविधा का लाभ दिया जाता है। दवा वितरण कक्ष में जाकर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि एक्सपायरी डेट की दवा नही होनी चाहिए तथा इससे सम्बन्धित रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही एन्टी रेबीज और एन्टी वेनम इन्जेक्शन की उपलब्धता के सन्दर्भ में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि उक्त इन्जेक्शन अस्पताल में अनिवार्य रूप से उपल्ब्ध रहे। डेंगू और डायरिय से पीड़ित मरीजों के सम्बन्ध में जानकारी ली और निर्देश दिया कि नगर पंचायत और नगर पालिका के माध्यम से डायरिया और डेंगू से प्रभावित क्षेत्रों को सैनेटाइज कराया जाये। इसके उपरान्त नवीन कारागार के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा निर्माणाधीन नवीन कारागार के मॉडल का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले सामग्री के संदर्भ में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि कार्य मानक के अनुरूप तथा गुणवत्तापरक होना चाहिए। जो भी सामग्री निर्माण प्रक्रिया में प्रयोग की जा रही है उच्च गुणवत्ता के होना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के संदर्भ में जानकारी ली तथा थर्ड पार्टी से क्वालिटी चेक कराने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से संवाद करते हुए श्रम पोर्टल पर उनके रजिस्ट्रेशन के संदर्भ में पूछा तथा निर्देशित किया कि जिन श्रमिकों का श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं है उनका रजिस्ट्रेशन कराया जाए।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी ने जमकर किया प्रदर्शन

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** रेशमी नगरी पालिका प्रशासन पर मानदेय भुगतान नहीं करने व नौकरी से निकाले जाने की धमकी का लगाया आरोप , ईओ ने कहा टेंडर कराकर इनकी मांग की जाएगी पूरी। मुबारकपुर में सफाई संविदा कर्मचारियों ने शुक्रवार को अल सुबह छः बजे साफ सफाई का काम बन्द कर अपने मानदेय का भुगतान सहित विभिन्न आठ सूत्रीय मांगों को लेकर नगर में जमकर प्रदर्शन किया किया और नारेबाजी किया। जिलाधिकारी को मांगों से संबंधित ज्ञापन आनलाइन भेजा। मुबारकपुर नगर की साफ सफाई करने के लिए संविदा पर तैनात कर्मचारियों को वेतन सहित अन्य सुविधाओं न मिलने पर उनका सब्र का पैमाना टूट गया और वह लोग झाड़ू साथ लेकर सड़क पर उतर आए और जमकर प्रदर्शन किया।हाथों में झाड़ू उठा कर पूरे नगर में नारेबाजी करते हुए नजर आए। मांगों को मनवाने तक साफ सफाई का काम ठप कर दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान वे नारे लगाए कि हमारी मांगे पूरी हो। विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें बिना बताए ही और चार पांच माह का मानदेय का भुगतान किए बिना ही नौकरी से निकाला जा रहा है। बकाया का भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहीं झाड़ू,खांची वर्दी फरूई सहित अन्य सुविधाओं को नहीं दिया जा रहा है। सफाई कर्मचारी अपने पैसे से खरीदकर काम करने को मजबुर है सफाई कर्मचारी सुनील, विनोद कुमार,आशिया ने बताया कि अब 30 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है।बचे हुए कर्मचारियों को मानदेय भुगतान करने के बजाय बार बार रिटायर करने व नौकरी से बाहर निकालने की धमकी दी जा रही है। निकाले गए कर्मचारियों का परिवार भुखमरी के कगार पर है। हम कर्मचारियों का पी एफभी नहीं काटा जा रहा है। इस प्रकार आठ सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन आनलाइन जिलाधिकारी को व उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा गया है।

# रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने युवक को किया घायल

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सिधारी थाना स्थानीय निवासी ग्राम दुर्गा के सदरे आलम पुत्र निजामुद्दीन ने एक प्रार्थना पत्र देकर अपने पुत्र फुरकान को गांव के ही युवकों द्वारा मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि मेरा पुत्र फुरकान गांव के खेल के मैदान की तरफ गया की इसी बीच में गांव का ही रहने वाला अबू तालीब बाइक से आया और गालियां देकर पकड़ लिया और वहां से लोगों ने बीच बचाव किया तो घर चला गया। थोड़ी देर में अबू तालिब गांव के कुछ लड़कों को लेकर आया और मेरे पुत्र फुरकान को मारपीट का बुरी तरह से घायल कर दिया स जब इसकी जानकारी घर पर लोगों को हुई तो तालिब के घर के महिलाओं ने ईट पत्थर चलाना शुरु कर दिया स उन्होंने आरोप लगाया है कि अबू तालिब और उनके परिजन गांव में दबंगई दिखाकर जिसे चाहते हैं मारते पिटाते हैं। मोहम्मद आरिफ गांव के पूर्व प्रधान रह चुके हैं इसकी वजह से उक्त लोग गांव में दबंगई करते रहते हैं स मैंने अपने लड़के को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया स जहां उसका इलाज चल रहा है।

# कुलपति प्रो. वंदना सिंह समेत डीएसटी पर्स टीम का दिल्ली में होगा सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन**

**जौनपुर।** विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 2025 के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं डीएसटी पर्स की टीम को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पर्स अनुदान प्राप्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं उनकी टीम को सम्मानित किया जाएगा। कुलपति के साथ सम्मान समारोह में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी एवं डॉ. काजल डे है।

गौरतलब है कि इस वर्ष वर्ष पूरे देश में केवल 09 विश्वविद्यालयों को यह अनुदान प्राप्त हुआ है एवं उत्तर प्रदेश से यह प्रतिष्ठित अनुदान पाने वाला पूर्वांचल विश्वविद्यालय अकेला विश्वविद्यालय है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश को प्रतिष्ठित प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस अनुदान के अंतर्गत 7.13 करोड़ रुपए प्रदान किया है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने इस असाधारण उपलब्धि को विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने वाला और उत्तर प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार में अग्रणी स्थान पर स्थापित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय का इस परियोजना के लिए चयन इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और ज्ञान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है, जो न केवल संस्थान बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। इसमें होने वाले अनुसंधान में एक नई ऊर्जा मिलेगी और विशेष रूप से सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, और उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक शोध होगा। नई दिल्ली में आयोजित होनेवाले सम्मान समारोह के लिए देश के सभी अनुदान प्राप्त विश्वविद्यालयों की टीमों को आमंत्रित किया गया है, ताकि उनकी सामूहिक उपलब्धियों को पहचान दी जा सके। प्रो. वंदना सिंह और उनकी टीम की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है।

# शिवरात्रि पर्व को लेकर कालिंजर नीलकण्ठेश्वर महादेव मन्दिर का निरीक्षण

**बांदा।** जिलाधिकारी जे0रीभा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने आगामी शिवरात्रि पर्व पर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कालीन्जर नीलकण्ठेश्वर महादेव मन्दिर का नरीक्षण किया। उन्होंने मन्दिर परिसर में आने वाले श्रृद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, समुचित प्रकाश, एम्बुलेन्स चिकित्सक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था एवं पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन को बढाने के लिए और सुविधायें विकसित किये जाने के साथ पीस कमेटी की बैठक भी आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने मार्ग में खराब लाइटों को ठीक कराये जाने तथा को साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्रि के अवसर पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं शान्तिपूर्णढंग से त्यौहार सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये।

# डीएम ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन, सुचिता एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पं0 जवाहरलाल नेहरू इण्टरमीडिएट कॉलेज गिरवॉं एवं स्व0 दीनदयाल पाण्डेय इण्टर कॉलेज नरैनी आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए बोर्ड परीक्षा के लिए की गयी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के अन्तर्गत सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, फर्नीचर, लाइट, पेयजल, केन्द्र में साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को परीक्षा से पूर्व समय से पूर्ण रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को एक घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को मिश्रित सिटिंग प्लान तैयार किये जाने एवं परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निगरानी रखते हुए केन्द्र व्यवस्थापक सतर्कता रखते हुए परीक्षाओं को सम्पन्न करायें। जिलाधिकारी जे0रीभा ने आज जनपद के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण से सम्बन्धित सेवायें प्रदान करने हेतु विकास खण्ड महुआ के ग्राम पनगरा एवं नरैनी के ग्राम बरकेला में प्राथमिक विद्यालय में छाया एकीकृत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित एएनएम एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों से बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की जांच के कार्यो का निरीक्षण करते हुए एचआरपी रजिस्टर बनाये जाने एवं सभी जांचों को कराने के साथ विवरण तैयार करने निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को आयोजित वीएचएसएनडी/ यूएचएसएनडी शत्र का फीडबैक प्राप्त करते हुए सम्बन्धित पोर्टल पर गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्ट फीड कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर टीकाकरण के कार्य में ग्राम प्रधान को सहयोग करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी नरैनी सत्यप्रकाश एवं सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद को दी गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** कांग्रेस कार्यालय पर निवर्तमान शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम की अध्यक्षता में मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि मनायी गयी। सभी पदाधिकारियों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दुआए मगफिरत की। आजाद साहब एक महांन नेता, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सेवक थे जिन्होंने अपना जीवन गरीबों, शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। उनका जन्म 11 नवंबर, 1888 को मक्का सऊदी अरब में हुआ था। वह एक प्रसिद्ध शिक्षाविद्, इस्लामी धर्मशास्त्री और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया वह भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिनमें पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करना और शिक्षा को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए कई कदम उठाना शामिल हैं उनकी ईमानदारी और सादगी के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। वह एक ऐसे नेता थे जिन्होंने अपने पद का दुरुपयोग नहीं किया और हमेशा गरीबों और शोषितों के हितों की लड़ाई लड़ी आजादी के बाद, मौलाना आजाद ने भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने निम्नलिखित संस्थानों की स्थापना की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, आईआईटी खड़गपुर, माध्यमिक शिक्षा आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद उन्हें राष्ट्रीय विकास में उनके योगदान के लिए 1992 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज जीजीआईसी आजमगढ़ में बनाये गये परीक्षा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही विद्यालय में बनाये गये स्ट्रांग का भी निरीक्षण किया गया। उन्होने निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम के बाहर 24 घण्टे सीसी टीवी कैमरे चालू स्थिति में होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कालेज आजमगढ़ आदि उपस्थित रहे।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर बदहाली को लेकर समाज सुधार वाहिनी प्रकोष्ठ, जेडीयू की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में जिला अस्पताल और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की दयनीय स्थिति को सुधारने की मांग की गई।

**सीटी स्कैन मशीन बंद:** बांदा जिला अस्पताल में पिछले पाँच महीनों से सीटी स्कैन मशीन बंद पड़ी है। इसके चलते गंभीर रोगियों, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों और अन्य आवश्यक चिकित्सा सहायता के लिए आने वाले नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बाहरी निजी केंद्रों में कमीशनखोरी के कारण मरीजों से अधिक धनराशि वसूली जा रही है, जिससे गरीब वर्ग को चिकित्सा सुविधा लेना मुश्किल हो गया है।

**डॉक्टरों की भारी कमी:** जिला अस्पताल में डॉक्टरों की अत्यधिक कमी बनी हुई है। मरीजों की संख्या के अनुपात में डॉक्टरों की उपलब्धता बेहद कम है, जिससे इलाज में देरी हो रही है और मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है।

**ट्रॉमा सेंटर में भ्रष्टाचार एवं दलाली का बोलबाला:** बांदा ट्रॉमा सेंटर अब मात्र एक ÷रेफर सेंटर÷ बनकर रह गया है। यहां कार्यरत डॉक्टर और स्टाफ मरीजों को सरकारी अस्पताल में उचित इलाज देने के बजाय निजी अस्पतालों में रेफर कर रहे हैं, जहां अधिक शुल्क लिया जाता है। एंबुलेंस सेवा से लेकर बाहरी निजी मेडिकल स्टोर्स तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है, जिससे गरीब मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

**ग्राम्य क्षेत्रों में पीएचसी एवं सीएचसी की दुर्दशा:** ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) की स्थिति अत्यंत खराब है। डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी है। कई डॉक्टर दूर-दराज के पीएचसी-सीएचसी में उपलब्ध नहीं रहते या फिर अपने निजी क्लीनिक में मरीजों को देखने में व्यस्त रहते हैं। आम जनता की शिकायतें लगातार मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) कार्यालय तक पहुँच रही हैं, लेकिन सीएमओ कार्यालय द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**खाद्य एवं औषधि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार:** औषधि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण निजी मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा दवाइयों की मनमानी कीमतें वसूली जा रही हैं। प्राइवेट मेडिकल स्टोर संचालक मनमानी दरों पर दवाइयाँ बेच रहे हैं, और विभाग के कुछ अधिकारी इसमें शामिल हैं। इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की माँग की गई है।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

पत्रांक- 162/न0नि0ख0ल0/निविदा दिनांक- 17.02.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-12/अधि0अभि0/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नलकूप मध्य परिक्षेत्र के अन्तर्गत नलकूप खण्ड-प्रथम सीतापुर, जनपद-सीतापुर नलकूप खण्ड-द्वितीय सीतापुर, जनपद-सीतापुर, नलकूप खण्ड-प्रथम लखीमपुर जनपद- लखीमपुर, जनपद-हरदोई, जनपद-उन्नाव, जनपद-रायबरेली एवं जनपद-लखनऊ के 1.0 क्यूसेक क्षमता के नवीन राजकीय नलकूपों के निर्माण की परियोजना में छिद्रण कार्य एवं बजरी आपूर्ति हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा दिनांक 27.02.2025 को 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 28.02.2025 को अपराह्न 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि एवं ठेकेदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.02.2025 से 27.02.2025 तक सायः 4.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड लखनऊ के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र का मूल्य खण्डीय कार्यालय में कैशियर के पास जमा करके तथा विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगला कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Lot No. 01 | Drilling of New State Tubewells of 1.0 Cusec Capacity under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-sitapur" in Tubewell division-first sitapur District- Sitapur, depth 120 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel (M.S. Pipe assembly, pea gravel and HSD oil shall be provided by the department as per department norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 1 No. | 1.78 | 3600.00 | 3 माह | 75.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 02 | Drilling of New State Tubewells of 1.0 Cusec Capacity under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-Lakhimpur" in Tubewell division-first Lakhimpur DistrictLakhimpur, depth 120 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel (M.S.Pipe assembly, pea gravel and HSD oil shall be provided by the department as per department norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 2 No. | 3.56 | 7200.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 03 | Drilling of New State Tubewells of 1.0 Cusec Capacity under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-Hardoi" in DistrictHardoi, depth 150 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel (M.S. Pipe assembly, pea gravel and HSD oil shall be provided by the department as per department norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 2 No. | 4.46 | 9000.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 04 | Drilling of New State Tubewells of 1.0 Cusec Capacity under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-Unnao" in DistrictUnnao, depth 210 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel (M.S. Pipe assembly, pea gravel and HSD oil shall be provided by the department as per department norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 1 No. | 4.27 | 8600.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 05 | Drilling of New State Tubewells of 1.0 Cusec Capacity under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-Raebareli" in DistrictRaebareli, depth 270 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel (M.S. Pipe assembly, pea gravel and HSD oil shall be provided by the department as per department norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 1 No. | 5.49 | 11000.00 | 3 माह | 225.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 06 | Supplying and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store at Tubewell division-first sitapur including royalty, Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in Tubewell division-first sitapur district-Sitapur" | 33 $M^3$ | 2.20 | 4400.00 | 3 माह | 75.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 07 | Supplying and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store at Tubewell division-first Lakhimpur including royalty, Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in Tubewell division-first Lakhimpur districtLakhimpur" | 70 $M^3$ | 4.43 | 8900.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 08 | Supplying and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store Hardoi including royalty, Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-Hardoi" | 80 $M^3$ | 5.20 | 10400.00 | 3 माह | 225.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 09 | Supplying and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store Unnao including royalty, Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-Unnao" | 60 $M^3$ | 4.52 | 9100.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 10 | Supplying and carriage of pea gravel, size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store Raebareli including royalty, Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. under project "construction of new State tubewells of 1.0 Cusec Capacity in district-Raebareli" | 65 $M^3$ | 5.36 | 10800.00 | 3 माह | 225.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |

**नोट-** निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

UPID-229533 Dated-19-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड,
लखनऊ

अवधनामा
लखनऊ, रविवार, 23 फरवरी 2025



# बाजार में अधिक तेल होने से ईंधन की कीमतों में कमी संभवः हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी



के अनुसार अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में तेल की अधिक आवक के कारण ईंधन की कीमतों में कमी आ सकती है, उनका मानना है कि ऐसा होने से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में विश्वास जताया है कि भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के मोर्चे पर भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे। पुरी के अनुसार, भारत अर्जेंटीना सहित 40 देशों से तेल खरीदरता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में पर्याप्त तेल है, इसलिए तेल उत्पादक देश जो कटौती कर रहे हैं, उन्हें भी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि तेल खरीद में डॉलर के इस्तेमाल को खत्म करने का इरादा कभी नहीं था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'अधिकांश लेनदेन डॉलर में होते हैं और हमेशा से होते आए हैं।' पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, अमेरिका में, उन्होंने (ट्रंप ने) कहा, ड्रिल, बेबी, ड्रिल। जो अधिक ड्रिलिंग करने और अधिक तेल निकालने का संकेत है। उन्होंने आधिकारिक रूप से कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों को कम करना चाहते हैं।÷

पुरी ने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले समय में वैश्विक ऊर्जा की स्थिति में सुधार होगा। बाजार में अधिक ऊर्जा आएगी और उम्मीद है कि इससे कीमतों में कमी लाने में मदद मिलेगी। जब ऊर्जा कम कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होती है, तो इससे महंगाई को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का प्राथमिक उद्देश्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए 'कम कीमतों पर' पर्याप्त तेल खरीदना है।

# डीजीसीए की बड़ी तैयारीः पायलटों को मिलेगी राहत

## आराम का वक्त बढ़ेगा, 1 जुलाई से ड्यूटी मानदंड में होगा संशोधन

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश किए गए एक हलफनामे में कहा गया है कि पायलटों के साप्ताहिक विश्राम अवधि को मौजूदा 36 घंटों से बढ़ाकर 48 घंटे किया जाएगा। डीजीसीए ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एयरलाइंस 1 जुलाई से चरणबद्ध तरीके से पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम घंटों पर संशोधित मानदंडों को लागू करेंगी। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू को यह भी सूचित किया कि शेष संशोधित नियम 1 नवंबर से लागू किए जाएंगे।

**पहले 1 जून 2024 में किया जाना था लागू**

वहीं अन्य पहलुओं के अलावा, एयरलाइंस यह सुनिश्चित करेंगी कि संशोधित मानदंडों के तहत एक साप्ताहिक आराम अवधि के अंत और अगले की शुरुआत के बीच 168 घंटे से अधिक का समय न हो।

**आराम**

> एक ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि दो स्थानीय रातों समेत लगातार 48 घंटे का न्यूनतम साप्ताहिक आराम प्रदान किया जाए

बता दें कि, डीजीसीए का संशोधन नागरिक विमानन आवश्यकता (सीएआर) उड़ान ड्यूटी समय सीमा से जुड़ा है और पायलटों की थकान पर चिंताओं के बीच पायलटों के लिए अधिक आराम का समय प्रदान करना चाहती है। शुरुआत में इसे 1 जून, 2024 से लागू किया जाना था।

**सीएआर को लागू करने में पर्याप्त प्रगति हुई**

डीजीसीए ने एयरलाइंस, पायलट समूहों और नागरिक विमानन मंत्रालय



के प्रतिनिधियों के बीच बैठकों के परिणाम पर विचार करने के बाद रोडमैप के चरणबद्ध कार्यान्वयन पर अदालत में एक हलफनामा पेश किया। डीजीसीए का प्रतिनिधित्व करने वाली अतिरिक्त महाधिवक्ता ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सीएआर को लागू करने के मामले में पर्याप्त प्रगति हुई है। अधिकारियों ने 1 जुलाई, 2025 तक अधिकांश नियमों को लागू करने का फैसला किया, जबकि एक छोटा हिस्सा (जिन पहलुओं पर अभी भी विचार किया जा रहा है) 1 नवंबर, 2025 तक लागू किया जाएगा। मामले की सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

**पायलटों में थकान से निपटने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव**

अदालत भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ, भारतीय पायलट गिल्ड और भारतीय पायलट संघ की तरफ से डीजीसीए की संशोधित उड़ान ड्यूटी समय सीमाओं से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पायलट संघों के वकील ने पहले कहा था कि सिद्धांत रूप में, सीएआर 2024 कुछ शर्तों के अधीन स्वीकार्य है। वकील ने कहा कि अगर इसे लागू किया जाता है, तो अधिकांश शिकायतों का समाधान हो जाएगा। पायलटों में थकान से निपटने के लिए मौजूदा मानदंडों में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। हलफनामे में कहा गया है कि साप्ताहिक आराम अवधि को मौजूदा 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे किया जाएगा।

**48 घंटे का न्यूनतम साप्ताहिक आराम दिया जाए**

इसमें कहा गया है, एक ऑपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि दो स्थानीय रातों समेत लगातार 48 घंटे का न्यूनतम साप्ताहिक आराम प्रदान किया जाए, ताकि एक साप्ताहिक आराम अवधि के अंत और अगले की शुरुआत के बीच कभी भी 168 घंटे से अधिक का समय न हो।

# भारत की वृद्धि दर में वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में हो सकता है सुधार

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच जो नकारात्मक अंतर, वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में देखा गया, उसमें तीसरी तिमाही में सुधार हो सकता है। आइए जानते हैं, रिपोर्ट में क्या-क्या है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है, जिसमें जीडीपी वृद्धि 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में यह आकंड़ा 5.4 प्रतिशत था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच जो नकारात्मक अंतर, वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में देखा गया, उसमें तीसरी तिमाही में सुधार हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत (जो दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत थी) हो जाएगी, क्योंकि H1-FY25 में जीडीपी और जीवीए वृद्धि के बीच देखा गया नकारात्मक अंतर संभवतः Q3FY25 में बेअसर हो गया। हालांकि, रिपोर्ट ने जीडीपी डेटा और राजकोषीय डेटा में दर्शाए गए शुद्ध अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि के रुझानों के बीच एक विसंगति की ओर भी इशारा किया। इसने चेतावनी दी कि इस तिमाही में राजकोषीय आंकड़ों में शुद्ध अप्रत्यक्ष कर वृद्धि में गिरावट से त्त्ॅख्क्च्25 में भी नकारात्मक जीडीपी-जीवीए वृद्धि अंतर जारी रहने का जोखिम हो सकता है। रिपोर्ट ने पूरे साल के लिए जीडीपी विकास पूर्वानुमान को 6.4 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है, जिसके लिए वित्त वर्ष की दूसरी छमाही (H2) में लगभग 6.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता होगी, जबकि पहली छमाही में यह 6 प्रतिशत थी।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के पहले पीएलए बायोपॉलिमर प्लांट की आधारशिला रखी

**कुंभी।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने आज उत्तर प्रदेश के कुंभी में भारत के पहले पॉलीलैक्टिक एसिड बायोपॉलिमर विनिर्माण संयंत्र की आधारशिला रखी। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे। यह पहल उत्तर प्रदेश को भारत में बायोपॉलिमर क्रांति का केंद्र बनाती है और राज्य की सतत औद्योगिक विकास की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

उत्तर प्रदेश के कुंभी स्थित BCML की मौजूदा चीनी मिल के समीप स्थित यह अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र परिचालन तालमेल को एकीकृत कर संसाधनों की दक्षता को बढ़ाएगा और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को अनुकूलित करेगा। यह संयंत्र 2850 करोड़ के कुल निवेश के साथ वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रदाताओं की अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करेगा। यह भारत का पहला औद्योगिक स्तर का बायोपॉलिमर प्लांट



होगा और एक नया वैश्विक मानक स्थापित करेगा। यह संयंत्र 100% नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित होगा, जिससे इसकी पूरी उत्पादन प्रक्रिया पर्यावरण के अनुकूल होगी। यह पहला संयंत्र होगा जहां गन्ने को एक ही एकीकृत स्थान पर पीएलए में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे एक पूर्णतः क्लोज-लूप सतत विकास मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा।

**प्रमुख विशेषताएं**

वार्षिक उत्पादन क्षमता- 80,000 टन

100% औद्योगिक रूप से कम्पोस्टेबल और जैव-आधारित पीएलए उत्पादन

सिंगल-यूज़ प्लास्टिक विकल्प- स्ट्रॉ, डिस्पोजेबल कटलरी, फूड ट्रे, बोतलें, दही कप और कैरी बैग आदि

ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 68% तक की कमी

बायोगैस और उर्वरक उत्पादन हेतु एनेरोबिक डाइजेशन क्षमता

इस परियोजना से 225 प्रत्यक्ष और 2,000 से अधिक अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है, जो उत्तर प्रदेश बायोप्लास्टिक इंडस्ट्री पॉलिसी 2024 के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, तकनीकी संस्थानों के साथ कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को सतत उद्योगों में सशक्त बनाया जाएगा।

**आर्थिक और औद्योगिक प्रभाव**

उत्तर प्रदेश को बायोपॉलिमर उत्पादन का केंद्र बनाना

घरेलू एवं विदेशी निवेश आकर्षित करना

ग्रीन केमिस्ट्री और सतत निर्माण को बढ़ावा देना

भारत की परिपत्र अर्थव्यवस्था को मजबूत करना

यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत और स्वच्छ भारत अभियानों के अनुरूप है और भारत की वैश्विक सतत निर्माण क्षमताओं को उजागर करती है।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने सिटी बैंक पर लगाया 39 लाख का जुर्माना

**मुम्बई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्देशों का पालन न करने पर सिटी बैंक एनए पर 39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक ने जोखिम से जुड़े नियमों का पालन नहीं किया था। साथ ही क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को ऋण के बारे में जानकारी देने में देरी की थी। रिजर्व बैंक ने सिटी बैंक की 31 मार्च 2023 तक की वित्तीय स्थिति के मूल्यांकन दौरान यह अनियमितता पाई थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्देशों का पालन न करने पर सिटी बैंक एनए पर 39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक ने जोखिम से जुड़े नियमों का पालन नहीं किया था। साथ ही क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को ऋण के बारे में जानकारी देने में देरी की थी। रिजर्व बैंक ने सिटी बैंक की 31 मार्च 2023 तक की वित्तीय स्थिति के मूल्यांकन दौरान यह अनियमितता पाई थी। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने कुछ अन्य कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई की ओर से कहा गया कि निर्देशों का पालन करने पर सिटी बैंक एनए को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि आरबीआई के निर्देशों का पालन करने में विफल रहने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए? नोटिस को लेकर बैंक की ओर से मिले जवाब और व्यक्तिगत रूप से दिए गए मौखिक उत्तर पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि बैंक ने जोखिम सीमाओं में कुछ उल्लंघनों की सूचना देरी से दी। इसके बाद बैंक ने क्रेडिट सूचना कंपनियों से अस्वीकृति रिपोर्ट प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर कुछ खंडों से संबंधित संशोधित डाटा अपलोड नहीं किया था।

# सोना 700 रुपये टूटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 300 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग के कारण शुक्रवार को देश की राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पर पहुंच गई। इसके साथ ही मूल्यवान धातु के भाव रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गए।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपये घटकर 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण भी गिरावट को बल मिला। स्थानीय बाजार में चांदी की भी कीमत 300 रुपए गिरकर एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई।

वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर अप्रैल आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 225 रुपये घटकर 85,799 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ÷सोने का भाव कमजोर रहा और इसमें उतार-चढ़ाव रहा। एमसीएक्स पर सोना 85,900 रुपये से 85,400 रुपये के बीच रहा, जबकि डॉलर सूचकांक के स्थिर रहने के बावजूद रुपये की कमजोरी ने कीमतों को 85,350 रुपये से ऊपर बनाए रखा।

इसके अलावा, त्रिवेदी ने बताया कि बाजार सहभागियों का ध्यान आगामी विनिर्माण, सेवाओं और मौजूदा घरेलू बिक्री के आंकड़ों पर रहेगा, जिससे सोने की कीमतों में अस्थिरता बढ़ सकती है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च आपूर्ति के लिए चांदी वायदा 283 रुपये की गिरावट के साथ 96,830 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। इस बीच, अप्रैल आपूर्ति के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 11.19 डॉलर की गिरावट के साथ 2,944.91 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन हाजिर सोना भी 8.42 डॉलर गिरकर 2,930.56 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, शुक्रवार को सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गईं, क्योंकि कारोबारियो ने कीमती धातुओं में लंबे समय से जारी तेजी के बाद मुनाफावसूली की।

# स्वास्थ्य पर असर डालने वाले कारकों के आधार पर तय होगा प्रीमियम, बीमा कंपनियां कर रही तैयारी

**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों का मानना है कि कई ऐसे कारक होते हैं, जिनकी वजह से उन्हें ज्यादा दावों का भुगतान करना होता है, जबकि प्रीमियम एक ही तरह का होता है। हालांकि, बीमा कंपनियों को यह नियम लागू करने के लिए भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) से मंजूरी लेनी होगी।

आने वाले दिनों में आपको स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों के आधार पर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए ज्यादा प्रीमियम देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य बीमा कंपनियां इस तरह की योजना बना रही हैं। इसकी शुरुआत दिल्ली से हो सकती है, जहां बीमा प्रीमियम में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

बता दें कि यह पहली बार होगा जब देश में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की गणना में वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों को शामिल किया




जाएगा। सूत्रों का कहना है कि जहरीली हवा के कारण 2024 में दिल्ली के ज्यादातर निवासी अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और हृदय संबंधी बीमारियों के कारण अस्पतालों में भर्ती हुए।

इससे बीमा कंपनियों को दावे के एवज में ज्यादा भुगतान करना पड़ा। इंश्योरेंस कंपनी स्टार हेल्थ के परिचालन प्रमुख अमिताभ जैन ने कहा, हमें मूल्य निर्धारण में एक अलग कारक के रूप में प्रदूषण के बारे में विचार करना होगा। इसके बाद हम उन क्षेत्रों के लिए एक विशेष शुल्क लागू कर सकते हैं, जो इससे प्रभावित होते हैं। 2024 में सांस संबंधी बीमारियों वाले मरीजों की संख्या दूसरी छमाही में 18 फीसदी तक बढ़ गई, जबकि पहली छमाही में यह छह फीसदी तक ही थी।

इरडाई की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में बीमा कंपनियों ने 1.06 लाख करोड़ रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में हासिल किया, जो उसके पहले के वर्ष की तुलना में लगभग 20 फीसदी ज्यादा है।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और मेडी असिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक सांस से संबंधित बीमारियों के दावों में 8.3 फीसदी की वृद्धि हुई। इससे स्वास्थ्य देखभाल लागत में सबसे अधिक वृद्धि हुई।

स्टार हेल्थ व आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने कहा, अगर खराब वायु गुणवत्ता बनी रही तो प्रदूषण जल्द ही स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम निर्धारित करने में प्रत्यक्ष कारक बन सकता है।

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने कहा, उद्योग विशेष रूप से प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का एक नया सेगमेंट पॉलिसी में जोड़ सकता है।

# काशी तमिल संगमम 3.0 तमिलनाडु से अतिथियों को भा रही काशी की काष्ठ कला



वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगम में उत्तर और दक्षिण की कला परंपराओं की वेशभूषा के स्टॉल लगाए गए हैं। तमिलनाडु से आए अतिथियों को काशी की काष्ठ कला काफी पसंद आ रही है। भगवान राम पर आधारित अलग-अलग लीला एवं तमिल एवं काशी पर आधारित कलाकृतियों का मांग अधिक है के साथ-साथ विश्वनाथ मंदिर के मॉडल की डिमांड खूब है।

काशी में तमिलनाडु के मेहमानों के साथ ही वहां के व्यापारी और स्टार्टअप के उद्यमी भी पहुंचे हैं। यहां वे अपने उत्पदों को लोगों के बीच बेच रहे हैं। वहीं काशी की काष्ठ कला पर आधारित दुकान लगाई गई है। जहां भगवान के विभिन्न स्वरूपों एवं अलग अलग मंदिरों का डिजाइन रखा गया है। जो काशीवासियों एवं तमिल मेहमानों को पसंद आ रहा है। राम मंदिर से लेकर भगवान राम की अलग-अलग झांकियों और लीलाओं की काष्ठ की मूर्तियां तैयार करके बेची जा रही हैं।

काष्ठ कला के शिल्पी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि काष्ठ कला काशी का बहुत पुराना आर्ट है। यह कला एकदम लुप्त होने के कगार पर थी। हम सभी आज तमिल संगम में आए हुए हैं। यहां पर हमारी कला को लोग देख रहे हैं। यहां पर इसका काफी प्रचार- प्रसार भी हो रहा है। लोग सराहना भी कर रहे है। हमारी दुकान में 100 से अधिक प्रकार के अलग अलग काष्ठ कलाकृति हैं।

# जियोहॉटस्टार प्रस्तुत करता है 'कन्नेडा'

**मुम्बई।** 1984 के सिख विरोधी दंगों के भयावह दौर से निकलने के बाद, निम्मा कनाडा पहुंचता है। लेकिन यहाँ की सड़कें बेरहम हैं, सिस्टम टूट चुका हुआ है, और




दुनिया उसे अपनाने के लिए तैयार नहीं है। निम्मा का यह सफर देखें, जब वह कनाडा और कन्नेडा के बीच का यह मुश्किल सफर तय करता है। यह सीरीज़ 21 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। इसका निर्माण जय पिक्चर्स द्वारा किया गया है और इसके निर्देशक हैं चंदन अरोड़ा। इस सीरीज़ में परमिश वर्मा निम्मा का किरदार अदा कर रहे हैं। साथ ही मोहम्मद जीशान अयूब, रणवीर शौरी, अरूणोदय सिंह, आदर मलिक और जैसमिन बाजवा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आयेंगे।

'कन्नेडा' के बारे में बात करते हुये, प्रोड्यूसर अजय जी. रॉय ने कहा, ''सत्ता नशे की तरह होती है, लेकिन इस दुनिया में यह एक टिक-टिक करता टाइम बम भी है। कन्नेडा निम्मा की कहानी है, और परमिश ने इस किरदार के साथ पूरी तरह न्याय किया है। इसका साउंडट्रैक और संगीत भी प्रोजेक्ट को जबरदस्त मजबूती प्रदान करता है। इस कहानी के दांव और इसकी तीव्रता इसे देखने लायक बनाते हैं। हम जियोहॉटस्टार के साथ सहयोग कर बेहद उत्साहित हैं और इस सीरीज़ को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।÷

अपनी खुशी का इजहार करते हुये, परमिश वर्मा ने कहा, ''यह सीरीज़ मेरे दिल के बेहद करीब है। निम्मा पहचान, महत्वाकांक्षा और सत्ता की भूख की कहानी है। निम्मा का किरदार निभाना एक अनूठा अनुभव था और बतौर आर्टिस्ट, यह मेरे लिये काफी संतोषप्रद अनुभव भी रहा। 'कन्नेडा' में मैंने अपनी पूरी जान डाल दी है। जियोहॉटस्टार पर इसके रिलीज़ को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।''

विदेशी जमीन पर एक देसी के संघर्ष और सफलता की कहानी देखिये, 'कन्नेडा' में 21 मार्च से सिर्फ जियोहॉटस्टार पर!

# निर्देशक सुधीर अत्तावर और उनकी टीम ने महाकुंभ मेले में पवित्र डुबकी लगाई और आशीर्वाद लिया



दक्षिण की फिल्म कोरागज्जा; ब्लॉकबस्टर फिल्म कंतारा में दिखाए गए मजबूत देवता के समान - रिलीज के लिए तैयार है। भक्ति के गहन प्रदर्शन में, प्रशंसित निर्देशक सुधीर अत्तावर और निर्माता त्रिविक्रम सपल्या, कार्यकारी निर्माता विद्याधर शेट्टी के साथ, त्रिविक्रम सिनेमा और सक्सेस फिल्म्स के बैनर तले अपनी फिल्म कोरागज्जा की रिलीज से पहले दिव्य आशीर्वाद और ज्ञान की तलाश में महाकुंभ मेले की एक उत्थान यात्रा पर निकले। हॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेता कबीर बेदी, संदीप सोपारकर, लोकप्रिय कोरियोग्राफर गणेश आचार्य, दक्षिणी अभिनेता भाव्या और श्रुति के साथ, आगामी पैन-इंडिया फिल्म कोरागज्जा में अभिनय करते हैं, जो छह भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कोरगज्जा तटीय कर्नाटक और केरल क्षेत्रों में पूजी जाने वाली एक दिव्य शक्ति है, जो उज्जैन के ÷काल भैरव÷ के समान है, जहाँ लाखों भक्त भगवान कोरगज्जा को शराब चढ़ाते हैं। एक रोमांचक घटनाक्रम में, प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन, श्रेया घोषाल, सुनिधि चौहान, जावेद अली, अरमान मलिक और स्वरूप खान इस फिल्म के लिए सुधीर अत्तावर के मार्मिक गीत और गोपी सुंदर की आकर्षक रचना को जीवंत करने के लिए एक साथ आए हैं। 15-20 से अधिक निर्देशकों और निर्माताओं ने भगवान कोरगज्जा की कहानी को बड़े पर्दे पर लाने का प्रयास किया, लेकिन विभिन्न बाधाओं के कारण उनके प्रयास रुक गए। फिल्मांकन के दौरान गुंडों के हमलों और कई कठिनाइयों से विचलित हुए बिना, निर्देशक सुधीर अत्तावर ने दृढ़ता दिखाई और अब अपनी उत्कृष्ट कृति का अनावरण करने के लिए तैयार हैं।

# लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की खोजः इंटरग्लोब फाउंडेशन और इंडीगोरीच ने आयोजित की माई सिटी माई हेरिटेज वॉक

**लखनऊ।** इंटरग्लोब फाउंडेशन, जो इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज की उदार शाखा है, और इंडीगोरीच, जो इंडिगो की सीएसआर शाखा है, ने सहपीडिया के साथ मिलकर लखनऊ में एक रोचक और ज्ञानवर्धक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। यह वॉक 'माई सिटी माई हेरिटेज' अभियान के तहत आयोजित की गई थी। इस वॉक का उद्देश्य लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मना कर उसे बढ़ावा देना था। इसमें शहर के गहरे इतिहास और भव्य वास्तुकला को दिखाया गया।

'माई सिटी माई हेरिटेज' अभियान भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम करता है। यह लोगों को अपने शहर की धरोहर को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही यह बातचीत और सहयोग को बढ़ावा देता है, जिससे स्थानीय



निवासी अपने शहर के इतिहास और संस्कृति को फिर से खोज उसे बेहतर समझ सकें। इस पहल के तहत इससे पहले प्रयागराज, भुवनेश्वर, शिलांग, नासिक, हैदराबाद और हाल ही में कोझिकोड समेत कई शहरों में इसी तरह की हेरिटेज वॉक आयोजित की जा चुकी हैं।

अवधी बेगम, नवाब और ब्रिटिश नाम की इस वॉक में लखनऊ के रोमांचक इतिहास को दिखाया गया। इसमें मुगल और अवधी परंपराओं के अनोखे मेल को समझाया गया, जो लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। यह वॉक बेगम हज़रत महल पार्क से शुरू हुई और आमिर-उद-दौला पार्क पर समाप्त हुई। रास्ते में यह शेर दरवाजा, सआदत अली खान का मकबरा, सैपर की कब्र, बटलर पार्क और अन्य ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरी। इस वॉक के दौरान शहर की वास्तुकला, संगीत और खान-पान में दिखने वाले सांस्कृतिक मेल को करीब से देखा गया। इसका नेतृत्व संरक्षण वास्तुकार निशांत उपाध्याय ने किया।

# कारीतिन में विद्युत सब स्टेशन का सांसद ने किया भूमि पूजन

अवधनामा संवाददाता



विद्युत सब स्टेशन का पूजन करते सांसद विजय दुबे

- 6 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से बनेगा सब स्टेशन

**कप्तानगंज कुशीनगर।** विकासखंड के ग्राम सभा कारीतिन में 6.15 करोड रुपए की लागत से बनने वाले विद्युत सभी स्टेशन का भूमि पूजन सांसद विजय दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। शनिवार को कप्तानगंज विकासखंड के कारीतीन में 6 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विद्युत सब स्टेशन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सांसद विजय दुबे ने किया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कारीतीन में बनने वाले इस सब स्टेशन से अब लोगों को गर्मी से निजात मिलेगी वहीं ओवरलोड की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। 6 करोड़ 28 लाख की लागत से बन रहे इस सब स्टेशन से लगभग 45 गांव लाभान्वित होगा गर्मी के मौसम में कप्तानगंज फीडर से 45 गांव को बिजली मिलती थी अब उनके लिए यह नया सब स्टेशन दो माह के अंदर बनकर तैयार हो जाएगा। प्रदेश की भाजपा सरकार गांव की जनता के विकास के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है उत्तर प्रदेश में विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने ऐतिहासिक काम किया है जो पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं किया था। केंद्र की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतवर्ष को विश्व के पटल पर ले जाने का काम किया है। वहीं सांसद ने कारीतीन में विद्युत सब स्टेशन के भूमि पूजन के पूर्व कप्तानगंज सब स्टेशन पर 5 एमबीए ट्रांसफार्मर के जगह लगे 10 एमबीए ट्रांसफार्मर का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष आनंद मिश्र व अध्यक्षता विजय खेतान ने किया। इस दौरान सुजीत मणि त्रिपाठी दीनानाथ शर्मा राजू पासवान एसडीओ राहुल शुक्ला अवर अभियंता शिवानंद सिंह सोनू खेतान अनिल पांडेय मनीष मिश्रा राधेश्याम पासवान संजय यादव शुभम उपाध्याय डीके पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## फैमिली आई डी के सम्बन्ध में भ्रांतियां दूर

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अध्यासित परिवारों हेतु फैमिली आई डी -एक परिवार एक पहचान योजना के संचालन के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव की ओर से नवीन शासनादेश जारी किया गया है। शासनादेश में फैमिली आई डी जारी करने के मामले में भ्रांतियां दूर की गई हैं। लाभार्थी परिवार अब फैमिली आई डी जारी होने के बाद कभी भी राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। पात्रता होने पर उन्हें राशन कार्ड जारी कर दिया जाएगा। फैमिली आई डी बने होने से उनकी पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। प्रमुख सचिव की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में रहने वाले लगभग 3.5करोड परिवार एवं 15करोड व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं।इन परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही इनकी फैमिली आई डी होगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित न होने वाले ऐसे परिवार जो राशन कार्ड के पात्र नहीं हैं उन्हें परिवार आनलाइन पोर्टल के माध्यम से परिवार आई डी उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की जाएगी।

# प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण के साथ करें निस्तारण : जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो



कुबेरस्थान थाने में शिकायत सुनते डीएम व एसपी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को कुबेर स्थान थाना में आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का एक-एक कर गम्भीरता पूर्वक सुना गया, व राजस्व व पुलिस विभाग को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा की अधिकारी गण प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, तथा जो आपके क्षेत्राधिकार के बाहर हो उसे उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रार्थी को भी अवगत कराए। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को राजस्व टीम बनाकर पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों व शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। समाधान दिवस में कुल 09 प्रार्थना पत्र आए जो पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित था जिसमे से 02 का निस्तारण तत्काल किया गया तथा अवशेष 07 आवेदन पत्र को सम्बन्धित को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र निष्पक्ष निस्तारण हेतु सौंप दिए गए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। महा शिवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से शिव मंदिर का निरीक्षण एवं दर्शन भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, थाना प्रभारी कुबेर स्थान, सहित राजस्व विभागों के कानूनगो व लेखपाल एवं अन्य पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहें।

# नरायनपुर में शौचालय की सफाई न होने पर जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



लक्ष्मीपुर में आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करने के बाद आते डीपीआरओ

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर व नरायनपुर में डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी ने विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने ने ग्राम सभा में हो रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने का निर्देश संबंधितों को दिया।

शनिवार दोपहर बाद डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी मोतीचक विकासखंड के दो ग्राम सभाओं में सघन जांच पड़ताल किया जिसमें सर्वप्रथम लक्ष्मीपुर में आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया जहां सेंटर क्रियाशील होना पाया गया। इसके अलावा पंचायत भवन का व अन्य विकास कार्यों का जायजा लिए। इसके बाद डीपीआरओ बगल के गांव नरायनपुर में आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया जहां बंद पड़ा था जिसे तत्काल क्रियाशील कराने का निर्देश दिया।

तत्पश्चात पंचायत भवन और समुदायिक शौचालय का हाल जाना। यहां शौचालय की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानक के अनुसार ही कार्य कराया जाए। इस दौरान नंदू मिश्रा जिला समन्वयक स्वच्छता, एडीओ पंचायत राजकुमार, सचिव समरजीत सिंह, प्रधान अकमल हुसैन, प्रधान प्रतिनिधि विनय कुमार, सचिव राजकिशोर, प्रधान प्रतिनिधि डॉ जमीरुद्दीन, बंटी गुप्ता व विश्वामित्र पटेल मौजूद रहे।

# इंटरनेट के सदुपयोग से ही बनेगा विकसित भारत : आरपीएन सिंह

अवधनामा ब्यूरो



मुख्य अतिथि के साथ टेबलेट व स्मार्टफोन के साथ छात्र

- यूएनपीजी कालेज पडरौना के छात्रों में वितरित किया गया टैबलेट व स्मार्टफोन

**कुशीनगर।** उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पडरौना में छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के प्रबंधक, राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह, और विशिष्ट अतिथि कुंवर अनिल प्रताप नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग के सही उपयोग की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में 86 छात्रों को टैबलेट और 283 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन प्रदान किए गए, जिससे वे अपनी शिक्षा को डिजिटल माध्यम से और अधिक प्रभावी बना सकें। सांसद आरपीएन सिंह ने विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि तकनीक का उपयोग केवल ज्ञानवर्धन और आत्म-विकास के लिए करें। उन्होंने इस पहल को उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि यह छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक सोच विकसित करने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मदद करेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि आरपीएन सिंह व विशिष्ट अतिथि कुंवर अनिल प्रताप नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने प्रेरक संबोधन में राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल की सराहना करते हुए कहा कि तकनीक का सदुपयोग ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से इस डिजिटल उपकरण का सार्थक उपयोग करने का आह्वान किया, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. ममता मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि नोडल अधिकारी डॉ. विजय निषाद ने आभार व्यक्त किया। संचालन शांता सुरज्या ने किया। इस अवसर पर शिक्षणेत्तर कर्मचारी समशेर मल्ल, आशुतोष सिंह, प्रदीप वर्मा, प्रदीप मोदनवाल, प्रिंस प्रताप सिंह, मनीष सिंह, आचार्य डॉ. संजय सिंह, डॉ. अरुण, अनूप पटेल, डॉ. अश्विनी, मुकेश यादव, विशम्भर प्रजापति, शिवप्रकाश पांडेय, डॉ. श्याम कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो की मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, एक डंपर वाहन को चालक समेत जब्त किया है वही दूसरा डम्फर वाहन चालक फरार हो गया है, पुलिस मामले की कार्यवाही शुरू कर दिया है। पहली घटना रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर मुराई बाग रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मौजमगंज निवासनी अतरून निशा 60 वर्ष पत्नी नियाज बीते 20 फरवरी को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरसवां में अपनी भतीजी अनीशा बानो की शादी में शामिल होने आई थी। शनिवार को सुबह करीब 11 बजे बाइक से अपने भतीजे रेहान के साथ बाइक से लालगंज थाना क्षेत्र के बहाई गांव में रिश्तेदार के यहां जा रही थी। इसी दौरान मुराई बाग दिलदार स्वीट हाउस के पास गंगा एक्सप्रेसवे में मिट्टी ढो रहे एक डंपर चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मंडलायुक्त व डीआईजी, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना के दृष्टिगत प्रशासनिक तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए मंडलायुक्त गोरखपुर मंडल अनिल ढींगरा और डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी ने शनिवार को दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर का दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, सफाई, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सा सेवाएं, सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता, हेल्प डेस्क और ट्रैफिक प्रबंधन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर चूक न हो और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से भगवान शिव के दर्शन कर सकें। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में उचित प्रकाश व्यवस्था की जाए और भव्य रूप से फूलों से सजावट की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण मिले। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि श्रद्धालु सुविधा पूर्वक शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सकें, जिसके लिए दूध और जल पाइप के माध्यम से चढ़ाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। निरीक्षण के दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना भी की गई और सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया दीर्घेश्वर नाथ मंदिर का निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के साथ मझौलीराज स्थित दीर्घेश्वर नाथ मंदिर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मंदिर परिसर में कहीं भी गड्ढे न हों और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। दोनों प्रवेश द्वारों सहित पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से फूलों से सजाया जाए। एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव को बैरिकेडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने सफाई कर्मियों की ड्यूटी सक्रिय रखने, पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा वाहनों की अलग-अलग पार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कोई भी वाहन निर्धारित पार्किंग क्षेत्र के बाहर न खड़ा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मंदिर परिसर में हेल्पडेस्क, साइनेज और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही, महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों के लिए शिव भजन आयोजित कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण व मंदिर के महंत उपस्थित रहे।

# आर एस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान युवक की मौत, तीमारदारों ने घंटो काटा बवाल

अवधनामा संवाददाता



मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को समझाती हुई



अस्पताल पर हंगामा करते परिजन

- पांच घंटे के काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को लिया कब्जे में
- नीलगाय के चपेट में आ गए थे बाइक सवार तीन युवक

**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित आरएस हॉस्पिटल (सरस ग्रुप) में शनिवार की सुबह दुर्घटना में घायल एक युवक की मृत्यु को लेकर पांच घंटे तक हंगामा हुआ। घटना के बाद अस्पताल संचालक व स्टाफ फरार हो गया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज सकी।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर रात दो बजे पडरौना कोतवाली के खांवखड्डा में नीलगाय से टकरा कर एक ही बाइक पर सवार नेबुआ नौरंगिया के पड़री निवासी 24 वर्षीय अभय मल्ल, चंदन सिंह व अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजे। स्थिति गंभीर देखकर चिकित्सकों ने तीनों को गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां ले जाते समय किसी ने सलाह दिया तो स्वजन घायलों को लेकर कसया स्थित आरएस हॉस्पिटल पहुंचे। अस्पताल स्टाफ ने मरीजों को भर्ती किया और इलाज शुरू किया। स्वजनों का आरोप है कि इलाज के लिए एक लाख 60 हजार रुपया जमा करने को कहा गया। एक लाख रुपया जमा हुआ। शेष पैसा कुछ देर बाद देने को कहा गया। अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं था। केवल दो नर्स इलाज में जुटी थीं। सुबह अभय मल्ल की मृत्यु हो गई। घटना के बाद इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। काफी संख्या में गांव से महिलाएं पहुंच गईं। सुबह नौ बजे से पुलिस शव को कब्जे में लेने का प्रयास करती रही लेकिन उसे सफलता दिन को दो बजे मिली। हॉस्पिटल संचालक आदर्श दूबे का कहना है कि मृतक के सिर में गंभीर चोट था। अधिक पैसा लेने का आरोप निराधार है। रात में ही सभी घायलों को गोरखपुर ले जाने को कह दिया गया था। स्वजन खुद ही लापरवाही बरते हैं। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि अस्पताल पर एक मरीज की मृत्यु को लेकर कुछ देर हंगामा हुआ है। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बिना बोर्ड सूचना नगर पंचायत द्वारा गृह कर बढ़ोत्तरी पर सभासद राजेश गुप्ता ने जताई आपत्ति



**भाटपार रानी देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाटपार रानी आदर्श नगर पंचायत के लगातार दूसरी बार चुने गए सभासद राजेश गुप्ता ने नगर पंचायत के द्वारा गृह कर बढ़ाएं जाने पर नगर पंचायत अध्यक्षा और अधिशासी अधिकारी को पत्र लिख करके अपनी आपत्ति जताई है। उन्होंने नगर पंचायत भाटपार रानी अध्यक्षा को लिखे पत्र में कहा कि समाचार पत्र के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि नगर पंचायत में गृह कर की राशि में बढ़ोतरी की गई है। पत्र में उन्होंने कहा है कि नगर में गृह कर बढ़ाएं जाने की जानकारी बोर्ड के सदस्यों को नहीं दी गई है। नए गृह कर से नगर के गरीब जनता के ऊपर बोझ बढ़ेगा जो जनहित में ठीक नहीं है। पत्र में सभासद राजेश गुप्ता ने कहा है कि बिना बोर्ड की सहमति के नए गृह कर को लागू न किया जाए। नए गृह कर को पुराने गृह कर दर के आसपास ही रखा जाए जिससे नगर की जनता को सहूलियत मिल सके। गृह कर का दर वार्षिक निर्धारित कर प्रकाशित किया जाए। सभासद राजेश गुप्ता के नगर पंचायत पर इस तरह की आपत्ति को नगर के जनता ने अच्छा बताया नगर की जनता का कहना है कि नगर में समस्याओं का अंबार है उस पर नगर पंचायत ध्यान न देकर जनता के गृह कर में बढ़ोतरी कर जनता के साथ ना इंसाफी हो रहा है यह सर्वथा उचित नहीं है शहर में अतिक्रमण से जाम लग रहा है उसकी चिंता नगर पंचायत को नहीं है शौचालय की सुविधा नहीं है बाहर से लोग बाजार में जब आ रहे हैं तो उनको सबसे बड़ी परेशानी शौचालय और मूत्रालय की हो रही है इस तरफ नगर पंचायत का ध्यान बिल्कुल ही नहीं है।

# कुशीनगर पुलिस ने बरामद की 27 लाख रुपए की चोरी का मोबाइल

अवधनामा ब्यूरो



जनता के खोए मोबाइलों को देते एसपी संतोष मिश्रा

- पुलिस टीम को एसपी ने 25 हजार रुपए पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**कुशीनगर।** जिले की पुलिस ने 127 लोगों का करीब 27 लाख रुपए का मोबाइल फोन बरामद किया है। शनिवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर एसपी ने मामले की जानकारी दी गई। सभी के मोबाइल वापस पुलिस ने लौटाए। मोबाइल पाकर सभी लोग पुलिस को धन्यवाद देते हुए इस सराहनीय कार्य की खूब प्रशंसा किया।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनता के खोये हुए मोबाइल के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में सर्विलांस सेल की टीम द्वारा कुल 117 विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल सेटों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई, बरामद किए गए मोबाइल सेटों की कुल कीमत लगभग 27 लाख रुपए है। बरामद मोबाइल सेटों को पुलिस कार्यालय के सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। बरामद करने वाली पुलिस टीम उ.नि. शरद भारती सर्विलांस प्रभारी कुशीनगर, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए शम्मी कुमार सर्विलांस सेल, ऑपरेटर ग्रेड-ए सुशील कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी अभिषेक, आतिश कुमार, राहुल यादव व रणवीर सिंह प्रियदर्शी शामिल रहे।

इस सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# बसपा सुप्रीमो के खिलाफ बोलकर बुरे फंसे उदित राज

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद उदित राज की ओर से बसपा सुप्रीमो मायावती के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयान को लेकर सूबे में दलित राजनीति में खासी हलचल है। बसपा समर्थकों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उदित राज की तीखी आलोचना की है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल के बयान और राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा का ट्विट सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कांग्रेस नेता उदित राज की ओर से बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन सुश्री मायावती के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं से उदित राज को कांग्रेस पार्टी से बाहर करने के साथ सरकार से रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने बसपा सुप्रीमो के विरुद्ध उदित राज की ओर से अभद्र टिप्पणी के बाद भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर से कुछ भी न कहने और बयान की निंदा न करने के लिए तीखी आलोचना की और कहा कि भाजपा के नेता भी कुछ नहीं बोल रहे, मतलब साफ है, भाजपा भी मिली हुई है। बहुजन समाज पार्टी और दलित सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से सोशल मीडिया पर उदित राज के खिलाफ जमकर कमेंट आ रहे हैं।लोग सरकार से उदित राज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की मांग कर रहे हैं। वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति के जिला अध्यक्ष और बसपा के पूर्व जिला प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि उदित राज का बयान घृणित और शर्मनाक है।

बहराइच/सुल्तानपुर/फिरोजाबाद/मैनपुरी

# कानून एवं शान्ति व्यवस्था पुलिस प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताः डीआईजी

**संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें एसडीएम व सीओः जिलाधिकारी**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** महाशिवरात्रि, होली, रमजान, ईद आदि आसन्न त्योहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने के मद्देनज़र डी.आई.जी. देवीपाटन मण्डल अमित पाठक ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ पुलिस लाईन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्राप्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने में सुरक्षा बल या संसाधनों की कमी नही होने दी जायेगी। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 13 व 14 को होली तथा 14 को रमाज़ान का शुक्रवार होने के कारण सभी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतेंगे।

डीआईजी श्री पाठक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि समकक्ष मजिस्ट्रेटों के साथ त्योहारों के पूर्व ही महत्वपूर्ण स्थलों का अनिवार्य रूप से भ्रमण कर क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों के साथ समन्वय बनाते हुए क्षेत्र की संवेदनशीलता के अनुसार सूक्ष्म स्तर पर योजना तैयार करें और तद्नुसार कार्यवाही अमल में लायें। पुलिस फोर्स के सभी अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी के दौरान आमजन से शिष्ट व्यवहार करें।

क्षेत्र के प्रभावशाली संभ्रान्तजनों के साथ वार्ता कर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था हेतु माहौल तैयार करें व कम्युनिकेशन के माध्यम से आमजनमानस में शान्ति व्यवस्था के प्रति जागरूकता फैलाये ताकि किसी स्तर पर संवादहीनता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाये। डीआईजी ने निर्देश दिया कि सभी सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं से समन्वय बनाते हुए उनके माध्यम से सौहार्द बनाये रखने की अपील जारी करायी जाय। होली व शिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली बारात व जुलूसों के मार्गो पर रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया जाय।

डीआईजी ने निर्देश दिया कि त्योहारों के अवसर पर धार्मिक स्थलों, जुलूस मार्गो व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की पर्याप्त साफ-सफाई के साथ-साथ जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित किये जायें। डीआईजी ने नगर निकाय व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया कि त्योहारों के अवसर पर धार्मिक स्थलों व मार्गो तथा नालियों की नियमित साफ-सफाई तथा चूनाकारी करायी जाय। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ स्थानीय फाल्ट को दुरूस्त करने हेतु पूर्व से ही टीमों का गठन कर दिया जाय तथा उपभोक्ताओं की ओर से शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करें।

## सम्पदा योजना में आवेदन हेतु पोर्टल खुला

**फिरोजाबाद।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण फिरोजाबाद की सूचनानुसार जनपद फिरोजाबाद में संचालित प्रधान मंत्री गत्रय सम्पदा योजना के अन्तर्गत वर्ष हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये जाने के लिये विभागीय पोर्टल को 22.02.2025 से पुनः खोल दिया गया है। पोर्टल 28.02.2025 तक खुला रहेगा जिस पर परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख का विवरण देखा जा सकता है। अतः इच्छुक व्यक्ति्त समय से ऑनलाइन आवेदन करें तथा योजना का लाभ उठायें। विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नं0 108 प्रथम तल विकास भवन धवरई से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

## चैकिंग में एक अभियुक्त मय असलाह दबोचा

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त विवेक बाल्मिकी पुत्र मनोज बाल्मिकी निवासी अवागढ थाने के सामने थाना अवागढ जिला एटा को 22-02-2025 को बडी बाउन्ड्री लालऊ के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## समस्याओं एवं शिकायतों का करें निस्तारण

**फिरोजाबाद।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में ई-डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से सेवाओं एवं जन सुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) के अन्तर्गत प्राप्त जन समस्याओं/शिकायतों का, लोक शिकायत आईजीआरएस-तहसील स्तरीय, लोक शिकायत आईजीआरएस-जनपद स्तरीय, आईजीआरएस सन्दर्भो की स्थिति मुख्यमंत्री सन्दर्भ, पी0जी0 पोर्टल ऑन लाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) भू-माफियाओं तथा अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों के विवरण के साथ-साथ 05 दिन पहले डिफाल्टर होने वाले लम्बित शिकायतों का तत्काल नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 28.02.2025 दिन शुकवार को समय 3.00 बजे समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। इस के सम्बन्ध में जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा है कि वह नियत दिनांक को समयानुसार 05 दिन पहले डिफाल्टर होने वाली समस्त शिकायतों का निस्तारण करते/कराते हुये उक्त बैठक में समस्त सूचनाओं सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

## ईवीएम-वीवी पैट वेयर हाउस का अवष्य निरीक्षण करें

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोजाबाद की सूचनानुसार जनपदों में स्थापित ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का मासिक/त्रैमासिक निरीक्षण कर सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय, फिरोजाबाद में स्थापित ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का माह फरवरी, 2025 का मासिक निरीक्षण जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा 27-02-2025 को प्रातः 11.30 बजे किया जायेगा। अतः आप ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस के माह फरवरी, 2025 के मासिक निरीक्षण के दौरान निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा सूचना भी भिजवायें।

## प्रत्येक माह में हो जिला स्तरीय समिति की बैठक

**फिरोजाबाद।** जिला आबकारी अधिकारी की सूचनानुसार जनपद में जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रत्येक माह बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेटि/जिलाधिकारी फिरोजाबाद की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सदस्य संयोजक की उपस्थिति में उपरोक्त जिला स्तरीय अधिकारियों, के साथ नाह जनवरी 2025 की नशीली दवाओं के सेवन/नशे के विरूद्ध अभियान नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन सेन्टर ;छब्व्त्क्द्ध सम्बन्धी बैतक कलेक्ट्रेट सभागार में 25.02.2025 को समय 05:00 बजे अपरान्ह में आयोजित की गयी है। बैठक में उक्त के सम्बन्ध में अपने-अपने विभाग द्वारा कृत कार्यवाहियों की सूचना/फोटोग्राफ सहित बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## नारायण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया

**शिकोहाबाद।** दाऊ दयाल पीजी कॉलेज फिरोजाबाद द्वारा श्री दाऊ दयाल जी स्मृति अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें नारायण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की एक टीम ने प्रो कविता यादव एवं डॉ स्वीटी सिंह के नेतृत्व में प्रतिभाग किया।

# स्कूलों में आधारभूत संरचना मजबूत करें

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है, कि स्कूलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की संख्या बढ़े और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके, इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग लगातार इस बात का प्रयास कर रहा है कि स्कूलों का कायाकल्प हो, साथ ही साथ स्कूलों में आधारभूत संरचना मजबूत हो, जिससे बच्चे एक बेहतरीन माहौल में शिक्षा प्राप्त कर सकें, साथ ही उनके अंदर की छुपी हुई अन्य प्रतिभाओं को निकाल कर सामने लाया जा सके, जिलाधिकारी द्वारा इसके लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि हर विद्यालय प्रांगण में एक पुस्तकालय हो, खेल का मैदान हो, प्रयोगशालाएं हो जहां पर बचपन से ही उनकी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य हो सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे ने बताया कि जिलाधिकारी की मंशा के अनुरूप अब इस बात का प्रयास किया जा रहा है कि हर विद्यालय में पुस्तकालय, खेल का मैदान शीघ्र अति शीघ्र बनाए जाए, इसके अलावा विद्यालयों की पठन-पाठन और वहां पर मिल रहीं सुविधाओं की देखरेख और शिक्षा के स्तर को परखने हेतु जिला टास्क फोर्स व ब्लॉक टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें जिला टास्क फोर्स में 15 सदस्यीय जिला स्तरीय अधिकारियों को रखा गया है, जबकि ब्लॉक टास्क फोर्स में तहसील व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को रखा गया है, जो समय-समय पर जाकर विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को देखने का कार्य करते हैं, लेकिन ब्लॉक और जिला स्तरीय अधिकारियों को अभी तक जो स्कूल उनके लिए आवंटित किए गए हैं, उन्होने शत प्रतिशत निरीक्षण का कार्य नही किया है, खासकर ब्लॉक स्तर पर उप जिलाधिकारी, बीडीओ, एम ओ आई सी, ए डी ओ पंचायत, नायब तहसीलदार सीडीपीओ, सप्लाई इंस्पेक्टर, बी ई ओ इत्यादि ने स्कूलों के निरीक्षण के मानकों को पूरा नहीं किया है, जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि आप सब आवंटित स्कूलों के निरीक्षण के मानकों के अनुसार शीघ्र पूर्ण करें, अन्यथा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, साथ ही साथ इस समय अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया भी चल रही है, अपार आईडी से सभी विद्यार्थियों का डाटा प्राप्त हो सकेगा और इसमें जो फर्जीवाडा इत्यादि चलता था, इसके द्वारा रोक लगाई जा सकती है, जिलाधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है की अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया में शीथिलता न बरते, क्योंकि इसकी मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपार आईडी बनाने हेतु अपने विकासखंड के निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें, जिससे इस विशिष्ट कार्य को ससमय किया जा सके।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:—

**दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04613 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुवा, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 04611 | फाफामऊ जं. | 19:30 | फिरोज़पुर कैंट | 16:45 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बठिंडा जं., कोट कपूरा एवं फरीदकोट स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवादुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एंव ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाज़ीपुर सिटी, औड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी,उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर बिहार,बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 07708 | आजमगढ़ | 19:45 | मौला अलि | 07:30 | बनारस, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, मंचिर्याल, पेद्दापल्ली, काजीपेट जं., जनगांव एवं चार्लपल्ली स्टेशन |
| 05296 | झूँसी | 12:10 | दरभंगा जं. | 02:30 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन |
| 09140 | बलिया | 23:30 | विश्वामित्री | 10:05 | गाज़ीपुर सिटी, औड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी,उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं.,नगदा जं., रतलाम जं., दाहोद, एवं गोधरा स्टेशन |
| 05208 | झूँसी | 08:00 | बरौनी जं. | 21:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., अक्षयवट राय नगर, देसरी, महनार रोड, शाहपुर पटोरी, विद्यापति धाम एवं बछवारा जं. स्टेशन |
| 03417 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यु फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, एवं बनारस स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |

**दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुण्ड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | ज़फराबाद, मड़ियाहूँ, जंघई एवं फुलपूर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावाँ, रायबरेली, ऊँचाहार, परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर एवं लालगोपालगंज स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर, जगाधरी, अंबाला कैंट जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनंदपुर साहिब, नंगल डैम एवं ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वारा जं. स्टेशन |
| 04614 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 08254 | वाराणसी जं. | 10:50 | बिलासपुर जं. | 10:40 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., राजनांदगाव, दुर्ग एवं रायपुर जं. स्टेशन |
| 02275 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ जं. स्टेशन |
| 02422 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 07384 | वाराणसी जं. | 05:00 | हुबली जं. | 00:45 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर जं., पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, भुसावल जं., मनमाड जं., कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन, पुणे जं., सतारा, कराड, किर्लोस्कर वाडी, सांगली, मिराज जं., कुडची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकक रोड, बेलगावि, खानापुर, लोंडा जं., अलनावर जं. एवं धारवाड स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी | 13:00 | हल्द्वानी, लाल कुआँ जं., किच्छा, बहेडी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोलागोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05314 | कासगंज जं. | 19:50 | झूँसी | 17:45 | सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्ज़तनगर, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोलागोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवादुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एंव ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 07108 | बनारस | 17:30 | विजयवाड़ा जं. | 05:30 | वाराणसी जं., काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चंदौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं., डाल्टनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, तोरी, बरका काना, मुरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगड़, पार्वतीपुरम टाउन, बोब्बिलि जं., विजयानगरम जं., कोत्तवलसा, पेन्दुर्ति, दुव्वाडा, अनकापल्ली एलमंचिली, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमुंदरी, निडढ़वोलु जं., ताडेपल्लिगडेम एवं एलूरू स्टेशन |
| 04816 | पाटलिपुत्र | 04:30 | जोधपुर जं. | 13:40 | दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला जं., अलीगढ़ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट., गुड़गांव, रेवारी, महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू जं., सादुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, बड़ी खाटू, डेगाना जं., मेड़ता रोड जं. एवं गोटन स्टेशन |
| 03418 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यु फरक्का जं. स्टेशन |
| 03429 | मालदा टाउन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यु फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, एवं बनारस स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# छात्रों के हितों की अनदेखी कर रही है भाजपा: बागी

- N.S.U.I. प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासचिव का हुआ जनपद सोनभद्र आगमन
- सैकड़ों छात्रों ने गर्म जोसी से किया हिंदूआरी पर स्वागत
- नगर में जुलूस निकालकर छात्र नेताओं ने किया प्रभारी का गर्म जोशी से स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारतीय राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पांडे बागी, प्रदेश महासचिव अभिषेक शुक्ला व प्रदेश सचिव सौरभ द्विवेदी का जनपद सोनभद्र में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघटन के जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता के नेतृत्व में गर्म जोशी से स्वागत किया छात्रों ने नगर में जुलूस निकालते हुए छात्र नेताओं का नारा लगाते हुए अशोकनगर वार्ड नंबर 21 में बैठक किया , बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पांडे बागी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के अंदर कई कॉलेजों में छात्र संघ का चुनाव नहीं हो रहा है और छात्र नेता ही आगे चलकर राजनीति में आम जनमानस की आवाज उठाने का काम करते हैं यह सरकार सीधे रूप में आम लोगों की आवाज को दबाने का काम कर रही है जिसे हम सभी लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे हमारी यह मांग है कि प्रदेश के सारे कॉलेज में जल्द से जल्द समय पर चुनाव कराया जाए । वही प्रदेश महासचिव अभिषेक शुक्ला ने कहा कि कॉलेज से जो छात्र नेता बनकर आगे निकलते हैं वही सांसद/विधायक होते हैं क्योंकि वह जमीन से जुड़े हुए होते हैं तो हर व्यक्ति की पीड़ा को भी समझते हैं लेकिन सरकार शासन चुनाव बंद कर कर छात्र नेताओं के उपज कोई खत्म करने का काम कर रही है । प्रदेश सचिव गौरव द्विवेदी ने कहा कि सोनभद्र में भी दुद्धी और ओबरा डिग्री कॉलेज है वहां पर भी चुनाव इधर बंद है वहाँ भी चुनाव शुरू होना चाहिए साथ ही अन्य जो डिग्री कॉलेज है वहां भी छात्र संघ बहाल कर जल्द से जल्द चुनाव कराए जाने चाहिए। राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि N.S.U.I. शुरू से ही छात्रों के हित की बात करती है हम लोग लगातार छात्रों को जोड़ने का काम कर रहे हैं और मेंबरशिप के माध्यम से भी संगठन को मजबूत किया जा रहा है छात्रों के हितों को लेकर हर संभव लड़ाई लड़ने का काम हम करेगे , जल्द ही उच्च नेतृत्व से बात कर जल्द ही बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा । मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ( आशु ) ,कांग्रेस नेता मनोज मिश्रा, कांग्रेस नेता श्रीकांत मिश्रा, प्रदेश महासचिव N.S.U.I. सत्यम पांडेय, छात्र नेता सौम्य सोनकर, अफजल खान, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव दयाराम प्रजापति, सुशील भारती, रोहित , चंद्रमणि बियार, प्रदीप चौहान, शिवांशु गिरी, निगम कुमार, शिव कुमार, उत्कर्ष पांडेय, प्रियांशु पाठक, रिशु सिंह, उज्जवल पटेल, शुभम शर्मा ,शशांक शुक्ला ,विशेष कुमार, राज पांडेय, आकाश, अमन पाठक, दिव्यांशु ,राज तिवारी, सूर्यांश मिश्रा, परम श्रीवास्तव, प्रांजल शुक्ला ,करण सोनकर ,शौर्य सिंह, अंगद राव, अंश पटेल, अनुज सेठ, अर्पित पांडेय, धीरज कुमार, अक्षत गुप्ता ,प्रियांशु मद्धेशिया, आदर्श कनौजिया, आशीष बियार, अरविंद भारती रहे।

# अब साइकिल का जमाना हुआ खत्म प्रभारी मंत्री रविंद्र



- रावटसगंज नगर स्थित एक होटल परिसर में हुआ प्रेस कॉन्फ्रेंस
- बजट पर चर्चा कर गिनाई उपलब्धियां बताएं विकास ही विकास

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** रावटसगंज सिविल लाइन रोड स्थित एक होटल परिसर में शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल द्वारा बजट पर चर्चा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बनाई गई उपलब्धियां। प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि केंद्र व राज्य के जो बजट पेश हुए हैं उसमें आम जनमानस के हित सहित किसान नौजवान शिक्षा स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में विकास को लेकर सरकार द्वारा पेश किया गया है वही श्री जायसवाल ने बताया कि 9 लाख आउटसोर्स कर्मियों की सैलरी बढ़ाई अब साइकिल का जमाना गया स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए फ्री स्कूटी। सरकार ने युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने की योजना को जारी रखा है.. - प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध कराया जाएगा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत हर जिले में सरकारी कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे । इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा ,पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, डॉक्टर धर्मवीर तिवारी, रमेश मिश्रा ,अजीत चौबे सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला प्रभारी मंत्री ने सदर ब्लाक प्रमुख को किया सम्मानित



**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र पर आए जिला प्रभारी मंदिर रविंद्र जायसवाल द्वारा शनिवार को सदर ब्लाक प्रमुख अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत को दिल्ली विधानसभा क्षेत्र मंगोलपुरी में 33 साल बाद भाजपा प्रत्याशी को विगत तीन माह से लगातार प्रचार प्रसार कर जीत दिलाई जाने पर अंग वस्त्र एवं मालपान कर बधाई दिया गया वहीं जिला प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि यह जीत आम जनमानस आम जनता की है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने कम से कदम बढ़ाकर लोगों के बीच केंद्र और राज्य के कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए सभी उम्मीदवारों को विजई बनवाया सभी को हृदय से आभार। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा रमेश मिश्रा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### उमरे के सफर से वापस आने पर हाफिज़ कैफ का किया इस्तक़बाल



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** साबितगंज स्थित मस्जिद राइन के पेश इमाम हाफिज़ कैफ़ के उमरे के सफर से वापस आने पर इस्तक़बाल किया गया। इस मौके पर शायर रौनक इटावी, हाजी रईस अहमद चिश्ती, दिलशाद पहलवान चिश्ती , कासिम फारूकी आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख वैज्ञानिक प्रो.स्वदेश प्रकाश ने पशु नस्लों का अवलोकन किया



**इटावा, बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर प्रांगण में नवाचार से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन के अंतर्गत प्राचार्य प्रो.डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के विशेष आमंत्रण पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिक संस्थान अंधेरी वेस्ट मुंबई, महाराष्ट्र से प्रमुख वैज्ञानिक प्रो.स्वदेश प्रकाश का आगमन हुआ। कॉलेज परिवार की ओर से प्राचार्य प्रो.त्रिपाठी द्वारा अतिथि प्रो.स्वदेश प्रकाश का स्वागत अंग वस्त्र आदि प्रदान कर किया गया। अतिथि द्वारा कॉलेज परिवार के प्राध्यापकों सहित वेस्ट मैनेजमेंट साइट, जैव विविधता तालाब, भौतिक विज्ञान, जंतु विज्ञान आदि विभिन्न विभागों का भ्रमण किया गया, दुग्ध विज्ञान विभाग में भ्रमणकर विभिन्न उन्नत पशु नस्लों का अवलोकन किया गया। अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों के वृहद अवलोकन के पश्चात कॉलेज प्रांगण में सीप उत्पादन तथा मत्स्य बीज उत्पादन हेतु सरकारी प्रयासों से प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। भ्रमण में प्रो.महेश प्रसाद यादव, प्रो.महिपाल सिंह, प्रो प्रमोद कुमार राजपूत, डॉ आदित्य कुमार, डा प्रकाश दुबे, डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा एवं डॉ दिव्यांश पांडेय आदि कॉलेज परिवार के प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

### घर की लक्ष्मी हैं बेटियाँ कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण 24 को

**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम की विजयी छात्राओं का पुरस्कार 24 फरवरी को दोपहर दो बजे से सदर तहसील के सभागार में वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ ज्योति वर्मा ने बताया कि पुरस्कार वितरण इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी समिति के जनरल सेक्रेटरी/एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव करेंगे। यह कार्यक्रम गत 25 दिसम्बर को इटावा महोत्सव पंडाल में आयोजित हुआ था। संयोजक ने प्रतिभागी स्कूलों के प्रधानाचार्यों से अपने शिक्षकों के साथ विजयी छात्राओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में समय पर भेजने की अपील की है।

### आमजन की सुविधा के लिए बनाया गया लाखों रुपये की लागत का शौचालय ताले में बंद




**मौदहा हमीरपुर।** बाजार आने वाले लोगों की सुविधाओं को देखते हुए लाखो रुपये की लागत से बना शौचालय नगरपालिका के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ताले में बंद रहता है। बाहर से बाजार आने वाले महिला पुरुषों तथा व्यापारियों की सुविधाओं को देखते हुए नगरपालिका द्वारा काठी पीरबाबा सब्जी मंडी में एक शौचालय का निर्माण कराया गया था जिसकी साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था के लिए नगरपालिका द्वारा शिफ्टवार सफाई कर्मचारियों की तैनाती भी की गई थी लेकिन बीते कुछ समय से उक्त शौचालय ताले में सुरक्षित नजर आ रहा है और आमजन को शौच या मूत्रविसर्जन के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है हालांकि उसी के सामने नगरपालिका द्वारा एक ग्रीन शौचालय भी बनाया गया है जिसे भी नगरपालिका द्वारा ताले में सुरक्षित रखा जा रहा है।इस सम्बंध में अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने बताया कि सब्जी मंडी के शौचालय की स्थिति अच्छी नहीं है इसलिए उसका टेंडर कराया जाएगा बाकी सारे शौचालय चौबीस घंटे खुले रहते हैं, यहां शोचनीय बात यह है कि नगरपालिका द्वारा बनाए गए शौचालय की एक दशक के भीतर स्थिति अच्छी नहीं होना घटिया निर्माण की पोल खोलने के लिए काफी है।

## खनिज विभाग का अवैध खनन पर चाबुक, 16 ट्रकों से वसूली भारी जुर्माना

**हमीरपुर।** मौरंग-गिट्टी से लोड वाहनों के विरुद्ध बीती रात खनिज निरीक्षक की अगुवाई में विभागीय टीम ने राठ, महोबा और बांदा रूट पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने बगैर एमएम 11 मौरंग की निकासी करने में लगे 16 ओवर लोड ट्रकों को पकड़ा है। जिनके ऊपर मोटा जुर्माना ठोंका गया है। इस कार्रवाई से बिना एमएम 11 मौरंग निकासी करने वालों में हड़कंप मच गया। खनिज निरीक्षक पंकज कुमार ने बीती रात राठ, महोबा और बांदा रूट पर अलग-अलग समय पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान इन रूटों से बगैर एमएम 11 मौरंग निकासी कर रहे 16 ट्रक,डंपर को पकड़ा गया है। खनिज निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए वाहनों के ऊपर तीन लाख रुपए नकद और पांच लाख रुपए का ऑनलाइन चालान किया गया है। इस कार्रवाई से बगैर एमएम 11 ट्रक,डंपर की निकासी करने वालों में हड़कंप मच गया। सबसे ज्यादा ट्रक बांदा रूट पर पकड़े गए, जो कि बांदा जनपद की मौरंग खदानों से आ रहे थे। ट्रकों को संबंधित थानों में पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है।

# सुलेख में कविता ईशा काजल व अंजली रही अव्वल

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** ताखा परिषदीय विद्यालयों में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कविता, ईशा शर्मा, काजल, अंजली अपने अपने वर्गों में अव्वल रही। बीईओ सर्वेश कुमार के निर्देश के क्रम में प्रतियोगिताएं कराई गई। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं में लेखन कौशल को निखारने एवं उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 8 तक के छात्र छात्राएं शामिल हुए। कंपोजिट विद्यालय बकौली में प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर के नेतृत्व में प्रतियोगिता करायी गई। जिसमें प्राइमरी वर्ग में कविता कक्षा 5 प्रथम, शिव शर्मा कक्षा 4 द्वितीय, सलोनी कक्षा 4 तृतीय, जूनियर वर्ग में ईशा शर्मा कक्षा 6 प्रथम, कोमल कक्षा 6 द्वितीय, छाया कक्षा 8 तृतीय स्थान पर रही। ओमप्रकाश, प्रदीप चौहान, प्रदीप पाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कंपोजिट विद्यालय कुदरैल में प्रधानाध्यापिका दीप्ति तिवारी की देखरेख में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्राइमरी से कक्षा 5 की अंजली ने प्रथम व कक्षा 5 की छात्रा साक्षी द्वितीयऔर कक्षा 3 के ऋतिक तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर से काजल कक्षा 8 प्रथम आलिया कक्षा 8 द्वितीय कक्षा 7 की दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राहुल राजपूत ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर गीता दोहरे, अवनीश दुबे, दिनेश बाबू चौधरी, हरेंद्र कुमार, पुष्पा समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

# लैंप लाइटिंग, ओथ टेकिंग सेरेमनी का आयोजन

- साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में किया गया प्रोग्राम



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** शनिवार को साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज आफ नर्सिंग, सजौर, सोनभद्र के प्रांगड़ में लैंप लाइटिंग ओथ टेकिंग सेरेमनी –2025 का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी (IAS) तथा मेडिकल कॉलेज सोनभद्र के प्रधानाचार्य डॉ0 सुरेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। संस्थान की डॉयरेक्टर डॉ अनुपमा सिंह, डॉ0 वी0 सिंह व कॉलेज की प्रधानाचार्य डी0एल0एस0 अग्रहरी द्वारा लैंप लाइटिंग कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसमें 11 बैच ए नेम, 13 बैच जीऐनएम, 6 बैच बीएससी का शपथ दिलाया गया। तथा स्वास्थ विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, पत्रकार बंधु व काफ़ी संख्या में अभिभावकगण द्वारा लैंप लाइटिंग कार्यक्रम में भाग लिया गया। लैंप लाइटिंग कार्यक्रम में डॉक्टर डी0एल0एस0 अग्रहरि सुहासिनी प्रिंसिपल साई हॉस्पिटल एंड कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, सजौर, सोनभद्र द्वारा संपन्न कराया गया, और छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा यह संबोधित किया गया कि नर्स की भूमिका किसी की जान बचाने में बहुत महत्वपूर्ण होती है। आप सभी लोग अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी मेहनत व ईमानदारी से कर मरीजों की जान बचाने का कार्य करेंगी, के साथ साथ सभी नर्सिंग छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। सोनभद्र मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल ने सभी छात्र छात्राओं को भविष्य में ईमानदारी और मेहनत भाव से सेवा करने की प्रेरणा दी। कालेज की प्रिंसिपल डॉ. डी. एल.एस. आग्रहरी द्वारा छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाया गया।

नर्सिंग के छात्र छात्राओं द्वारा ईमानदारी, मेहनत व लगन से सेवा भावना से मरीजों की सेवा करने की शपथ दिलाई। डॉ. अनुपमा द्वारा कॉलेज की प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल सभी अध्यापकगण व सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# घटिया निर्माण रुकवाया, प्रधान ने पुलिस से की शिकायत



अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ग्राम पंचायत पारा रैपुरा में राज्य वित्त से बन रहे सीसी मार्ग को ग्रामीणों ने घटिया बताकर निर्माण ठप करा दिया। प्रधान ने पंचायत सहायक के साथ एक ग्राम पंचायत सदस्य पर आरोप लगाकर कार्य रोके जाने की शिकायत पुलिस से की है। ग्राम पंचायत पारा रैपुरा में सुलभ शौचालय से काली माता मंदिर तक राज्य वित्त से सीसी मार्ग बनवाया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए दोनों साइड एजिंग भी बना दी गई है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कराने का आरोप लगाकर एजिंग को क्षतिग्रस्त करके कार्य ठप करा दिया है। ग्राम प्रधान शिवदयाल प्रजापति ने पंचायत में तैनात पंचायत सहायक प्रदीप कुमार एवं ग्राम पंचायत सदस्य जगमोहन के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्य में अडंगा डालने का आरोप लगाया है। पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत सदस्य ने प्रधान के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि प्रधान मनमाने ढंग से कार्य करा रहा है। सामग्री मानक के अनुसार नहीं लगाई जा रही है। हमने सिर्फ मानक के अनुसार कार्य कराने की बात कही है। एजिंग तोड़ने का आरोप बेबुनियाद है। पुलिस ने प्रधान को जांच करके कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# एसएमजीआई के रोज़गार मेले में 212 छात्रों को मिली जॉब

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेट एंड टेक्नोलॉजी में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में बी0बी0ए, बी0सी0ए, एम0बी0ए0, फार्मेसी एवं नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 458 छात्र-छात्राओं ने साक्षात्कार में भाग लिया। जिसमें से कंपनी ने लगभग 359 छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार प्रक्रिया के लिये अवसर देते हुए 212 युवाओं को ग्रुप डिशकशन एवं साक्षात्कार के दो राउंड की चयन प्रक्रिया द्वारा चयनित किया गया। रोजगार मेले का प्रमुख उद्देश्य एस.एम.जी.आई के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कोर्स के शिक्षित शिक्षित युवाओं को उनके कौशल और योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। रोजगार मेले का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अजय तिवारी प्लेसमेंट सेल काउंसिल विश्वविद्यालय कानपुर तथा डॉ प्रशांत त्रिवेदी एवं एस.एम.जी.आई.के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव, निदेशक डॉ. उमा शंकर शर्मा, रजिस्ट्रार परविन्दर सिंह संधू, विभागाध्यक्षा नीतू सक्सेना एवं विनय चौबे की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवम मां सरस्वती की वंदना के उपरान्त अतिथियों के स्वागत, माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह को भेंट कर किया गया।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर से पधारे डॉ.अजय तिवारी ने छात्र-छात्राओं के लिए कम्युनिकेशन एवं पॉजिटिव एटीट्यूड के महत्व व कैरियर बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्लेसमेंट काउंसिल के सदस्य डॉ. प्रशांत त्रिवेदी ने बताया कि हमारे कुलपति की प्रेरणा से कानपुर विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध करने के लिए संकल्पित है। कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक एवं सीडीसी डायरेक्टर प्रोफेसर राजेश कुमार द्विवेदी के दिशा निर्देशन में आयोजित इस विशेष रोजगार मेले में मेटा (वाट्सअप), जस्टडायल, गूगलपे, डिस्पोज सेफ, एश्यूश्स्मॉल फाइनेंस बैंक एवं ऑल डिजी आदि दिग्गज कंपनियों के एच.आर.एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मेले के अंत में महाविद्यालय के निदेशक डॉ उमा शंकर शर्मा द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से आए हुए सभी विशिष्ट आगुंतकों एवं कंपनी के समस्त एच.आर.का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सी.एस. जे.एम.यू. विश्वविद्यालय प्लेसमेंटसेल से राहुल यादव एवं अभिषेक कुमार एवं महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता गणों के साथ-साथ सुनिता डुडेजा, सीमा तिवारी, सूर्य प्रकाश, संजय कश्यप निधिता सिंह, उदित जैन, अभिषेक मिश्रा, शिप्रा शर्मा, अभिषेक गौतम, कीर्ति शर्मा, बृजमोहन एवं अभिषेक गौतम उपस्थित रहे। एसएमजीआई इटावा के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, डॉ संदेश गुप्ता प्लेसमेंट डायरेक्टर छत्रपति शाहू जी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय कानपुर एवं सीडीसी डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार द्विवेदी ने चयनित हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ग्राम प्रधान की मौत की खबर सुन शोक में डूबे लोग

**मुस्कुरा हमीरपुर।** विकास खंड मुस्करा के ग्राम गहरौली प्रधान का लंबी बीमारी के चलते के निधन हो गया।शनिवार को अस्पताल से पार्थिव शरीर उनके निज निवास पर के पहुँचा जहाँ क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने उनकी अंतिम यात्रा में सहभागिता कर अंतिम विदाई दी। इस घटना से समूचे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गहरौली निवासी ग्राम प्रधान बीरेंद्र उर्फ बब्बू उम्र लगभग 86 वर्ष का आज लंबी बीमारी के चलते झांसी के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया।ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान कुछ माह से बीमार चल रहे थे जिनका उपचार झांसी के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था।जिनका बीती रात्रि निधन हो गया।पूर्वाह्न ग्राम प्रधान का शव निज निवास ग्राम गहरौली पहुँचा। जहाँ उनके पार्थिव शरीर को सैकड़ो क्षेत्र वासियों के मौजूदगी में अंतिम विदाई दी गयी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक प्रधान बीरेंद्र सिंह अपने सामाजिक कार्यो व गरीबो के मददगार के रूप में जाने जाते थे।वह सामाजिक दृष्टि से साफ स्वच्छ छवि व व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे।

# विधवा के मकान में दबंगों ने किया कब्जा

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के मोहल्ला तरौस में एक विधवा के मकान में दबंगों ने जबरन कब्जा कर लिया जिसके बाद विधवा न्याय के लिए अधिकारियों के दर दर भटक रही है। कस्बे के मोहल्ला पश्चिमी तरौस निवासी नसीम बानो पत्नी स्व.कबीर अहमद ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके स्वर्गीय पति कबीर अहमद ने जिन्नत पत्नी मुश्ताक अहमद से एक मकान लगभग डेढ़ दशक पहले खरीदा था जिसका बैनामा भी कराया था जिसमें जिन्नत सहित उसके सभी बालिग पुत्रों ने अपनी सहमति से हस्ताक्षर किए थे जिसके बाद उसके पति ने उक्त मकान को बनवा कर कृषि यंत्र रखने सहित अन्य कामों में प्रयोग करना शुरू कर दिया और नगरपालिका में भी दाखिल खारिज करवा लिया था जबकि पीड़िता अपने इकलौते पुत्र के साथ रोजगार के सिलसिले में अलीगढ में रह रही है इसी का लाभ उठाकर बीते साल तेरह मई को जिन्नत, रमजानी, सफात, सोनू सहित अन्य लोगों ने उक्त मकान का ताला तोड़कर गेहूं, सरसों, एसी, वाशिंग मशीन सहित अन्य कृषि उपकरण चोरी कर मकान में कब्जा कर लिया है और लगातार पीड़िता के इकलौते पुत्र को जान माल की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने अपने पुत्र की रक्षा सहित आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने और मकान से कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है। इस सम्बंध में नायब तहसीलदार ने कोतवाली प्रभारी को उक्त आरोपियों द्वारा ताला तोड़कर मकान कबजाने और लाखों रुपए का सामान चोरी करने के लिए तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है, वहीं उपजिलाधिकारी ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कार्यवाही और विपक्षियों से बातचीत की गई लेकिन विपक्षियों द्वारा कोई ठोस सुबूत नहीं दिया जा सका। जिससे यह लगता है कि विपक्षियों द्वारा जबरन मकान में कब्जा किया गया है कि रिपोर्ट भेजी है।

# पीस कमेटी की बैठक में शिवरात्रि पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाने की अपील

- आपत्तिजनक गाने बजाकर किसी की भावना आहत न करें : क्षेत्राधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** आगामी त्योहार महाशिवरात्रि को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने की,बैठक के बाद पुलिस ने समाजसेवियों को पुलिस मित्र का तमगा दिया। आगामी 26 फरवरी को मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण त्योहार महाशिवरात्रि को लेकर कस्बे की कोतवाली में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने संवाद स्थापित कर शिवरात्रि पर होने वाले विभिन्न आयोजनों और शोभायात्रा,भण्डारे की जानकारी ली।इस दौरान कस्बे सहित क्षेत्र के लगभग एक दर्जन स्थानों पर शिवमंदिरों में होने वाले जलाभिषेक, कुछ स्थानों पर होने वाले भण्डारे और कस्बे सहित खण्डेह गांव में निकलने वाली शोभायात्रा का रोडमैप तैयार किया। बताते चलें कि कस्बे के फत्तेपुर स्थित रामलीला मैदान और कांशीराम कालोनी मराठीपुरा स्थित त्रंयबकेश्वर मंदिर के साथ क्षेत्र के गांव खण्डेह में शोभायात्रा निकाली जाती है।जबकि पावर हाउस, और धर्मशाला के निकट होने वाले भण्डारे और फत्तेपुर में होने वाले भण्डारे के साथ ही पढोरी और बहम्रौली में आयोजित मेले और भण्डारे पर चर्चा की गई।वहीं कस्बे के आशीष सिंह ने शोभायात्रा में शराब सहित अन्य नशे की हालत में नहीं शामिल होने की बात कही जिसकी सभी ने सराहना की,जबकि कस्बे के हमीद सौदागर ने हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए विभिन्न स्थानों पर होने वाले भण्डारे के लिए पचास पचास डिब्बे पानी देने की बात कही।जबकि क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने सभी से समय और कानून व्यवस्था का पालन करते हुए हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाने की बात कही और कहा कि पुलिस आपकी सहायता के लिए है लेकिन आपको भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए।साथ ही डीजे पर भगवान के नाम पर आपत्तिजनक गाने बजाकर किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न करें यह जिम्मेदारी आयोजकों की है।

# पटरियों पर गड्ढे होने के कारण फंसते हैं वाहन

अवधानामा संवाददाता



**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के बांदा मार्ग में रेलवे क्रॉसिंग गेट संख्या 31 में पटरिया के मध्य सड़क खराब होने से आए दिन वाहन चालकों को समस्याओं से जूझना पड़ता है। शनिवार को ऐसा ही नजारा दोपहर में देखने को मिला। बांदा मार्ग से बालू लादकर आ रहा डंपर पटरिया में आते ही बंद हो गया। करीब 15 मिनट के जद्दोजेहद के बाद ट्रक चालू हो सका। इस पर चालक ने राहत की सांस ली।

कस्बे के बांदा मार्ग में बने रेलवे गेट संख्या 31 में पटरिया के मध्य तथा आगे पीछे सड़क की हालत बेहद जर्जर है। सड़क जर्जर होने से इस जगह पर आए दिन दुपहिया,तिपहिया व भारी वाहन चालकों को परेशानी से जूझना पड़ता है। शनिवार को दोपहर 2-20 बजे ऐसा ही नजारा देखने को मिला। बांदा की ओर से बालू लाद कर आ रहा डंपर रेलवे पटरी पर आते ही बंद हो गया। इससे चालक परेशान हो उठा। 15 मिनट के कड़ी मशक्कत के बाद चालक डंपर को चालू करके आगे बढ़ा सका। इस वजह से अन्य वाहन चालक भी परेशान रहा। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क बनाने का टेंडर हो गया है। जल्द ही पटरिया के मध्य एवं गेट के दोनों तरफ मरम्मत का कार्य शुरू करा कर सड़क को चकाचक बना दिया जाएगा। ट्रक के बंद होने में सूचना मिली थी। लेकिन वह थोड़ी देर में ही स्टार्ट होकर गुजर गया था। किसी तरह का रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ है।

# त्रिवेणी संगम में स्नान का सौभाग्य, कुम्भ नगरी में मिली दिव्य अनुभूति : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही



**महाकुम्भ नगर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर महाकुम्भ की आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की पुण्यभूमि पर आना और संगम में स्नान करना जीवन के श्रेष्ठ पुण्यों के उदय का परिणाम है।**

**मंत्री शाही ने कहा कि कुम्भ नगरी में प्रवेश करते ही एक अद्भुत दिव्यता का अहसास होता है। इस भूमि का कण-कण इतना पवित्र है कि यहां आते ही आत्मा तक शुद्ध हो जाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर आध्यात्मिक ऊर्जा से स्वयं को समृद्ध करें। उन्होंने महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि सरकार श्रद्धालुओं को सुगम और दिव्य अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।**

## महाशिवरात्रि के पहले भारी भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए तैयारियां तेज, ग्राउंड पर उतरे अधिकारी

महाकुम्भ में आखिरी स्नान पर्व को लेकर स्थानीय प्रशासन ने तेज की तैयारियां, वीकएंड व पीक डे पर भीड़ नियंत्रण के लिए प्लान तैयार



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ-2025 का दिव्य, भव्य आयोजन अब अपने आखिरी पड़ाव की ओर अग्रसर है। ऐसे में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व के पहले तीर्थराज प्रयागराज में स्नान करने की इच्छा से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में स्नानार्थियों का तांता प्रवेश कर रहा है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर आखिरी मुख्य स्नान पर्व से पूर्व वीकएंड व प्रमुख स्नान पर्व के पूर्व के दिनों में जुटने वाली अपार भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। रेलवे, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है। इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ग्राउंड जीरो पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

विधिवत प्लान के आधार पर हो रहा कार्य प्रयागराज के डीएम रवीन्द्र मांदड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम योगी के विजन अनुसार, रेलवे-एयरपोर्ट, रोडवेज के माध्यम से और दोपहिया-चौपहिया पार्किंग के माध्यम से आखिरी स्नान पर्व के पूर्व श्रद्धालुओं के आवागमन में वृद्धि हुई है। सीएम योगी का विजन था कि महाकुम्भ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश-दुनिया से आकर पुण्य की डुबकी लगाएंगे, ऐसे में इसको लेकर विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार किया गया था। महाकुम्भ में भारी भीड़ को देखते हुए विधिवत प्लान तैयार किया गया था जिसको धरातल पर उतारते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी यह यात्रा सुखद रहे इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तरीके के प्रयास किए जा रहे हैं।

## महाकुम्भ सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति, भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक : राज्यपाल आर.एन. रवि

अवधनामा ब्यूरो



**महाकुम्भनगर/लखनऊ।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने शनिवार को महाकुम्भ 2025 में पुण्य संगम में स्नान कर इस महापर्व का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि यह दिव्य और भव्य महाकुम्भ सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति है, जो भारत की अखंडता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक पर्व में अब तक लगभग 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सुदृढ़ करता है। राज्यपाल ने महाकुम्भ में भाग लेकर तमिलनाडु के भाई-बहनों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा इसकी सनातन संस्कृति में बसती है। यह महाकुम्भ उस अखंड सनातन परंपरा का प्रतीक है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है और हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों की याद दिलाती है। राज्यपाल ने कहा कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारत की गहराई से जुड़ी आध्यात्मिक चेतना को प्रकट करता है, जहाँ करोड़ों लोग एक ही लक्ष्य : आत्मिक शुद्धि और विश्व कल्याण : के लिए संगम तट पर एकत्र होते हैं।

## जन-जन तक पहुंचे कुम्भ अध्ययन कार्यक्रम : प्रो. संजय सिंह



महाकुम्भनगर के सेक्टर-7 स्थित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा जागरूकता शिविर में शनिवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने 'कुम्भ अध्ययन प्रमाण पत्र कार्यक्रम' की सराहना की। उन्होंने इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत्यकाम के प्रयासों की प्रशंसा की। शिविर पहुंचने पर नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने प्रो. संजय सिंह और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रो. सिंह को कुम्भ अध्ययन प्रमाण पत्र कार्यक्रम की विशेषताओं से अवगत कराया।

प्रो. संजय सिंह ने मुक्त विश्वविद्यालय के शिविर में आकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने पुराने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि 2002-2005 के दौरान, जब उनके पिता प्रो. डी.पी. सिंह इस विश्वविद्यालय के कुलपति थे, तब उन्हें गंगा किनारे इस शिविर में आने का अवसर मिला था। उन्होंने मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संगम क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के अवसर पर जब करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं, तो 'कुम्भ अध्ययन प्रमाण पत्र कार्यक्रम' को व्यापक सफलता मिलेगी। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को प्रवेश लेने की अपील की, जिससे वे कुम्भ के महत्व को समझ सकें।

प्रो. सिंह ने बताया कि सामाजिक जागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ, मुक्त विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करने को तत्पर है। उल्लेखनीय है कि प्रो. संजय सिंह पूर्व में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के

## गंगा जल में 50 गुना रोगाणुओं को मारकर सेकेंडों में उसका आरएनए हैक कर ले रहा बैक्टीरियोफेज

- प्रदूषण और हानिकारक बैक्टीरिया का समूल नाश कर खुद विलुप्त हो जाता है गंगा का सिक्योरिटी गार्ड
- नीदरलैंड की वेगेनिंगन यूनिवर्सिटी, राइस यूनिवर्सिटी, ह्यूस्टन अमेरिका, टोक्यो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल संग डॉ सोनकर ने किया काम



महाकुम्भ के दौरान अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। इसके बावजूद गंगा जल पूरी तरह से रोगाणुमुक्त है। गंगा नदी की अपनी अद्भुत स्व-शुद्धिकरण क्षमता इस खतरे को तुरंत टाल देती है। इसका रहस्य गंगा में पाए जाने वाले बैक्टीरियोफेज हैं। जो प्राकृतिक रूप से गंगा जल की सुरक्षा का कार्य करते हैं। ये अपनी संख्या से 50 गुना रोगाणुओं को मारकर उसका आरएनए तक बदल देते हैं। गंगा दुनिया की इकलौती मीठे जल वाली नदी है, जिसमें एक साथ इतने बैक्टीरिया मारने की अद्भुत ताकत है। मानवजनित सभी प्रदूषण को नष्ट करने के लिए इसमें 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम भी जिस वैज्ञानिक का लोहा मानते रहे, उन्हीं पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर ने महाकुम्भ में गंगा जल को लेकर अब सबसे बड़ा खुलासा किया है।

**मां गंगा का सिक्योरिटी गार्ड-** दुनिया के बड़े वैज्ञानिकों के अनुसार गंगा मैया की ताकत समुद्री जल के समान है। इसमें पाया जाने वाला बैक्टीरियोफेज प्रदूषण और हानिकारक बैक्टीरिया का समूल नाश कर खुद भी विलुप्त हो जाता है। गंगा जल में पाए जाने वाले रोगाणुओं का पल भर में ही संहार करने की अद्भुत क्षमता के कारण ही इसे मां गंगा का सिक्योरिटी गार्ड भी कहा जाता है। डॉ सोनकर ने पूरी दुनिया में कैंसर, डीएनए-बायोलॉजिकल जेनेटिक कोड, सेल बायलॉजी एंड ऑटोफैगी पर बड़े महत्वपूर्ण शोध किए हैं। यही नहीं नीदरलैंड की वेगेनिंगन यूनिवर्सिटी, राइस यूनिवर्सिटी, ह्यूस्टन अमेरिका, टोक्यो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के साथ डॉ सोनकर ने बहुत काम किया है।

**1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद-** पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर के अनुसार गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो विशेष रूप से हानिकारक बैक्टीरिया को पहचानकर उन्हें नष्ट कर देते हैं। ठीक वैसे ही जैसे सिक्योरिटी गार्ड अनधिकृत प्रवेश करने वाले को रोक देता है।

**50 गुना ताकतवर वायरस-** बैक्टीरियोफेज, बैक्टीरिया से 50 गुना छोटे होते हैं। लेकिन उनकी ताकत अद्भुत होती है। वे बैक्टीरिया के अंदर जाकर उनका आरएनए हैक कर लेते हैं। इसके बाद उन्हें खत्म कर देते हैं।

**स्नान के दौरान होती है विशेष प्रक्रिया-** महाकुम्भ के दौरान जब लाखों लोग गंगा में डुबकी लगाते हैं, तब शरीर से निकलने वाले रोगाणुओं को गंगा खतरा समझती है। तत्काल प्रभाव से बैक्टीरियोफेज सक्रिय हो जाते हैं।

**केवल हानिकारक बैक्टीरिया पर हमला, अच्छे जीवाणु सुरक्षित-** बैक्टीरियोफेज की खासियत यह है कि वे सिर्फ हानिकारक बैक्टीरिया को ही नष्ट करते हैं। बाकी सभी लाभकारी जीवाणुओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते।

**1100 प्रजातियों के बैक्टीरियोफेज करते हैं सफाई-** गंगा में पाए जाने वाले 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज विभिन्न प्रकार के रोगाणुओं को पहचानते हैं और उन्हें खत्म करते हैं। एक बैक्टीरियोफेज कुछ ही समय में 100-300 नए फेज उत्पन्न करता है।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण पर मंथन, वेब पोर्टल हुआ लॉन्च

- दिव्यांगजन के अधिकार और शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला, महाकुम्भ में आए देशभर के आयुक्त
- महाकुम्भ पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन
- विशेषज्ञों का संबोधन और दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण पर चर्चा



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ-2025 के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित 'दिव्य कुम्भ प्रदर्शनी' के अंतर्गत राज्य आयुक्तों के राष्ट्रीय सम्मेलन में दिव्यांग पोर्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में देशभर के राज्य आयुक्तों और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जहां दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, उनके अधिकारों और शिक्षा पर व्यापक चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल, मुख्य आयुक्त, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी सुगमता से उपलब्ध होगी। कार्यशाला के दौरान महाकुम्भ-2025 पर आधारित एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों की भागीदारी और उनके लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, सुभाष चंद शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की।

संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, राजीव शर्मा ने दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके सशक्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इस राष्ट्रीय कार्यशाला में दिव्यांगजनों की सामाजिक भागीदारी, शिक्षा और रोजगार को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह और जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला में ,ख्रख्रह, कानपुर और क्षेत्रीय पुनर्वास केंद्र, लखनऊ के विशेषज्ञों ने दिव्यांगजनों के लिए तकनीकी सहायता और पुनर्वास कार्यक्रमों की जानकारी दी। दिव्यांगता के आकलन और छ्द्वछ्ठ कार्ड जारी करने से संबंधित भारत सरकार की 12 मार्च 2024 और 16 अक्टूबर 2024 की अधिसूचनाओं को लागू करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर विशेष मंथन

कार्यशाला में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक ड्रॉपआउट रोकने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इसके तहत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को प्रभावी बनाने और दिव्यांग छात्रों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा हुई।

## महाकुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं की कार ने महिला को रौंदा, मौत



**जौनपुर।** महाकुंभ प्रयागराज से लौट रही दर्शनार्थियों की कार दवा लेने आई महिला को रौद दिया जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। श्रद्धालुओं के कार की टक्कर से दो कार और एक मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की वजह कार चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। महाकुंभ प्रयागराज से स्नान कर श्रद्धालुओं की कार आजमगढ़ जा रही थी।कार प्रतापगढ़ मार्ग गौरैयाडीह (सटवां)के पास पहुंची ही थी कि कार अनियंत्रित हो गई कार अनियंत्रित होते ही दवा लेने आई महिला गेना देवी (50) निवासी ग्राम पकड़ी को कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार अनियंत्रित होकर दो कार व मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद अफरातफरी और चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद लोगों ने देखा तो गेना देवी की मौत हो चुकी थी।स्थानीय लोगों ने कार सवार लोगों को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और और कार सवार लोगों को थाने ले आई।इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि हादसे में महिला की जान चली गई है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## महाकुंभ के आयोजन में रेलवे की रही अग्रणी भूमिका

- तीर्थयात्रियों ने 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का लिया लाभ
- रेलवे द्वारा 3.6 करोड़ श्रद्धालुओं को कुंभ एरिया में हैंडल किया गया
- 92 प्रतिशत ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमू श्रेणी की रहीं, जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हुई
- 50 प्रतिशत ट्रेनें उत्तर प्रदेश से शुरू हो के प्रयागराज एरिया को आयी

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली/लखनऊ।** आस्था के महासागर प्रयाग तीर्थ के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के विराट आयोजन में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वाह किया, लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निन्संदेह अग्रणी रही है। इस विशाल आयोजन में रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अनोखा रिकार्ड भी बना है। महाकुंभ अब समापन की ओर है। एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ किसी न किसी रूप में उठाया। दूसरे शब्दों में महाकुंभ के लिए जाने वाले करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या आसपास के प्रमुख शहरों तक पहुंचने के लिए ट्रेनों की ही मदद ली। इस बार प्रयागराज के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में रेलवे ने आगे बढ़कर भूमिका निभाई। यह बताने की जरूरत नहीं कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले अपने देश में रेलवे पर कितना दवाब है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही महाकुंभ के दौरान भीड़ बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया। इसके तहत किसी एक रूट, ट्रेन या बड़े स्टेशन पर दवाब को हटाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुरूप एक के बाद एक विशेष ट्रेनें चलाई गईं। यह आंकड़ा थोड़ा विस्मित भी करता है कि महाकुंभ की शुरुआत से लेकर अब तक 13,667 ट्रेनें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज और उसके अन्य स्टेशनों तक पहुंचीं। इनमें 3,468 विशेष ट्रेनों की शुरुआत कुंभ एरिया से की गई तथा 2008 विशेष ट्रेनें कुंभ एरिया में बाहर से आयी। बाक़ी 8,211 नियमित ट्रेनें थीं।

## यूनिटी पी0जी0 कॉलेज में आयोजित हुआ योगा शिविर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूनिटी पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन को योगा एवं नियमित फिटनेस के रूप में मनाया गया। प्रातः 09:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविरार्थी महाविद्यालय परिसर में एकत्र हुए, तत्पश्चात् प्रातः वन्दन के उपरान्त 09:30 बजे से योगा शिविर प्रारम्भ हुआ, जिसमें महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा एवं योगा विषय की सहायक आचार्या, रोली सिन्हा ने शिविरार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का प्रशिक्षण दिया तथा प्राणयाम कराया। इसके उपरान्त रोली सिन्हा व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 ज्ञानेश कुमार धूरिया ने शिविरार्थियों को योगा एवं प्राणायाम से होने वाले लाभ से अवगत कराया और फिर शिविरार्थियों को खेलकूद की जानकारी देते हुए उनके मध्य खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया। अपराहन 01:00 से 02:00 के मध्य शिविरार्थियों ने भोजन ग्रहण किया। शिविर के द्वितीय सत्र में शिविरार्थियों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 ज्ञानेश कुमार धूरिया के नेतृत्व में पीर नगर, बरावन खुर्द में रैली निकाल कर लोगों को योगा और नियमित फिटनेस हेतु जानकारी दी, साथ ही दिनांक 24.02.2025 को होने वाले विधिक परामर्श शिविर से भी लोगों को अवगत कराया और उन्हें शिविर में आने का आमंत्रण दिया। योगा शिविर के समय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील धवन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 ज्ञानेश कुमार धूरिया व महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## ओबीसी छात्रावास का लोकार्पण

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के लिए नवनिर्मित पुरुष छात्रावास का लोकार्पण आज उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति शिवकुमार द्विवेदी, आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू और कुलसचिव यू.वी. किरण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए राजेश वर्मा ने कहा कि यह छात्रावास अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में समावेशी शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए इस तरह की आवासीय सुविधाएँ अत्यंत आवश्यक हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के वेब पोर्टल का शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक के सभागार में सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के प्रचार-प्रसार और गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत सहकारी संगठनों द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को डिजिटल रूप से जनता के समक्ष प्रस्तुत करने और मॉनिटर करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में जन भागीदारी भी करायी जा सकेगी। यह पोर्टल सहकारी गतिविधियों को प्रचारित करने, युवाओं से जुड़ने और सहकारिता आंदोलन की सशक्त उपस्थिति स्थापित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इसके माध्यम से सहकारी संगठनों को एक डिजिटल मंच मिलेगा, जिससे वे अपनी पहलों को व्यापक स्तर पर साझा कर सकेंगे। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के आयुक्त एवं निबंधक कार्यालय को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड करने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई, जिससे विभागीय कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता विभाग के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सहकारी संगठनों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## रनिंग कर्मचारियों के साथ रेलवे बोर्ड द्वारा सौतेला व्यवहार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन की केन्द्रीय कार्यकारणी के आहवान पर अखिल भारतीय स्तर पर देश के सभी रनिंग साथियों ने, 50 प्रतिशत DA के बढ़ोत्तरी के अनुरूप 25 प्रतिशत टी.ए की वृद्धि कर दी गयी परन्तु रनिंग कर्मचारियों के साथ रेलवे बोर्ड द्वारा सौतेला व्यवहार किया गया। बोर्ड के नियमानुसार DA की वृधि के उपरान्त 01.01.2024 से 25 प्रतिशत KMA की वृद्धि होना चाहिए जिसे प्रशासन ने अभी तक कोई आदेश जारी नहीं किया जिसके कारण रनिंग कर्मचारियों को मजबूर होकर 36 घण्टे का उपवास रहकर विरोध किया गया।

**रनिंग कर्मचारियों की मुख्य मांगे-**

1. 70 प्रतिशत किमी भत्ते को आयकर मुक्त किया जाये।
2. HPC की रिपोर्ट का पालन करते हुए लगातार दो रात्रि से अधिक डयूटी न लिया जाये।
3. MEMU/DMU में सिंगल मैन वर्किंग बंद किया जाये।
4. महिला रनिंग कर्मचारियों के लिए लोकों में शौचालय की सुविधा की जाय।
5. कैब में CVVRS लगाना बंद किया जाय।
6. ALP को एडिशनल एलाउन्स दिया जाय।
7. NPS/UPS रद्द कर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाय।
8. संरक्षित/सुरक्षित रेल संचालन के लिए सभी लोको मोटिव में टूल बाक्स तथा स्वस्थ सभी लोकोमोटिव में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
9. रनिंग स्टाफ की डयूटि मेल/ए0 में 6 घण्टे व मालगाडी में 8 घंटे तक निर्धारित की जाय।
10. 36 घण्टे में रनिंग स्टाफ को मुख्यालय वापसी किया जाय।

उपरोक्त सभी मांग AILRSA की सवैधानिक, न्यायिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से रनिंग कर्मचारियों के लिए नितान्त आवश्यक है। रनिंग कर्मचारी डयूटी पर रेलवे के द्वारा मूलभूत सुविधाए नहीं देने से लोको पायलट मानसिक रूप से परेशान एवं शारीरिक रूप से बीमार हो जाते है। रनिंग कर्मचारी संगठन के माध्यम से अपने हक व अधिकार की लडाई लड़ते हुए दिनांक 20.02.2025 08.00 बजे से लगातार भूखे रहकर डयूटी कर रहे है। धरनास्थल पर उपस्थित रहे। रनिग कर्मचारी संजय सिंह, डी. पी सिंह, ओबीसी एसोसिएशन पूर्वांतर रेलवे के मनोनीत मंडल अध्यक्ष अमन यादव,सत्येन्द्र कुमार, प्रफुल्ल कुमार सिंह, निशान्त कुमार, राधवेन्द्र सिंह, एम.पी चौधरी, आनन्दी कुमार, राम खेलावन, डी.पी सिंह, संजय सिंह, बी.के वर्मा, सुनील कुमार, अरविन्द कु0 मीना, एन.एल मीना, संजीव कुमार आशीष श्रीवास्तव, प्रदीप यादव, एस.के पाण्डेय, हरिकेश, युधिष्टिर मीना, सुरेन्द्र कुमार, राहुल मीना इत्यादि उपस्थित थे।

## निशान यात्रा मे आज निकलेगी 700 मीटर लम्बी ध्वजा

**लखनऊ।** श्याम भक्तों द्वारा राजधानी में पहली बार 2121 फिट लगभग 700 मीटर की निशान ध्वजा यात्रा 23 फरवरी रविवार को धूमधाम से निकाली जायेगी। श्री श्याम प्रेमी संघ द्वारा निकालने वाली विशाल ध्वजा यात्रा सेक्टर क्यू अलीगंज स्थित श्री बाला जी मंदिर से प्रातः 10 बजे शुरु होगी। श्याम भक्त विकास गुप्ता ने बताया कि यात्रा से पहले राजेन्द्र कुमार पाण्डेय गुरुजी द्वारा मन्दिर में निशान की पूजा अर्चना होगी। उसके बाद विधायक डा. नीरज बोरा भव्य निशान यात्रा का शुभारम्भ करेंगे। उसके बाद यात्रा बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मन्दिर के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ में पहली बार 2121 फिट लगभग 700 मीटर की लम्बी ध्वजा और उसके साथ 1500 ध्वजा श्री श्याम मंदिर में बाबा को अर्पित की जाएगी।